भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी 11:33 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 206, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



हैरिस ने कई मुद्दों पर दी ट्रंप को चुनौती 14
देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण 13

## आयुष्मान: 70 साल से ऊपर सभी नागरिकों को मिलेगा बीमा कवर

नई दिल्ली, एजेंसी

**केंद्र सरकार का बड़ा फैसला**

केंद्र सरकार ने 70 साल या इससे ज्यादा की उम्र के हर वर्ग के लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।


बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 70 और इससे अधिक आयु के बुजुर्ग लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। इस आशय की घोषणा कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ने की थी। जिन परिवारों में बुजुर्ग सदस्य होंगे, उनके लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा की राशि 10 लाख रुपये होगी। अतिरिक्त राशि केवल बुजुर्ग लोगों के लिए नियत होगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा होती है।

**छह करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग होंगे लाभान्वित :** सरकार के इस फैसले से 4.50 करोड़ परिवारों के छह करोड़ बुजुर्ग लोगों को लाभ मिलेगा। फिलहाल आयुष्मान भारत योजना में 12.30 करोड़ परिवार शामिल हैं। वैष्णव ने बताया कि इस स्वीकृति के साथ 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान भारत का लाभ उठाने के पात्र होंगे। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, आयुष्मान भारत के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

## देश को तोड़ने वालों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत

### गृहमंत्री अमित शाह ने आरक्षण संबंधी टिप्पणी के लिए नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विदेशी धरती पर दिए बयानों को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहरा किया और कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल और कांग्रेस पार्टी की आदत बन गई है।

अमित शाह ने कहा कि देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत-सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल ने हमेशा देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कहकर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

**संविधान कायम रखने की बात राष्ट्र विरोधी कैसे: कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी को लेकर अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि संविधान को कायम रखने की बात करना राष्ट्र विरोधी कैसे है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह सवाल भी किया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाकर भारत और भारतीय नागरिकों के खिलाफ भयावह टिप्पणियां करते हैं, तो क्या वह राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं? भारत संबंधी विवादास्पद रुख के लिए चर्चित डेमोक्रेट इल्हान उमर से गांधी की मुलाकात को लेकर उनकी आलोचना किए जाने पर कांग्रेस ने कहा कि भाजपा (केंद्र) सरकार में है, इसलिए वह अमेरिकी राजदूत को तलब करे और अगर उसे ऐसा कुछ लगता है तो कार्रवाई करे। खेड़ा ने सवाल किया कि हम भारत के संविधान को कायम रखने की बात कर रहे हैं तो यह राष्ट्र-विरोधी कैसे है? ऐसा क्यों है कि जब भी हम संविधान को कायम रखने की बात करते हैं तो भाजपा को दिक्कत होती है? वे संविधान के इतने खिलाफ क्यों हैं?

## हमारा सपना दुनिया की हर डिवाइस में हो भारत में बनी चिप: प्रधानमंत्री

### यूपी के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी



सेमीकॉन इंडिया की एक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति शृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति शृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी, जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा कि यह भारत में मौजूद होने का सही समय है। आप सही समय पर सही जगह मौजूद हैं। आज का भारत दुनिया को यह भरोसा देता है कि जब हालात ठीक न हों तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं।

**आयात पर निर्भरता कम करने को 76000 करोड़ की योजना:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश घोषित हुआ है और प्रतिदिन लगभग सात करोड़ चिप के उत्पादन की योजना है। प्रधानमंत्री ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता बताते हुए कहा कि कहा कि यह छोटी-सी चिप भारत में अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े काम कर रही है।

**यूपी में आज निवेश के ढेर लगे हैं: मुख्यमंत्री**

सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार के आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि 2017 के पहले जहां उप्र. में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहीं आज यहां के बदले हुए वातावरण निवेश के ढेर लगे हैं। आज यूपी में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई राज्य में निवेश के लिए आना चाहता है। योगी ने कहा कि उप्र. को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के लिए बीते सात साल में सभी ने काफी मेहनत की है। आज हम निवेशकों की प्रत्येक समस्याओं का निश्चित समय में समाधान करते हैं। पहले भी सिंगल विंडो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया।

## गौरीकुंड-केदारनाथ में हेलमेट पहनकर होगी यात्रा

ब्यूरो, देहरादून

- केदारघाटी में डेंजर जोन पर पुख्ता होंगे सुरक्षा इंतजाम
- सीएम ने केदारघाटी के लिए जारी किए 30 करोड़ रुपये



केदारघाटी में भूस्खलन जोन में निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केदारघाटी में भूस्खलन का खतरा बरकरार है। सरकार ने अब पैदल यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्णय लिया है। गौरीकुंड-केदारनाथ मार्ग पर स्लाइडिंग एवं डेंजर जोन अब यात्रियों को हेलमेट पहनाकर पार जाएंगे। साथ ही ऐसे स्थानों पर सचेत करने को जानकारी देने को अनाउंसमेंट और अलर्ट लाइट्स का भी सहारा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में बेहतर सुरक्षा इंतजाम करने के लिए 30 करोड़ की धनराशि दी है।

केदारघाटी में भूस्खलन की घटना के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल कमिश्नर/ सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय, आपदा सचिव विनोद सुमन केदारनाथ यात्रा एवं आपदा संबंधित बैठक लेने बुधवार को केदार घाटी पहुंचे। शेरसी में इस बैठक में मानसून सीजन के बाद शुरू हुई दूसरे चरण की यात्रा एवं 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते हुई क्षति के बाद हुए पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा की गई। इसके बाद उन्होंने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र एवं पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार को इस वर्ष की शेष यात्रा काल के लिहाज से अनिवार्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।


कमिश्नर ने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में मास्क एवं हेलोजन लाईट लगवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा इस वर्ष भारी बारिश के चलते बार बार भूस्खलन हो रहा है। ऐसे में सावधानी बरतते हुए केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। आपदा सचिव विनोद सुमन ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा सुरक्षा के साथ सुचारू रखने के लिए मुख्यमंत्री लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। अब तक करीब 30 करोड़ रुपये मुआवजा एवं पुनर्थापना कार्यों के लिए मुख्यमंत्री स्वीकृत कर चुके हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि पैदल यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग, जंगलचट्टी, रामबाड़ा, भीमबली सहित अन्य डेंजर जोन में यात्रियों को अब सुरक्षा हेलमेट पहन कर यात्रा करवाई जाएगी।

यात्रा मार्ग पर शीघ्र ही अनाउंसमेंट सिस्टम एवं अलर्ट लाइट्स भी लगाई जाएंगी। जिससे मौसम, भूस्खलन सहित यात्रा संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी यात्रियों को समय पर उपलब्ध हो सकें।

## बदरीनाथ-केदारनाथ की पहाड़ियों पर बर्फबारी

ब्यूरो, देहरादून

- दोनों धाम की ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी



बदरीनाथ में ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी।

**अमृत विचार :** बदरीनाथ और केदारनाथ की ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ। इसी के साथ दोनों धाम में ठंड में इजाफा हो गया है।

ऊंचे पर्वतीय इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मंगलवार रात को हुई बारिश के बाद ऊंची चोटियों पर बर्फबारी भी हुई। बुधवार की सुबह बदरीनाथ-केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर मौसम का पहला हिमपात दिखाई दिया। ऊंची चोटियां बर्फबारी की वजह से चमचमा रही थीं। माणा क्षेत्र के पास भी बर्फबारी हुई है। राज्य में मानसून आखिरी चरण में है लेकिन पर्वतीय जिलों में लगातार हो रही बारिश से तबाही मची हुई है। मौसम विभाग ने 14 सितंबर तक पर्वतीय जिलों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। बारिश और ऊंची चोटियों पर हिमपात से दोनों धाम में ठंड एकाएक बढ़ गई है।

## दिल्ली में भूकंप से कांपी धरती, पाकिस्तान रहा केंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके अपराह्न 12.58 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र पाकिस्तान में इस्लामाबाद से 359 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में जमीन की सतह से 33 किलोमीटर की गहराई में था। एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले 29 अगस्त को 5.7 तीव्रता के भूकंप ने अफगानिस्तान को हिलाकर रख दिया था और भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान तक झटके महसूस किए गए थे।

## यौन अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय

### इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की रिपोर्ट में दावा- फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2023 में 94% मामलों का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी



**इस मामले में पश्चिम बंगाल सबसे पीछे**

महाराष्ट्र में 80 प्रतिशत और पंजाब 71 प्रतिशत समेत सबसे ज्यादा मामले निपटाए गए, जबकि पश्चिम बंगाल में सबसे कम 2 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो सका। रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम बंगाल में लक्ष्य के 123 फास्ट ट्रैक कोर्ट में से केवल तीन कोर्ट ही काम कर रही हैं। इसलिए यहां मामलों को निपटाने की दर कम रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में दुष्कर्म और पॉक्सो के 81,471 नए मामले दर्ज किए गए। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इनमें से 76,319 मामलों का निपटारा किया, जबकि फास्ट ट्रैक कोर्ट से विपरीत देश की अन्य अदालतों में दुष्कर्म और पॉक्सो के महज 10 प्रतिशत मामले ही निपटाए जा सके।

यौन शोषण से जुड़े अपराधों में तेजी से न्याय दिलाने के लिए शुरू किए गए फास्ट ट्रैक कोर्ट पीड़ितों की बड़ी मदद कर रहे हैं। यहां पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2022 में जहां 83 प्रतिशत और 2023 में 94 फीसदी मामलों का निपटारा किया गया, वहीं अन्य भारतीय अदालतें यौन शोषण से जुड़े अपराध के महज 10 फीसदी मामलों का निपटारा कर सकीं।

इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन एनजीओ की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिसः केस बैकलॉग को कम करने में फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की भूमिका में फास्ट ट्रैक कोर्ट की कार्रवाई का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में फास्ट ट्रैक कोर्ट के सकारात्मक प्रभाव को दिखाया गया है। साथ ही न्यायिक प्रणाली की चुनौती भी दिखाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 तक देश में 1023 निर्धारित अदालतों में से 410 विशिष्ट पॉक्सो अदालतों सहित कुल 755 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं। 2019 में फास्ट ट्रैक कोर्ट शुरू होने के बाद से दुष्कर्म और पॉक्सो के 4,16,638 मामले दर्ज किए गए। इनमें से कुल 2,14,463 यानी 52 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया गया। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि बैकलॉग खत्म करने के लिए अदालतों को हर तीन मिनट में एक मामले को हल करना होगा। ऐसा नहीं हुआ और ज्यादा फास्ट ट्रैक कोर्ट नहीं शुरू किए गए तो बैकलॉग से उबरना संभव नहीं होगा। रिपोर्ट में सरकार से शेष फास्ट ट्रैक कोर्ट को क्रियाशील बनाने और बैकलॉग को दूर करने के लिए 1,000 अतिरिक्त अदालतों की स्थापना की मांग की गई। कहा गया कि निर्भया फंड में प्रयोग नहीं हो सके 1700 करोड़ रुपये दो वर्ष तक नई अदालतों को चला सकते हैं। बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन रिभु ने कहा कि बैकलॉग को निपटाना बहुत जरूरी है।



**आज का मौसम**

धूप के साथ भारी बारिश होने की संभावना

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.55 | सूर्यास्त 18.21

## एक नजर

### जिले में आज बंद रहेंगे सरकारी व निजी स्कूल

**हल्द्वानी :** डीएम वंदना सिंह ने भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर गुरुवार को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में भारी बारिश, नदियों, नालों, गधेरों में तेज बहाव व आपदा का खतरा है। इसलिए कक्षा 1 से 12 तक सभी सरकारी व निजी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

### 19 नशीले इंजेक्शन के साथ स्कूटी सवार दबोचा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने नशे के लिए इस्तेमाल होने वाले 19 इंजेक्शन के साथ स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया है। स्कूटी बिना नंबर की थी। एएनटीएफ के एसआई रविन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम फायर स्टेशन रोड पर गश्त कर रही थी तभी हौंडा चौराहे से पहले एक युवक जंगल से बाहर निकलता दिखा। पुलिस को देख वह अपनी स्कूटी की ओर दौड़ा और तभी उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर स्कूटी से 19 इंजेक्शन मिले। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इंदिरानगर काबुल का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा निवासी रिजवान मियां उर्फ बाबू बताया।

### कंपनी पर तनख्वाह नहीं देने का आरोप

**हल्द्वानी :** मूलरूप से सेरा बंगापानी पिथौरागढ़ निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में पीलीकोठी में किराये पर रहता है। 25 जुलाई को ऊंचापुल मुखानी स्थित एक इंश्योरेंस कंपनी ने उसे फील्ड कर्मचारी के तौर पर नियुक्त किया था। उसे लोगों के बीच जाकर कूपन काटने का काम दिया गया। आठ अगस्त को शाखा प्रबंधक ने यह कहकर उसे नौकरी से निकाल दिया कि उसके पास बाइक नहीं है। मनोज ने 14 दिन की तनख्वाह मांगी तो पैसे खाते में डालने का भरोसा दिया। फिर शाखा प्रबंधक ने यह कहकर तनख्वाह देने से इंकार कर दिया कि उसका नियुक्ति पत्र उन्हें नहीं मिला है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# रिंग रोड के विरोध में आमरण अनशन शुरू

## ग्रामीणों ने लोनिवि पर लगाया खेत और घर बर्बाद करने का आरोप, आबादी क्षेत्र से रिंग रोड नहीं बनाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में बन रही रिंग रोड के विरोध में ग्रामीणों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। बुधवार से गन्ना सेंटर के पास रामलीला मैदान में ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठ पर गए हैं। ग्रामीणों की एक सूत्रीय मांग है कि रिंग रोड आबादी वाले स्थानों पर न बनाई जाए।

आमरण अनशन पर बैठे किसान मकान संघर्ष समिति के अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने कहा कि रिंग रोड को जंगल के किनारे से बनाना चाहिए। इसको आबादी वाले स्थानों से ले जाकर लोक निर्माण विभाग उनके खेत और घर बर्बाद करने पर तुला है। शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण सालों से यहां रह रहे हैं। अब मकान और खेत नहीं रहेंगे तो कहां जाएंगे। आयुष रावत, विशाल भोजक ने कहा कि वह रिंग रोड या विकास के विरोधी नहीं हैं। रिंग रोड बनाई जाए, लेकिन उसे पुरानी जगह पर बनाया जाए। पहले के प्रस्ताव में रिंग रोड की जद में कोई भी मकान नहीं आ रहा था। अब कई लोग ऐसे हैं जिनका पूरा मकान या पूरी जमीन ही रिंग रोड की जद में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक आनंदपुर, चांदनी चौक घुड़दौड़ा, हरिपुर जमन सिंह, हरिपुर लालमणि, चांदनी चौक भागीरथ, चांदनी चौक तिला आदि गांव के लोग रामलीला मैदान में विरोध में प्रदर्शन करते रहेंगे।



गन्ना सेंटर स्थित रामलीला मैदान में आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पुरानी जगह पर ही रिंग रोड का प्रस्ताव: ईई

**हल्द्वानी :** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि लोनिवि रिंग रोड को उसी जगह पर बना रहा है, जहां उसे बनाने की बात शुरू में कही गई थी। लोगों की आपत्तियों को सुनने के लिए विधायक बंशीधर भगत के साथ विभागीय अधिकारी जन सुनवाई करेंगे। गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे से ग्रामीणों की समस्या सुनी जाएगी। लामाचौड़ से जन सुनवाई शुरू होगी।

### संभावना तलाशने के चक्कर में बस गई सैकड़ों की आबादी

**हल्द्वानी :** रिंग रोड बनाने की योजना पर जब सात वर्ष पहले तत्कालीन सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने घोषणा की थी तब शुरू में लोनिवि को संभावनाएं तलाशने के लिए कहा गया था। लोनिवि ने लामाचौड़, कठघरिया, काठगोदाम आदि स्थानों से होते हुए रिंग रोड बनाने की संभावना पर सर्वे किया था। उस समय केवल संभावना तलाशने की बात कही गई थी। अब जब सात वर्ष बाद परियोजना को पूरा करने बात कही जा रही है, तब से अब तक पूर्व में चिन्हित की गई जगहों में से कई में आबादी बस गई है। दिक्कत इसी वजह से आ रही है।

### लोनिवि बनाएगा 16.73 किमी लंबी रिंग रोड

**हल्द्वानी :** रिंग रोड की लंबाई 51 किलोमीटर होगी। दो चरणों में एनएचआई और दो चरणों में लोनिवि कार्य करेगा। कुल 16.73 किलोमीटर पर लोनिवि कार्य करेगा और बाकी पर एनएचएआई। लोनिवि ने काठगोदाम से वाया कठघरिया होते हुए लामाचौड़ तक रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव विगत मार्च माह में शासन को भेज दिया है। यह सड़क 16.73 किलोमीटर लंबी है। इस सड़क पर 792.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लोनिवि ने शासन से जमीन अधिग्रहण के लिए बजट भी मांगा है। चार सेक्टरों में रिंग रोड बनाई जानी है। इसमें सेक्टर चार में लोनिवि ने काम शुरू कर दिया है। चिन्हीकरण शुरू ही हुआ कि विवाद शुरू हो गया। इसमें लामाचौड़, गन्ना सेंटर के पास के ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। लोनिवि के कार्यक्षेत्र में रिंग रोड निर्माण के लिए 23.05 हेक्टेयर वन भूमि व 23.82 हेक्टेयर कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा। यह रोड 25 मीटर चौड़ी होगी। कुल 819 पेड़ों का कटान होगा। वहीं 123 बिजली, 47 टेलीफोन के पोल शिफ्ट करने पड़ेंगे।

# हल्द्वानी में डेंगू ने पसारे पैर, दो और मरीज मिले

संवाददाता, हल्द्वानी



▶▶ **एसटीएच और बेस अस्पताल में चल रहा मरीजों का इलाज, अब तक तीन मामले मिले**

**अमृत विचार :** शहर और आसपास के क्षेत्रों में डेंगू मच्छर ने पैर पसार लिये हैं। लगातार दूसरे दिन बुधवार को डेंगू के दो नये मरीज मिले हैं। इनमें एक मरीज का डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) और दूसरे का बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है। हल्द्वानी में डेंगू के अब तक तीन मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा कई संदिग्ध डेंगू मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए भेजे गये हैं।

बेस अस्पताल में भर्ती एक मरीज में बीते मंगलवार को डेंगू की पुष्टि हुई थी, जबकि एक संदिग्ध मरीज का ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजा गया था। बुधवार को उक्त मरीज की एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं, अस्पताल में एक और डेंगू का संदिग्ध मरीज भर्ती हुआ है। इसकी एलाइजा रिपोर्ट गुरुवार को आयेगी। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि डेंगू मरीजों का उपचार चल रहा है। सभी की हालत ठीक है। इधर, एसटीएच में भर्ती एक संदिग्ध मरीज में भी डेंगू की पुष्टि हुई है। अस्पताल में डेंगू के छह और संदिग्ध मरीज भर्ती हैं। मेडिसन विभाग के डॉ. परमजीत सिंह ने बताया कि अस्पताल में 30 बेड और 10 आईसीयू बेड डेंगू मरीजों के लिए रिजर्व रखे गये हैं।

### इमरजेंसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

**हल्द्वानी :** नंदा अष्टमी पर अवकाश के चलते बुधवार को बेस अस्पताल में ओपीडी बंद रही। जिस कारण अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भारी भीड़ रही। यहां सबसे ज्यादा सर्दी, खांसी और जुकाम से पीड़ित मरीज पहुंचे। वहीं एसटीएच में आधे दिन तक ओपीडी खुली रहने से मरीजों को काफी राहत मिली। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि गुरुवार को ओपीडी खुलेगी।

# चरस के साथ ठेकेदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस ने तीन किलोग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेशे से ठेकेदार बताया जाता है। वह पहाड़ से चरस की खेप लाकर मैदानी इलाकों में सप्लाई करता था।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि आरोपी बेड़ीचुला मुक्तेश्वर (नैनीताल) निवासी 42 वर्षीय नंदन सिंह पुत्र भवान सिंह है। उसके पास से 3.014 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। बताया कि काठगोदाम पुलिस मंगलवार की रात खेड़ा तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी गौला पुल की ओर से एक कार आई। पुलिस को देख अचानक चालक ने कार में ब्रेक मारे और वापस मोड़कर भागने लगा। कुंवरपुर तिराहे की तरफ से अचानक एक ट्रक आने से कार चालक को ब्रेक लगाने पड़े और पुलिस ने उसे दबोच लिया। कार में शराब की आधी बोतल मिली। शक होने पर पुलिस ने तलाशी शुरू की तो कार की डिग्गी में स्टेपनी मिली। स्टेपनी को खोलने पर उसके अंदर चरस बरामद हुई। खोजबीन आगे बढ़ी और पुलिस ने कार के दरवाजे खुलवाए तो दरवाजे के अंदर से भी चरस बरामद हुई। कुल मिलाकर पुलिस को तीन किग्रा से अधिक चरस मिली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पेशे से ठेकेदार है और बरामद चरस देवीधुरा से ले आया था। पुलिस ने कार को सीज कर दिया और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।


चरस के साथ पकड़ा गया अभियुक्त। ● अमृत विचार

# ट्रेन में महिला के गले से लूटा मंगलसूत्र

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ट्रेन में एक महिला के गले से लुटेरों ने मंगलसूत्र तोड़ लिया और फरार हो गए। देहरादून पहुंच कर महिला ने जीआरपी थाने में शिकायत की, जहां से मामला जीआरपी थाना काठगोदाम को ट्रांसफर कर दिया गया। रेस कोर्स ऑफिसर्स कॉलोनी देहरादून निवासी गीताजंली मेहरा पत्नी विजय सिंह मेहरा ने तहरीर में लिखा कि वह पांच सितंबर को ट्रेन संख्या 14119 काठगोदाम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-वन में देहरादून की यात्रा कर रही थीं। सोमवार को ट्रेन लालकुआं से जैसे ही रवाना हुई तभी भीड़ से एक व्यक्ति ने खिड़की के अंदर हाथ डालकर उनके गले से मंगलसूत्र खींच लिया और फरार हो गया। जीआरपी थाना प्रभारी नरेश कोहली ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधवा से दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोपी नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का अध्यक्ष मुकेश बोरा अंडरग्राउंड है। काफी तलाश के बाद पुलिस उसके हल्द्वानी और धारी स्थित पैतृक आवास पहुंची। यहां पुलिस ने ढोल बजाकर मुनादी कराई और कुर्की का नोटिस चस्पा किया। मुकेश अब भी हाथ नहीं आया तो पुलिस उसके घर की कुर्की करेगी।

मुकेश बोरा पुत्र कुशल सिंह मूलरूप से च्यूरीगाढ़ धारी नैनीताल का रहने वाला है। वह हिम्मतपुर मल्ला में सरकारी स्कूल के पास पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। उसके खिलाफ एक सितंबर को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। यह आरोप एक विधवा ने लगाए और कहा कि नौकरी पक्की करने के नाम पर मुकेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। 164 के बयान में पीड़िता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया। मुकदमे में पॉक्सो की धारा बढ़ने से पहले ही मुकेश बोरा मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पहले उसकी तलाश में दो टीमें लगी थीं। सफलता नहीं मिली तो टीमों की संख्या चार और फिर सात कर दी गई। फिर भी अंडरग्राउंड हो चुके मुकेश का पता नहीं लगा और न ही उसके चालक कमल बेलवाल का कोई सुराग लगा। पीड़िता ने कमल पर धमकाने का आरोप लगाया है। मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत याचिका दो-दो न्यायालयों से खारिज हो चुकी है। जिसके बाद उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट से धारा 82 के तहत कुर्की का नोटिस जारी कराया और दो टीमें उसके पैतृक और हिम्मतपुर मल्ला स्थित आवास पहुंचीं। यहां पुलिस ने ढोल बजाकर मुनादी कराई और आवास पर नोटिस चस्पा किया। पुलिस को अभी तक उसकी दो संपत्ति का ही पता चला है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मुकेश बोरा के आवासों पर नोटिस चस्पा करा दिया गया है।


हिम्मतपुर तल्ला स्थित मुकेश बोरा के आवास पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर उसकी पत्नी से पूछताछ करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### अपने राजनीतिक गुरु की शरण में है मुकेश!

**हल्द्वानी :** मुकेश बोरा की राजनीतिक महत्वकांक्षा बहुत ऊंची थी। बहुत कम समय में उसने च्यूरीगाढ़ से हल्द्वानी और फिर देहरादून के राजनीतिक गलियारों में पहचान बनाई। दुग्ध संघ का अध्यक्ष रहते हुए वह विधायक के टिकट का भी दावा करता था, लेकिन उससे पहले इस मामले में फंस गया। सूत्रों के अनुसार मुकेश का एक राजनीतिक गुरु भी है और इसी गुरु के बूते उसने दुग्ध संघ की कुर्सी हासिल की। कहा जा रहा है कि मुकेश इसी राजनीतिक गुरु की शरण में है।

**कार्रवाई**

▶▶ **पुलिस ने हल्द्वानी के हिम्मतपुर तल्ला और धारी स्थित पैतृक आवास पहुंचकर कराई मुनादी**

### गिरफ्तारी पर रोक की कोशिश में जुटा

**हल्द्वानी :** पॉक्सो लगने के बाद मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत का रास्ता बंद हो चुका है। हालांकि मुकेश अग्रिम जमानत की फिराक में तब से था, जब उस पर सिर्फ दुष्कर्म और धमकाने का आरोप था, लेकिन पॉक्सो लगने और गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद अब यह रास्ता भी बंद हो चुका है। उसके पास अब एक ही रास्ता है कि वह कोर्ट से अरेस्ट स्टे ले आए और इसके लिए उसने अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

उसकी गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यदि वह हाथ नहीं आया तो उसकी संपत्ति की कुर्की कराई जाएगी। उसकी संपत्तियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर युवक का चेहरा पत्थर से कुचला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खाना खाकर रेलवे स्टेशन पर टहल रहे युवक पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। उसे पीटा और उसका चेहरा पत्थर से बुरी तरह कुचल डाला।

जीआरपी चौकी काशीपुर को दी तहरीर में रेलवे कॉलोनी वार्ड 6 केशवनगर बाजपुर निवासी मुन्नी देवी ने लिखा कि छह सितंबर की रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद उनके पति भीमसेन रेलवे स्टेशन पर घूमने गये थे। तभी केशवनगर का ही रहने वाला हिमांशु गुप्ता स्टेशन पहुंचा और भीमसेन को देखते ही गाली-गलौच व जाति सूचक शब्द बोलने शुरू कर दिए। विरोध किया तो हिमांशु ने पत्थर उठाकर उनके सिर व मुंह पर मारना शुरू कर दिया। रेलवे के अन्य कर्मचारी उन्हें बचाने दौड़े तो हिमांशु ने उन्हें चाकू दिखाकर डरा दिया। परिजन मौके पर पहुंचे और भीमसेन को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले गये। वहां से उन्हें निजी अस्पताल ले गये। जीआरपी थाना काठगोदाम में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लापरवाह दरोगाओं को लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुकदमों की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित जांचों को पूरा करें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसएसपी ने मुखानी थाने के विवेचकों का आदेश कक्ष (ओआर) लिया। उन्होंने विवेचकों की कार्यशैली की समीक्षा की। विवेचकों को निर्देशित किया कि वे लंबित मामलों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से निपटाएं। अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। कहा कि पंजीकृत मामले में निष्पक्ष विवेचना करें। वांछित अभियुक्तों की तलाश और गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मजबूत विवेचना करें। धोखाधड़ी के मामलों में ढिलाई न बरतें। सड़क दुर्घटना में मौके की वीडियो व फोटोग्राफी अवश्य करें। आदेश कक्ष में एसपी सिटी प्रकाश चंद, सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश कुमार मलिक, भवाली कोतवाल डीआर वर्मा, पंकज जोशी आदि मौजूद रहे।



मुखानी थाने का आदेश कक्ष लेते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

# न्यूक्लियर मेडिसन समेत स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में बनाए जाएंगे 19 विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान को स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के तौर पर विकसित करने के लिए कई कार्य होंगे। अस्पताल का उच्चीकरण होगा, जिसमें कई विभाग बनाये जाएंगे। साथ ही कई आधुनिक मशीनों की खरीद की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल में स्टाफ की भी संख्या बढ़ाई जाएगी।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने स्वामी राम कैंसर संस्थान में 44 हरे पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी है। अब अस्पताल स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के तौर पर विकसित किया जाएगा। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट बनाने के लिए अस्पताल में न्यूक्लियर मेडिसन विभाग बनाया जाएगा। न्यूक्लियर मेडिसिन, मेडिसिन की एक सुपर-स्पेशियलिटी शाखा है, जो आणविक स्तर पर विशिष्ट अंग के कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा पैथॉलोजी बॉयो कैमिस्ट्री, मेडिसिन ऑन्कोलॉजी जैसे विभाग भी होंगे।

पहले चरण में 10 विभाग बनाये जायेंगे। संस्थान में एक ब्लड बैंक के अलावा 120 बेड का वार्ड और आईसीयू बनाने की भी योजना है। तीमारदारों के ठहरने के लिए एक रैन बसेरा भी प्रस्तावित है। बिजली आपूर्ति, सुरक्षा से जुड़े इंतजाम भी योजना में शामिल किए गए हैं। यहां रेडियोलॉजी विभाग होगा, जहां सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड आदि हो सकेंगे। पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री की लैब भी होगी। इंस्टीट्यूट के लिए हाई एनर्जी लीनियर, सिटी सिमुलेटर, मशीन लिनियर एक्सिलेटर समेत रेडियोथेरेपी की आधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी। जब योजाना तैयार हुई तब इन मशीनों की कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई थी, जो अब बढ़ने की संभावना है।




### 103 करोड़ रुपये की परियोजना होगी महंगी

**हल्द्वानी :** करीब छह वर्ष पूर्व ब्रिज रोपवे टनल एंड अदर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (ब्रिडकुल) ने यह डीपीआर तैयार की थी। तब योजना में करीब 103 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान था। जो अब बढ़कर करीब 250 करोड़ रुपये तक हो सकता है। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. केसी पांडे ने बताया कि परियोजना के तहत दो चरणों में कार्य किया जाएगा।

**प्रकरण** | स्कूल में पांच साल की छात्रा के यौन शोषण का मामला, तीसरे दिन भी दर्ज नहीं हो सके छात्रा के बयान

# कोतवाली में तीसरे दिन भी हंगामा, कोतवाल का इस्तीफा मांगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** छात्रा से यौन शोषण के मामले में कोतवाली में तीसरे दिन भी जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित लोगों ने कोतवाली का घेराव कर धरना दिया। साथ ही नारेबाजी करते हुए कोतवाल के इस्तीफे की मांग की। भीड़ ने एक दिन पहले ही चेताया था कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी और छात्रा बयान दर्ज नहीं हुए तो वह कोतवाली में हंगामा करेंगे।

बीती नौ सितंबर को कोतवाली क्षेत्र में पांच साल की छात्रा से स्कूल में यौन शोषण का मामला सामने आया था। मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। सीडब्ल्यूसी और पुलिस की कई कोशिशों के बाद भी छात्रा कुछ नहीं बोली। मामले में सामने आई ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। मंगलवार को लोगों ने पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई और छात्रा के मजिस्ट्रेट के सामने 164 के बयान नहीं हुए तो वह बुधवार की दोपहर 12 बजे फिर कोतवाली घेरेंगे। बुधवार को एक टीम छात्रा के घर पहुंची और बंद कमरे में उससे बातचीत की कोशिश की। जिसके बाद छात्रा को कोर्ट ले जाया ले जाया गया, लेकिन अवकाश होने की वजह से कोर्ट बंद थी। जिसके चलते छात्रा के बयान दर्ज नहीं हो सके। इससे नाराज लोग बुधवार शाम फिर कोतवाली पहुंच गए। हंगामा बढ़ा तो अन्य चौकियों से फोर्स को बुलाना पड़ा। पुलिस अधिकारी लोगों को समझाने की कोशिश करते रहे। देर शाम तक लोग कोतवाल के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन पर आरोपी को बचाने का आरोप भी लगाया।


कोतवाली में आक्रोशित लोगों को समझाते बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी। ● अमृत विचार

### धमकी से नाराज लोगों ने कोतवाली में लगाए नारे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गणेश महोत्सव के तेज साउंड और रास्ता बंद होने से नाराज लोगों ने बुधवार शाम कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी की। कोतवाली पहुंची राजपुरा निवासी नीतू ने बताया कि गौला गेट शिव मंदिर के पास गणेश महोत्सव का आयोजन हो रहा है, लेकिन आयोजकों ने जिला प्रशासन से आयोजन की अनुमति नहीं ली है। आयोजकों ने कार्यक्रम के बहाने पूरी सड़क बाधित कर दी है। आयोजकों की इस तानाशाही के खिलाफ लोगों ने मंगलवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत की। जिसके बाद आयोजकों को राजपुरा चौकी में बुलाया गया, लेकिन चौकी में आयोजकों ने शिकायतकर्ताओं को ही जान से मारने की धमकी दे दी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि लोगों की शिकायत सुन ली गई है। आयोजकों को नियमानुसार आयोजन कराने के लिए कहा गया है।

## सार-संक्षेप


कलस्टर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित बच्चे। ● अमृत विचार

### ताइक्वांडो में चमके गुरुनानक स्कूल के बच्चे

**रामनगर :** गुरुनानक पब्लिक स्कूल बसई के बीस छात्र-छात्राओं के दल ने कलस्टर स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी अलग पहचान बनाई है। महिला वर्ग में सृष्टि गुसाई और पुरुष वर्ग में अजय मेहरा, मयंक रावत, धनमय कुमार, अब्दुल्ला जाफरी का मेरठ में आयोजित सीबीएसई ताइक्वांडो नार्थजॉन प्रतियोगिता में चयन हुआ है। बालक वर्ग की प्रतियोगिता रुद्र इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मेरठ में 12 से 16 सितम्बर तक होगी। चयनकर्ता में रामनगर ताइक्वांडो एकेडमी सचिव नितेश शर्मा (नेशनल रेफरी), नेशनल रेफरी समीर कुमार और देवेंद्र रहे। प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी, हरमिंदर सिंह, इकबाल सिंह, अवनीत सिंह कोहली, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, संजय नेगी, इंदर रावत, भुवन डंगवाल ने चयनित बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


रामनगर में मां के नाम पेड़ लगाते एनसीसी कैडेट। ● अमृत विचार

### एनसीसी कैडेट्स ने लगाया मां के नाम पेड़

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई ने पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने की। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया। प्रत्येक कैडेट को एक पेड़ मां के नाम लगाने की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई के एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने पर्यावरण सन्तुलन, जलवायु परिवर्तन तथा वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों की पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। यहां चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. योगेश चन्द्र, डॉ. पीसी पालीवाल, 24 यूके गर्ल्स बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती, डॉ. दीपक खाती, 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल से हवलदार कमल भाकुनी, सीनियर अन्डर ऑफिसर सक्षम चौहान व श्रेया रावत तथा समस्त कैडेट मौजूद रहे।

### 23 हजार उपनल कर्मियों को मिलेगा दुर्घटना बीमा


अनुबंध के बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व अन्य।

**हल्द्वानी/देहरादून :** उपनल कर्मचारियों को 50 लाख रुपये सड़क दुर्घटना बीमा मुआवजे का लाभ मिलेगा। इस बाबत उपनल का पंजाब नेशनल बैंक के साथ करार किया है। बुधवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के हाथीबड़कला स्थित आवास पर उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट व पंजाब नेशनल बैंक के जोनल हेड सच्चिदानंद दुबे ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एक वित्तीय वर्ष के अंतराल में कर्मचारियों को वेतन के अनुसार 40 से 100 चेक की सुविधा के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही वेतन अनुसार दो से पांच आरटीजीएस, एनईएफटी एवं डिमांड ड्राफ्ट की सुविधा निशुल्क दी जाएगी। इसके अलावा मकान, वाहन एवं व्यक्तिगत ऋण लेने पर बैंक के प्रोसेसिंग शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट एवं बोनांजा ऑफर में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य के 23 हजार उपनल कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। उपनल के परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने बताया कि कुमाऊं मंडल में लगभग छह हजार कर्मी विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। उन सभी को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# अपराधों के खिलाफ सड़कों पर उतरी महिलाएं

## महिला एकता मंच के बैनर तले सुंदरखाल में जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन, 29 को विशाल रैली की घोषणा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** देश में महिलाओं पर लगातार बढ़ रहे अपराधों व बलात्कार जैसी घटनाओं के खिलाफ महिला एकता मंच ने सुंदरखाल में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभा में महिलाओं पर बढ़ते अपराधों के खिलाफ 29 सितम्बर को रामनगर में विशाल रैली आयोजित करने की घोषणा की गई।

सभा को संबोधित करते हुए मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि आज हम लोग कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। छोटी बच्चियों के साथ भी बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं। समाज में माहौल इतना खराब हो गया है कि नाबालिग लड़के भी बलात्कार में लिप्त पाए जा रहे हैं। अगर हम लोग आवाज नहीं उठाएंगे तो ये घटनाएं और बढ़ती जाएंगी।

उन्होंने कहा कि देश में हर 15 मिनट में एक बलात्कार की घटना सामने आती है। हमारा देश आज महिलाओं के लिए दुनिया का सबसे असुरक्षित देश बनता जा रहा है। समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि इंटरनेट व फिल्मों के माध्यम से परोसी जा रही अश्लीलता व पोर्न का समाज पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। जिस कारण महिलाओं के साथ अपराध अपराध बढ़ रहे हैं। सरकार इस पर सख्ती से रोक लगाए तथा इसके खिलाफ कड़े कानून बनाए जाएं। कौशल्या ने कहा कि 2012 में निर्भया कांड के बाद देश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए। इसके बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध कम नहीं हुए।


रामनगर के सुंदरखाल में बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ जुलूस निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

▶▶ **महिला अपराधों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई**

उपपा नेता प्रभात ध्यानी ने कहा कि महिला अपराधों के मुद्दे पर राजनीतिक दल एक दूसरे को दोषी ठहराकर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। सत्तारूढ़ दल बीजेपी अपराधियों को बचाने में लगी है। सरस्वती जोशी ने कहा कि लैंगिक समानता को स्कूल-कॉलेजों में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर युवा पीढ़ी, सुरक्षा बलों व प्रशासन को औरतों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत है। गौरा देवी ने कहा कि कोई दिन ऐसा नहीं है जिस दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं नहीं होती है। उन्होंने कहा कि अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। छात्रा गुंजन ने कहा कि समूचा तंत्र मिलकर हमारे सपनों को कुचल रहा है। हम अपने भविष्य को लेकर हर वक्त चिंतित हैं। इस दौरान घनानंद शर्मा, सुनील कुमार, विनीता, प्रीति, प्रभात ध्यानी, केशव, मीरा देवी, मधुली देवी, दीपा देवी, आशा देवी, धना, तुलसी, मोहनी, कमलादेवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, कविता ज्योति, लक्ष्मी, पूजा, कविता, ममता आदि मौजूद रहीं।

### जेएनवी परिसर में दरारों से बढ़ा खतरा

**गरमपानी :** जवाहर नवोदय विद्यालय गंगरकोट (सुयालबाड़ी) परिसर में जगह-जगह चौड़ी होती दरारों से बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य पीसी उपाध्याय ने बताया कि शीघ्र भूगर्भीय सर्वे कराने व खतरा टालने को डीएम वंदना सिंह को पत्राचार किया जाएगा।

विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य कक्ष, कक्षा कक्ष, कार्यालय कक्ष समेत तमाम स्थानों पर दरारें गहरा गई हैं। इधर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, प्रकाश जोशी, गोपाल सिंह कनवाल, पंकज नेगी आदि ने जल्द विद्यालय व नौनिहालों के हित में ठोस उपाय करने की मांग उठाई है।

### पांच पशु गोशाला भेजे

**हल्द्वानी :** प्रशासन ने गौलापार में आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि एसडीएम परितोष वर्मा के निर्देशानुसार बुधवार को गौलापार के खेड़ा व कुंवरपुर क्षेत्र में आवारा पशुओं की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। पांच पशुओं को पकड़कर राजपुरा स्थित गोशाला पहुंचाया गया। यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहेगा।

## डीडीए में विवाद सुलझा नहीं, दो नए तल बना दिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लगभग 15 वर्ष पूर्व विनियमित क्षेत्र में जिस भवन का चालान किया गया था और उसका मामला विचाराधीन था, उसी भवन में दो तल बनाने का मामला सामने आया है। जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इस प्रकरण में जांच के आदेश दे दिए हैं।

पूर्व पार्षद हितेश पांडे निवासी रामलीला मोहल्ला ने जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव को शिकायती पत्र सौंप कर कहा कि वर्ष 2009 में स्व. मदन लाल साह ने भूतल में अवैध ढंग से एक व्यावसायिक भवन का निर्माण किया था। इस संबंध में एक वाद प्राधिकरण में लंबित है। तब विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता आरएल भारती ने जांच के बाद ध्वस्तीकरण की रिपोर्ट दी थी। मामला पिछले 15 वर्षों से लंबित है। इधर, उनके बेटे कनिष्क साह व देवेश साह ने अवैध ढंग से प्रथम व द्वितीय तल का भी निर्माण कर दिया। आरोप लगाया कि इस निर्माण को लेकर उन्होंने प्राधिकरण अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया। कनिष्क साह ने हस्तलिखित बयान दिए। जेई भारती की रिपोर्ट विरोधाभासी है, इसमें अधिकारियों को गुमराह करने का कार्य किया गया। उन्होंने भवन को सील करने और झूठे बयान देकर अधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में कनिष्क साह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उधर, इस प्रकरण में जांच शुरू कर दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट एवं जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेयी ने बताया कि यह प्रकरण 15 वर्ष पुराना है। जेई आरएल भारती ने इसकी जांच की थी, इसलिए यह जांच भारती को सौंपी गई है।

### सीएचसी को विशेषज्ञ चिकित्सकों का इंतजार

**गरमपानी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट सैकड़ों गांवों के मध्य में स्थित है। सूदूर गांवों से लोग बेहतर उपचार की उम्मीद के साथ यहां पहुंचते हैं पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को हायर सेंटर रेफर करने से ग्रामीण परेशान हो जाते हैं।

मजबूरी में हल्द्वानी, रामनगर, काशीपुर को रुख करना पड़ता है। सीएचसी में पिछले दस वर्षों से विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती न होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वर्षों से क्षेत्रवासी विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग उठा रहे हैं पर जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। नियमानुसार सीएचसी में चार विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती का प्रावधान है। जन प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण अस्पताल की उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. सतीश पंत के अनुसार उच्चाधिकारियों को समय-समय पर पत्राचार किया जा रहा है।

## 15 सितंबर से 10 प्रतिशत महंगा होगा माल वाहक वाहनों का भाड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवभूमि ट्रक ऑनर्स महासंघ की आपात बैठक में सर्वसम्मति से 10 प्रतिशत भाड़ा बढ़ाने पर सहमति बनी। जल्द ही नई भाड़ा सूची जारी की जाएगी।

बुधवार को बैठक में अध्यक्ष राकेश जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन की भांति सामान परिवहन का भी भाड़ा सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए। पिछले कई वर्षों से माल ढोने वाले वाहनों का भाड़ा नहीं बढ़ाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि लगातार महंगाई बढ़ रही है। कई बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ चुके हैं, खुदरा महंगाई उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। टोल शुल्क, बीमा, रोड टैक्स, चालक परिचालक वेतन, टायर-ट्यूब, बैट्री, ऑटो पार्ट्स, लेबर चार्ज लगभग सब कुछ महंगा हो गया है। ऐसे में भाड़ा नहीं बढ़ने से ट्रांसपोर्टर्स के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।


बैठक के दौरान नई भाड़ा सूची दिखाते महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बैठक में सर्वसम्मति से भाड़े में 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया। कुमाऊं प्रवक्ता हरजीत चड्ढा ने बताया कि गुरुवार को नई भाड़ा सूची जारी की जाएगी। हालांकि नया भाड़ा 15 सितंबर से लागू होगा। इसमें 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त होगा। इस दौरान अध्यक्ष भास्कर जोशी, दया किशन शर्मा, गिरीश मेलकानी, विक्रम बिष्ट, अनिल नेगी, राजेश न्योलिया, जगमोहन उप्रेती, हरीश जोशी, भूपाल सिंह दयाल, वीरेंद्र सिंह, हरीश मेहता, महेंद्र बिष्ट मौजूद रहे।

## शहीद वन कर्मचारी सदैव हमारे दिलों में रहेंगे: बडोला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वन महकमे की सेवा करते शहीद हुए वन कर्मियों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। वनों की सुरक्षा हो या फिर वन्यजीव हमले में मारे गए वन कर्मी हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। यह बात कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने सर्पदुली रेज अन्तर्गत धनगढ़ी वन परिसर में वन शहीद दिवस पर कही।

उन्होंने शहीद वन कर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी अमित कुमार ग्वासीकोट, सीएस वर्मा कालागढ़ टाइगर रिजर्व, वनक्षेत्राधिकारी मंदाल रेंज अजय सिंह रावत ने शहादत देने वाले वनकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके परिजनों को सम्मानित किया। निदेशक डॉ. बडोला ने शहीद हुए कर्मचारियों की जीवनी पर प्रकाश डाला। शहीद दिवस के कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर रामनगर वन परिसर में कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस दौरान हीरा सिंह मेहरा, जितेन्द्र सिंह नेगी उपराजिक, धर्मपाल सिंह नेगी, विनोद सिंह बिष्ट, प्रेमा बिष्ट, प्रताप सिंह, जगदीश आर्या मौजूद रहे।


शहीद वन कर्मियों के परिजनों को सम्मानित करटे डॉ. साकेत बडोला। ● अमृत विचार

### प्रदेश में मानसून की समयावधि में बदलाव की आशंका

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड में मानसून के आगमन और उसकी वापसी के समय अंतराल में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता है। इस पर अध्ययन चल रहा है।

प्रदेश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून का आगमन जून माह में औसतन 20 से 23 तारीख के दौरान होता है। 20 से 25 सितंबर तक उत्तराखंड से मानसून की वापसी हो जाती है। यह औसतन तारीख सालों के मानसून के व्यवहार के बाद मानी जातीं हैं। हालांकि विगत कुछ सालों से उत्तराखंड में मानसून औसत तारीख से देरी से आ रहा है और देरी से विदा हो रहा है। विदाई की बात करें तो अभी उत्तराखंड में मानसून अगले करीब तीन से चार सप्ताह तक और सक्रिय रह सकता है। अनुमान है कि मानसून अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में ही विदा होगा। साल 2022 और 2023 में भी मानसून अक्टूबर में ही विदा हुआ था। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले 10 साल में मानसून ने इस तरह का व्यवहार कई बार दिखाया है। पिछले तीन सालों से यह बदलाव लगातार देखने में आ रहा है।

### छात्र-छात्राओं को दी एल्बेंडाजोल दवा के बारे में जानकारी

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजोल दवा का वितरण किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन पांडे के निर्देशन में पीएचसी मोटाहल्दू की स्वास्थ्य अधिकारी मेघा गुरुरानी और गरिमा नैनवाल ने छात्रों को एल्बेंडाजोल दवा के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर डॉ. हेम चन्द्र पांडे, डॉ. मंजू जोशी, डॉ. पी. सागर, डॉ. इन्द्र मोहन पंत, डॉ. रीता दुर्गापाल, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. कमला पांडे समेत समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




**कवायद** जल संस्थान ने प्रदेश भर में चिन्हित किए 36 टैंकर, दूरी के अनुसार निर्धारित होगा शुल्क

## इस्तेमाल होंगे पुराने टैंकर, लाल टंकी से आयेगा शोधित जल


जल संस्थान का निष्प्रयोज्य टैंकर। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जल संस्थान अपने वर्षों पुराने टैंकरों को फिर से प्रयोग में लायेगा। गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए विभाग योजना बना रहा है। इसके तहत 15 वर्ष पुराने निष्प्रयोज्य टैंकरों की टंकिया काटकर ट्रैक्टरों के माध्यम से घरों तक सिंचाई, निर्माण और वॉशिंग सेंटरों में धुलाई के लिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जायेगी। विभाग की ओर से सभी शाखाओं से पुराने टैंकरों की सूची मांगी गई है।

प्रदेश में अब तक जल संस्थान ने विभिन्न शाखाओं में खड़े 36 टैंकर चिन्हित किए हैं। इन टैंकरों को शाखाओं से लाकर वर्कशॉप भेजा जाएगा। जहां इन्हें मॉडिफाई कर टंकियों में लाल रंग लगाकर प्रयोग करने के लिए तैयार किया जाएगा।

> शाखाओं से निष्प्रयोज्य टैंकरों की सूचना मांगी जा रही है। डिवीजन स्तर पर ही इनकी मरम्मत और ट्रैक्टरों का इंतजाम देखा जाएगा। जल्द ही एसटीपी से भी इसे लेकर वार्ता की जाएगी।
> – **डीके सिंह,** महाप्रबंधक देहरादून

जल संस्थान मुख्यालय ने प्रदेशभर में मौजूद सभी शाखाओं से निष्प्रयोज्य टैंकरों की सूची मांगी है। योजना के तहत एसटीपी प्लांट से शोधन से निकलने के बाद पानी को धुलाई और निर्माण के प्रयोग के लिए बांटा जाएगा। लोगों को इसके लिए शुल्क चुकाना होगा। विभाग दूरी के अनुसार प्रत्येक टैंकर का शुल्क निर्धारित करेगा।

## सार-संक्षेप

### पेंशनर्स ने 13 को प्रस्तावित गोष्ठी को लेकर की बैठक

**हल्द्वानी :** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की पेंशनर्स एक्टिव टीम की बैठक में 13 सितंबर को प्रस्तावित विचार गोष्ठी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। यह गोष्ठी एसएसपी की अध्यक्षता में होगी। बुधवार को अरुणोदय धर्मशाला में हुई बैठक में मुख्य संयोजक रमेश चन्द्र पांडे ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर दायित्व सौंपे। इस मौके पर राज्य व जनपद में बढ़ते अपराध व दुष्कर्म की घटनाओं पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि शहर में नगर निगम के पार्क नशेड़ियों एवं अराजक तत्वों के अड्डे बन गए हैं। वहीं, आवारा पशु जानलेवा बन गए हैं। एक्टिव टीम का विस्तार करते हुए 21 सदस्य बनाए गए। नए सदस्यों में एनसी जोशी, दिनेश चन्द्र पाठक, नवीन चन्द्र पन्त, नरेन्द्र चन्द्र जोशी, दया कृष्ण पन्त, महेश राम आर्या, जगदीश चंद्र आर्या, राकेश पांडे शामिल हैं। इस दौरान रमेश चन्द्र पांडे, लक्ष्मण सिंह गौनिया, लीलाधर पांडे, विजय तिवारी, भुवन चन्द्र पांडे, वीके मिश्रा, नेत्र प्रकाश गौड़, योगेन्द्र पांडे मौजूद रहे।



कार्यक्रम में नवमनोनीत महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### व्यापार मंडल के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष बनीं तनुजा

**हल्द्वानी :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष तनुजा जोशी को बनाया गया है। बुधवार को कुसुमखेड़ा स्थित एक होटल में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने तनुजा जोशी को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, मंजू दानू बिष्ट एवं कल्पना रावत को उपाध्यक्ष, दीप्ति चुफाल को महिला लीगल सेल की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, नगर कार्यकारिणी में सुरभि रस्तोगी उपसचिव, डॉ. अंकिता चांदना सचिव, रेनू डसीला उप सचिव, रेनू शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया है। शर्मा ने कहा कि जल्द ही महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्य कार्यकारिणी का विस्तार करेंगी। इस दौरान लाखन निगल्टिया, लता बोरा, शांति जीना, ऊषा कुमार, संजय त्यागी, अतुल गुप्ता, डिम्पल पांडे, परविंदर नागपाल, चंदन बिष्ट, भुवन भट्ट, भूपेश बिष्ट, बालम जोशी, अमित चौहान मौजूद रहे।

### संपत्ति विवाद में भाभी पर धारदार हथियार से हमला

**नैनीताल :** समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में चचेरे भाईयों में विवाद हो गया। इस बीच चचेरे देवर ने भाभी पर दराती से हमला कर दिया। घुग्घू सिगड़ी निवासी चंदन सिंह ने बताया कि उसका चचेरे भाईयों से जमीन व अन्य मामलों को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को उसकी चचेरे भाई के साथ कहासुनी हुई तो वह अन्य घर वालों को लेकर उसके घर में ही घुस गया। उसके साथ मारपीट करने के साथ ही 33 वर्षीय पत्नी पूजा देवी पर चचेरे भाई ने दराती से वार कर दिया। जिससे वह लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। सुबह उपचार के लिए पत्नी को बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पत्नी के सिर पर आठ टांके लगाए गए हैं। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामला राजस्व क्षेत्र का है, यदि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

### रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने टैक्सी चालक को पीटा

**नैनीताल :** सरिताताल क्षेत्र स्थित वाटरफॉल के समीप रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने टैक्सी चालक की पिटाई कर दी। टैक्सी चालक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शेरवुड निवासी पवन आर्या ने तहरीर में कहा कि बुधवार की दोपहर वह पर्यटकों को लेकर वुडलैंड वॉटरफॉल गया था। इस बीच वाहन के सामने एक युवक आ गया। किसी तरह उसने वाहन पर काबू पाकर दुर्घटना होने से बचाया। उसने युवक से देखकर चलने की बात कही तो पास में ही रेस्टोरेंट के भीतर से पांच-छह कर्मचारी और संचालक आ धमके। उन्होंने बिना कुछ सुने उसकी पिटाई कर दी। वाहन में सवार पर्यटकों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।



हल्द्वानी से अयोध्या व काशी विश्वनाथ यात्रा को रवाना होता जिपं सदस्यों का दल।

### जिला पंचायत सदस्यों का दल अयोध्या व काशी रवाना

**हल्द्वानी :** जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया के नेतृत्व में बुधवार को जिला पंचायत नैनीताल का 27 सदस्यीय दल छह दिवसीय अयोध्या धाम एवं बनारस काशी विश्वनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। तोलिया ने कहा पिछले पांच वर्षों से नैनीताल जिले के जिन जिला पंचायत सदस्यों के साथ वह काम कर रही हैं उनके साथ अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान श्री राम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों के सदस्यों की वजह से दूरस्थ गावों में भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट बनारस के विकास को देखने का भी अवसर मिलेगा। यात्रा में अनिल चनौतिया, पूजा अरोरा, गीता बिष्ट, कमलेश बिष्ट, किशोरी लाल, कमलेश चंदोला, अंकित शाह, प्रेम बल्लभ बृजवासी, आरती टम्टा, मीरा कुमारी, नन्दन सिंह, नेहा शामिल हैं।

### संजना को सीड फंडिंग के लिए मिलेंगे 75 हजार रुपये



**हल्द्वानी :** महिला महाविद्यालय की छात्रा संजना पडलिया को सीड फंडिंग के लिए 75 हजार रुपये मिलेंगे। देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत पिछले सत्र में आयोजित करवाए गए उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्रा संजना पडलिया का चयन हुआ है। योजना की नोडल अधिकारी डॉ. हिमानी ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र में उत्तराखंड राज्य में अवस्थित सभी महाविद्यालय में से महिला महाविद्यालय में सबसे ज्यादा तीन उद्यमिता विकास कार्यक्रम करवाए गए थे। इसमें महाविद्यालय से छह छात्राएं अपने यूनिक बिजनेस आइडिया के आधार पर प्रारंभिक लेवल के लिए चयनित हुई थीं। इसका पूरा श्रेय पूर्व प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित और पूर्व नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत और उनकी पूरी टीम को जाता है।



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### 15 से कालाढूंगी क्षेत्र में चलेगा सदस्यता अभियान

**हल्द्वानी :** भाजपा संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत कालाढूंगी के संयोजक तरुण बंसल ने बुधवार को विधायक बंशीधर भगत की अध्यक्षता में उनके ऊंचापुल स्थित आवास पर बैठक की और अभियान को लेकर रणनीति बनाई। बंसल ने विधायक भगत के साथ 15 सितंबर को मुखानी मंडल, 16 को बैलपड़ाव, 17 को कोटाबाग, 18 को बिठौरिया, 19 को लामाचौड़ और 20 को कालाढूंगी में बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, सुरेश गौड़, राजेंद्र नेगी, विक्रम जंतवाल, जोगा सिंह मेहरा, त्रिलोक निगल्टिया, प्रकाश पटवाल, विनोद वुडलाकोटी, हरीश मेहरा, गोपाल बुडलाकोटी, सुरेंद्र बोरा, दीपा ढौंडियाल, चंद्र प्रकाश, भुवन आर्या मौजूद रहे।



रेलवे बाजार से भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार




बरेली रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में गणेश महोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गणपति विसर्जन की शोभायात्रा

## शहर में गणेश महोत्सव की धूम, गायत्री मंदिर और सनातन धर्म सेवा समिति ने रानीबाग में किया प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में जगह-जगह गणेश महोत्सव की धूम मची है। बुधवार को पटेल चौक, रामलीला मैदान, शिव मंदिर समिति की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। वहीं गायत्री मंदिर समिति और सनातन धर्म सेवा समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकालकर भगवान गणेश की प्रतिमा का रानीबाग में विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा समता आश्रम गली रामपुर रोड और रेलवे बाजार से नैनीताल रोड होते हुए रानीबाग चित्रशिला घाट पहुंची। जहां ढोल नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ भक्तों ने बप्पा के जयकारे लगाए और प्रतिमाओं को गौला नदी में प्रवाहित किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म सेवा समिति के संस्थापक रामप्रसाद कश्यप, गोविंद बगड़वाल, हरीशंकर, सुशील कुमार मौजूद रहे। वहीं गायत्री मंदिर समिति से पुरोहित हरीश चंद्र जोशी, यजमान अरविंद कुमार अग्रवाल, नवीन जोशी, डौली जोशी, राजेश अग्रवाल, निखिल शर्मा, गोपाल बेलवाल, अध्यक्ष केके अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितिन जोशी मौजूद रहे।

इधर, प्राचीन शिव सेवा समिति की ओर से बुधवार को डांडिया डांस का आयोजन किया गया। जिसमें 14 दलों ने हिस्सा लिया। सुबह पंडित विवेक शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। संयोजक हरिमोहन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू ने बताया कि गुरुवार को भगवान खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। शाम चार बजे से धर्मपुरा से निशान यात्रा निकलेगी। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट और चौधरी समर पाल मुख्य अतिथि रहे। संचालन रूपेन्द्र नागर ने किया। यहां अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, नन्द किशोर जायसवाल, अमित आश्वनी, अशोक सिंधी, अन्नू अग्रवाल, शिव कपूर, राम रूप गुप्ता, मुरली मुलानी, दीपांशु शर्मा, रोहन राजपूत, हैप्पी अटवाल, पंकज गुंबर और पंकज मौर्या, प्रीती आर्या मौजूद रहे।

पटेल चौक स्थित पंडाल में पांचवें दिन पं. चंद्र शेखर जोशी ने सुबह पूजा-अर्चना कराई। देर सांय हुई भजन संध्या में बुलंदशहर से आये कलाकार लविन गुप्ता ने मनमोहक भजनों से समा बांधा। मुख्य अतिथि एसडीएम परितोष वर्मा रहे। यहां कमल बोरा, भोजराज वर्मा, संजय सिंह राजपूत, दिगंबर वर्मा, प्रेम बेलवाल मौजूद रहे। नवयुवक संघ की ओर से हिमालया फार्म में आयोजित गणेश महोत्सव में बुधवार को मशहूर हरियाणवी कलाकार हरजीत दीवाना और एलएवीएस म्यूजिकल ग्रुप ने सुंदना भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने मेरे जिगर का छल्ला और राधा रानी के भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की झांकी पर भी प्रस्तुतियां दी गई। यहां सुरेश पाल, अंकित अग्रवाल, हरीओम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मन्नू भुट्टयानी, मुकेश ढींगरा, जगमीत सिंह मिती और मुकेश सिंह गगन सेठी मौजूद रहे।

वैश्य महासभा की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में पांचवे दिन स्व. कांता देवी और पूरनमल अग्रवाल की स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। संयोजक अशोक वार्ष्णेय, सह संयोजक मनोज जायसवाल ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिये प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सब जूनियर ग्रुप में पीहू गौड़ प्रथम, अनिका गुप्ता द्वितीय, बुशंरा तृतीय तथा अमित कुमार, हिरण्या सागर, मैत्री पांडे, अनन्या, अवनी जोशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जूनियर ग्रुप में अनन्या अग्रवाल प्रथम, रोहित चौहान, द्वितीय, ओजस्वी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार निकिता बिष्ट, प्रतीक साहू, सुभांशु गुप्ता, चाहत साहू, हर्षिता भट्ट को मिला। सीनियर ग्रुप में प्रियंका करायत प्रथम, मानसी पाल द्वितीय, केसर जायसवाल तृतीय, सांत्वना पुरस्कार श्रद्धा देवल, इशिका राणा, यथार्थ माहेश्वरी, दीक्षा पंत और चंदन को दिया गया। निर्णायक अनीता शर्मा, प्रियंका जोशी रहीं।



समता आश्रम गली स्थित गायत्री मंदिर से विसर्जन के लिए भगवान गणेश की मूर्ति लेकर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रामनगर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मूर्ति विसर्जित करने गया युवक गौला में बहा

**हल्द्वानी :** रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर मूर्ति विसर्जित करने गया युवक गौला नदी में बह गया। जल पुलिस के जवान ने नदी में छलांग लगाकर युवक को बचाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बुधवार को रानीबाग स्थित गौला नदी में सैकड़ों श्रद्धालु गणेश मूर्ति विसर्जित करने पहुंचे थे। दोपहर एक बजे राजपुरा के लोग गौला नदी में मूर्ति विसर्जित करने गए। इन्हीं में एक युवक शराब के नशे में पहुंचा। मूर्ति विसर्जित करते समय युवक पानी के तेज बहाव की ओर चला गया और बह गया। युवक के बहते ही जल पुलिस के जवान की नजर पड़ गई। उन्होंने नदी में छलांग लगाकर युवक को बचाया।

### मूर्ति विसर्जन में उमड़ा आस्था का सैलाब

**रामनगर :** नगर में पांच दिनों से चल रहा गणेश महोत्सव का परायण मूर्ति विसर्जन यात्रा के साथ हो गया। यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पायते वाली रामलीला से शुरू हुई विसर्जन यात्रा रामनगर से गिरिजा मंदिर तक पहुंची। जहां कोसी नदी में गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया गया। यात्रा का मुख्य आकर्षण विश्व हिंदू परिषद, भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन रहा। वहीं बजरंगी नासिक ढोल दिल्ली वालों का ढोल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता दिखाई दिया। यात्रा में भक्त अबीर-गुलाल लगाकर गणपति बप्पा की मूर्ति विसर्जित करने पहुंचे। इस दौरान देवकी नंदन अग्रवाल, पवन जैन, शिवि अग्रवाल, पुनीत गोयल, अतुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, देवेश सिंघल, सुनील अग्रवाल, आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

# 84 बूथ संवेदनशील और 140 बूथ अतिसंवेदनशील

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निकाय चुनाव**

▶▶ **प्रशासन व नगर निगम ने निकाय चुनाव को लेकर शुरू की तैयारियां, बूथों का सर्वे पूरा**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने निकाय चुनाव के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन, नगर निगम, पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी वार्डों में सर्वे कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित किया है।

राज्य में नवंबर माह में निकाय चुनाव का बिगुल फुंक सकता है। ऐसे में नगर निगम व प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन ने पूर्व में मतदेय केंद्रों का सर्वे कर खस्ताहाल बूथों को चिन्हित किया था, जिन्हें अन्य स्कूलों में शिफ्ट किया गया था। इधर, प्रशासन, नगर निगम, पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी 60 वार्डों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथ चिन्हित किए हैं। सर्वे के बाद 30 मतदान केंद्र व 84 पोलिंग बूथ संवदेनशील चिन्हित हुए हैं। वहीं, 45 मतदान केंद्र और 140 पोलिंग बूथ अति संवेदनशील चिन्हित हुए हैं। इन बूथों में सुरक्षा के लिए ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें लगभग 14 वार्ड ऐसे हैं जो पूरी तरह सामान्य हैं। जबकि 46 वार्डों में कई बूथ अतिसंवेदनशील व संवदेनशील चिन्हित हुए हैं। इस तरह 21 मतदान केंद्र व 54 पोलिंग बूथ सामान्य हैं।

नगर मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग ऑफिसर एपी वाजपेयी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के मद्देनजर सामान्य, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित किया गया है। इनकी सूची संबंधित विभागों के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को भी सौंपी जाएगी।

# राधा अष्टमी पर कलाकारों ने बांधा समां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राधा अष्टमी के अवसर पर बुधवार को लटूरिया बाबा आश्रम स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। आश्रम में हवन पूजन के बाद दिन में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए। इस दौरान मंदिर समिति के आयोजक समिति अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि वृदांवन से आई टोली ने राधा-राधा कहते सब बाधा मिट जाए..., मन भूल मत जाइयो राधा रानी के चरण... जैसे भजन सुनाए। वहीं राधा रानी का जन्म अभिषेक और राधा-कृष्ण के विग्रह का सुदंर श्रृंगार किया गया। आश्रम और मंदिर को कार्यक्रम के दौरान पीले गुब्बारों से सजाया गया था। इस मौके पर राजीव अग्रवाल, विनय बिरमानी, राधेश्याम, विजय अग्रवाल और भोला केसरवानी मौजूद रहे।



हरि शरणम जन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भजनों पर झूमती महिलाएं। ● अमृत विचार

### हरि शरणम जन ने धूमधाम से मनाई राधाष्टमी

**हल्द्वानी :** हरि शरणम जन ने राधाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया। यहां सतीश कॉलोनी में राधाष्टमी पर उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक रामगोविंद दास भाईजी के निर्देशन में राधा का भव्य श्रृंगार कर मंडप बनाया गया था। जहां श्याम और राधा के भजन प्रस्तुत किए गए। राधा और श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। उत्सव का आयोजन प्रतिष्ठित व्यवसायी अंकुश जैन के सहयोग से किया गया।



लटूरिया बाबा आश्रम में भजनों का आनंद लेते भक्तजन। ● अमृत विचार

# वार्ड 60 में सीवर लाइन बिछाने पर अड़ंगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड 60 में आधी आबादी सीवर योजना से बाहर हो गई है। एडीबी के पुराने प्रस्ताव के तहत एसटीपी से दूरी और ग्रेविटी क्षेत्र से बाहर होने के कारण वार्ड में लाइन बिछाने को लेकर अड़ंगा लग गया है। एडीबी के अनुसार लाइन बिछाने से पहले पंपिंग स्टेशन का निर्माण किया जाना है। इसके बाद ही ग्रेविटी से बाहर के सीवर को एसटीपी तक पहुंचाया जा सकेगा। शहर में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट बोर्ड (यूयूएसडीए) की ओर से एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की मदद से 13 नए वार्डों में 560 करोड़ की लागत से 190 किमी. पेयजल लाइनों के साथ 52.4 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है। इसके तहत अनुबंधित कंपनी भुगान इंफ्राकोन ने शहर के नए वार्डों में कार्य भी शुरू कर दिया है] लेकिन नगर निगम का एक वार्ड 80 फीसदी सीवरेज योजना से बाहर हो गया है। एडीबी के तहत सभी नए वार्डों का सीवरेज गौलापार एसटीपी में जाना है। यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि वार्ड 48 से 60 तक सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य होना है, लेकिन वार्ड 60 का 80 फीसदी हिस्सा ग्रेविटी से बाहर का है। ऐसे में एसटीपी तक सीवर पहुंचाने के लिए पंपिग स्टेशन की आवश्यकता होगी। वर्तमान में पंपिंग स्टेशन के लिए जमीन नहीं मिलने के कारण वार्ड में मात्र 20 फीसदी ही कार्य हो सकेगा।

## नहीं रहे स्टोन क्रशर स्वामी मनोज सचदेवा

**रामनगर :** स्टोन क्रशर स्वामी मनोज सचदेवा का बीते दिवस आकस्मिक निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी, दो बच्चों एवं दो पोती-दो नाती सहित हंसता खेलता पूरा परिवार छोड़ गये। सचदेवा पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उन्होंने मंगलवार को घर में अंतिम सांस ली। उनके पुत्र ऋषि सचदेवा ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर नगर के कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने मुख्यमंत्री धामी से की मुलाकात



**हल्द्वानी :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और हल्द्वानी की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने मुख्यमंत्री धामी से हुई मुलाकात में स्वामी रामतीर्थ कैंसर इंस्टीट्यूट में वन विभाग से पेड़ों के कटान की अनुमति मिलने पर उनका आभार जताया। बिष्ट ने सीएम सिटी फॉरेस्ट, गौलापार में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय, जिले के मैदानी इलाकों में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक से निजात को गोशाला, दमुवाढूंगा भूमि के मालिकाना हक जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी हल्द्वानी के विकास को लेकर अत्यधिक गंभीर हैं। उन्होंने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। अगले दो-तीन माह में सिटी फॉरेस्ट का काम शुरू हो जाएगा। भूमि के मालिकाना हक को लेकर नियमानुसार प्रक्रिया के लिए कहा है।

## सार-संक्षेप



महाविद्यालय गेट पर प्रभारी प्राचार्य का पुतला दहन करते अभाविप के छात्र-छात्राएं।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य का फूंका पुतला

**खटीमा** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पुतला दहन किया और तत्काल कारवाई करने की मांग की। अभाविप के जिला संयोजक नीरज सिंह धामी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट पर प्रभारी प्राचार्य का पुतला दहन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभारी प्राचार्य पर पूर्व में क्रीड़ा प्रभारी रहते हुए कई आरोप हैं। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। पुतला दहन करने वालों में छात्रसंघ उपसचिव कशिश राणा, पूर्व कोषाध्यक्ष पंकज गिहार, दीपक, शरद, निखिल पांडे, प्रियांशु राणा, सागर, करन राणा, आकाश वर्मा आदि थे।



किच्छा कोतवाली का निरीक्षण करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

### एसएसपी ने किया किच्छा कोतवाली का निरीक्षण

**किच्छा** : नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने किच्छा कोतवाली परिसर एवं क्षेत्र का भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्य सार्वजनिक चौक पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार की देर रात्रि नए कप्तान मणिकांत मिश्रा ने किच्छा पहुंचकर पुलिस ड्यूटी एवं पुलिस व्यवस्थाओं को चेक किया। एसएसपी मिश्रा ने नगर के आदित्य चौक, दीनदयाल चौक, महाराणा प्रताप चौक पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का निरीक्षण किया। एसएसपी मिश्रा ने किच्छा कोतवाली पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अपराध तथा अपराधियों, अवैध नशा तस्करों से सख्ती से निपटने एवं धरपकड़ के लिए कार्यवाही तेज करने के सख्त निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में साफ सफाई, पुलिस व्यवस्था, कंप्यूटर कक्ष, बंदी ग्रह, शस्त्रागार, पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसर आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा संतुष्ट नजर आए। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीपीयू ने बिना नंबर प्लेट चल रहे वाहन किए सीज

**काशीपुर** : सीपीयू पुलिस ने बिना नंबर प्लेट चल रही बाइकों के खिलाफ अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत सीपीयू ने चेकिंग के दौरान 24 बाइकों को सीज करने की कार्रवाई की है। सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि बुधवार को बिना नंबर प्लेट के चलने वाली बाइकों के खिलाफ अभियान चलाया गया। काशीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान 24 बाइकों को बिना नंबर प्लेट पकड़ा गया। जिसके बाद सभी वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि बिना नंबर प्लेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव 9 अक्टूबर से

**बाजपुर** : बुधवार को न्यू पूर्वांचल महासभा की बैठक में छह दिवसीय सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव 9 से 13 अक्टूबर तक अनाज मंडी स्थित पं.गोविंद बल्लभ पंत पार्क में करवाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि 10 अक्टूबर की प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा चीनी मिल शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गेस्ट हाउस स्टेशन रोड, मेन रोड, भगत सिंह चौक, रामराज रोड से होते हुए अनाज मंडी पहुंचेगी। 11 अक्टूबर को हवन एवं 12 अक्टूबर को दोपहर में विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर कार्यकारिणी के कार्यवाहक पदाधिकारी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।



बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीराधा अष्टमी पर्व पर की पूजा-अर्चना

**बाजपुर** : श्रीराधा अष्टमी पर्व पर बुधवार की देर शाम नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से विशेष पूजा-अर्चना कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात सार्वजनिक विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पं.जितेंद्र कुमार शर्मा उर्फ सोनू, प्रेम सिंह यादव, महिपाल सिंह यादव, अनिल वाल्मिकी, विशाल कश्यप, चंद्रभान यादव, रेशम यादव, शशिकांत कौशिक, अभय यादव मौजूद रहे।

# औद्योगिक आस्थान सिडकुल में हो शांतिपूर्ण माहौल

## कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग मित्र की बैठक में डीएम ने दिए आदेश, सुविधाओं से सुसज्जित हो सिडकुल, समस्याएं हल हों

संवाददाता, रुद्रपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग मित्र की बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि औद्योगिक आस्थान सिडकुल में शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रशासन हरसंभव कोशिश करेगा। साथ ही कंपनी प्रबंधन भी हर सुविधाओं से सुसज्जित होकर उद्योगों का संचालन करें। ताकि सिडकुल का वातावरण शांतिपूर्ण बनाया जा सके।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग मित्र की बैठक में डीएम ने उद्योगों के विकास के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने आदेश दिया कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत रूचि के आधार पर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने लंबित उद्योगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी भी जताई। साथ ही आश्वासन दिया कि शासन स्तर पर लंबित मामलों का जल्द निदान कराया जाएगा। उन्होंने आरएम सिडकुल को निर्देश दिए कि सिडकुल इलाके में जर्जर सड़कों की हालत दुरुस्त करें।

सिडकुल पार्क सितारगंज फेज-2 में विद्युत आपूर्ति के लिए नए सब स्टेशन निर्माण में देरी और लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता यूपीआरएनएन को पत्र देने का आदेश भी दिया। बैठक में उद्यमियों द्वारा सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शौचालय आवंटन करने, सिडकुल सितारगंज में सड़क किनारे अवैध कब्जा कर छोटी-छोटी दुकानें बनाने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, एसएनए शिप्रा जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, एसीएमओ डॉ. डीपी सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नरेश गोस्वामी, जीएम उद्योग विपिन कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, निखिल शर्मा, आरएम सिडकुल कमल कफल्टिया, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, अशोक बंसल, एस ईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### ड्रेस में नहीं आने पर छात्रों को लौटाया घर

**काशीपुर:** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रशासन ने बिना ड्रेस में आने वाले छात्रों को घर लौटा दिया। राधेहरि पीजी कॉलेज में ड्रेस कोड को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। तीन अगस्त से महाविद्यालय में कक्षाएं शुरू हो गई हैं। तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ. महिपाल सिंह ने छात्रों को गणवेश बनाने के लिए एक महीने का समय दिया था। कुछ छात्र ड्रेस में आने लगे, लेकिन अधिकांश छात्र इसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे। बुधवार की सुबह दस बजे ही महाविद्यालय का अनुशास्ता मंडल गेट पर डट गया। उन्होंने बिना ड्रेस आने वाले विद्यार्थियों को गेट पर रोक दिया। इस बीच छात्रों ने उनके साथ बहस भी की लेकिन प्राध्यापकों ने छात्रों की एक न सुनी और उन्हें घर लौटा दिया गया। वहीं ड्रेस में आने वाले छात्र-छात्राओं का ताली बजाकर स्वागत किया। वहां पर चीफ प्रोक्टर डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. राघव झा, डॉ. रूचि कुलश्रेष्ठ, डॉ. आकाश मिश्रा, डॉ. स्नेहलता, डॉ. जानकी सुयाल आदि मौजूद रहे।

### रात के समय बाजार में घूमती मिली युवती

**बाजपुर:** रात के समय बाजार में अकेली घूमती मिली रुद्रपुर क्षेत्र की युवती को पुलिस कोतवाली ले आई। पूछताछ में पता चला कि वह अपनी सहेली के बर्थ-डे पार्टी में शामिल होने बाजपुर आई थी। पुलिस ने उसके परिजनों को कोतवाली बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया है।

रात्रि अधिकारी एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच बाजार में उन्हें एक युवती अकेली आती हुई दिखाई दी। चूंकि वर्तमान समय में महिलाओं से संबंधित मामले ज्यादा बढ़ रहे हैं पुलिस ने तुरंत वाहन रोकर युवती से इस तरह अकेले घूमने का कारण पूछा। इस पर उसने बताया कि वह रुद्रपुर क्षेत्र की रहने वाली है और बाजपुर में अपनी एक सहेली के बर्थ-डे में शामिल होने के लिए आई थी, जहां उसे कुछ देर हो गई है। इसके चलते पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से उसे अपने साथ कोतवाली ले आई और महिला पुलिस की निगरानी में रखा गया। साथ ही उसके परिजनों को सूचना दी गई। मां व अन्य परिजन कोतवाली पहुंच गए जिन्हें पुलिस ने युवती को इस तरह अकेले रात में नहीं जाने देने की हिदायत दी।

# महिलाओं ने की आरोपी पति और पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग



दिनेशपुर थाने गेट पर आरोपी पति- पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** बकाया रकम मांगने पर पड़ोसी पति- पत्नी द्वारा बीमार महिला से गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने के आरोप पर गुस्साईं महिलाएं थाने में आ धमकी। इस पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को पूर्व बीडीसी बुद्दों देवी के नेतृत्व में दर्जनभर महिलाएं थाने में आ धमकीं। उनका आरोप था कि मझरा आनंद सिंह चक्कीमोड़ निवासी गुड्डो देवी पत्नी बलवीर सिंह अपने पड़ोसी रीता देवी पत्नी चंदन सिंह से 300 रुपये बकाया मांगने गई थी। पत्नी रीता देवी व पति चंदन सिंह ने बीमार गुड्डो देवी को गाली गलौज और हाथापाई करते हुए चोटिल कर दिया। पीड़िता गुड्डो देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति-पत्नी रीता देवी व चंदन सिंह के खिलाफ धारा-115/ 351/ 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। इस पर महिलाएं शांत हुईं। इस मौके पर सुमति देवी, तेसरिया देवी, इमरतो देवी, शीला देवी, नीमा देवी, आशा देवी, बिमला देवी, फूलों देवी, बिशन सिंह, रमेश सिंह, हरि सिंह, सुखी सिंह आदि मौजूद थीं।

### माता-पिता से नाराज होकर गई किशोरी घर लौटी

**बाजपुर:** माता-पिता से नाराज होकर तीन सितंबर की प्रातः बिना बताए घर से निकली किशोरी स्वयं ही वापस लौट आई है। पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए हैं। उसके सकुशल वापस आने पर पुलिस ने भी राहत की सांस ली है।

पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी के अंतर्गत एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी तीन सितंबर की प्रातः घर पर नहीं थी। अचानक बिना बताए किशोरी के लापता होने से परिजन खासे परेशान थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने भी गुमशुदगी रिपोर्ट लिखकर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी। इसी बीच मंगलवार को किशोरी स्वयं ही घर पहुंच गई। बुधवार को परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए हैं। किशोरी ने पुलिस को बताया कि दो सितंबर की रात में माता-पिता ने उसे डांट दिया था जिसके चलते वह घर में रखे सात हजार रुपये लेकर तीन सितंबर की प्रातः करीब पांच बजे घर से चली गई और बस में बैठकर हरिद्वार पहुंच गई। वहां सात-आठ दिन तक इधर-उधर घूमती रही और रात में किसी भी मंदिर आदि में रुक जाती थी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मैंने अपना नाम शानिव से बदल कर शानिव मुस्तफा रख लिया है। मैं अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों में अपना नाम अपने जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार शानिव मुस्तफा कराना चाहता हूँ। अतः भविष्य में मुझे शानिव मुस्तफा के नाम से जाना व पहचाना जाये। - **शानिव मुस्तफा पुत्र श्री असरफ अली, निवासी - मौहल्ला जुलाहान, वार्ड नं. 07, जसपुर, पो. व थाना एवं तहसील जसपुर, ऊधमसिंह नगर**

**सूचना**

मैंने अपन नाम मोहम्मद इरशाद सिद्दीकी से बदलकर मोहम्मद इरशाद रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मोहम्मद इरशाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
- **मोहम्मद इरशाद पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहीम, निवासी मौहल्ला पट्टी चौहान, जसपुर, तहसील जसपुर, जिला ऊधमसिंह नगर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम अफसरीन से बदलकर अफसरीन जहॉ रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे अफसरीन जहॉ के नाम से जाना व पहचाना जाए। - **अफसरीन जहॉ पत्नी श्री इरशाद सिद्दीकी, निवासी मौहल्ला पट्टी चौहान वार्ड नं. 09, जसपुर, पो. व थाना एवं तहसील जसपुर, ऊधमसिंह नगर**

# जीएसआई करेगी नगला का सीमांकन

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** नगला नगरपालिका क्षेत्र में बसे 738 परिवारों की समस्याओं को देखते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की मांग पर जियोग्राफिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) अब नगला का सीमांकन करेगी। वनमंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में बुधवार को देहरादून में आयोजित बैठक में मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने वन, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों की संयुक्त जांच मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित तकनीकी समिति की निगरानी में कराने का निर्णय लिया। यह कार्य तीन माह में पूरा करना होगा।

मंत्रिमंडलीय उपसमिति के सदस्य सौरभ बहुगुणा से किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मांग की थी कि नगला के संबंध में दायर जनहित याचिका में पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग की ओर से सही पैमाइश नहीं की गई है। पीडब्ल्यूडी ने स्टेट हाईवे के मध्य से दोनों ओर अपनी भूमि को नहीं मापा, जिससे कई विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं। इसी कारण वन भूमि का सीमांकन भी प्रभावित हो रहा है। मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल पर मंत्री सुबोध उनियाल ने बुधवार को देहरादून में बैठक की। इसमें मंत्री सुबोध उनियाल (अध्यक्ष), सौरभ बहुगुणा (सदस्य मंत्रिपरिषद उप समिति), सचिव न्याय प्रदीप पंत, सचिव वन आरके सुधांशु, सचिव राजस्व एके पांडे व सचिव कृषि आरके श्रीवास्तव सहित अपर सचिव राजस्व एवं वन, राजस्व व लोनिवि के आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों सहित पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं नगला प्रतिनिधि मंडल में नारायण सिंह अरमोली, हरीश जोशी, एडवोकेट पियूष पंत, एडवोकेट नवीन रजवार आदि मौजूद थे।

**यह दिया तर्क**

**पंतनगर** : बैठक में नगला की ओर से तर्क रखा गया कि लोनिवि ने वर्ष 1966 में एक नोटिस देकर सड़क के मध्य से दोनों और 50-50 फुट भूमि का निर्धारण करते हुए कब्जे हटाए थे। परंतु आज लोनिवि सड़क के एक ओर ही सौ फुट का दावा कर रही है, जो गलत है। इसी प्रकार वन भूमि का निर्धारण भी निर्धारित सीमा से नहीं किया गया है। सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श के बाद उप समिति ने निर्णय लिया कि नगला में वन भूमि सीमांकन के लिए जियोग्राफिकल सर्वे आफ इंडिया की विशेषज्ञ समिति से नाप कराई जाए। इसमें लोनिवि, वन एवं अन्य विभाग संयुक्त रूप से शामिल होंगे और इसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त करेंगे।

**पूर्व विधायक शुक्ला की मांग पर मंत्रिमंडलीय उपसमिति का फैसला, तीन माह में सौंपेंगी रिपोर्ट**

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**सख्ती** — सीडीओ ने खटीमा चिकित्सा प्रबंधन समिति को दिए आदेश

# अस्पतालों में मरीजों के लिए हों पूर्ण सुविधाएं

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : सीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार का उद्देश्य है कि आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान हो। इसके लिए चिकित्सालयों में आधुनिक सुविधाओं के अलावा औषधियां मुहैया होनी चाहिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ ने उप जिला अस्पताल खटीमा के चिकित्सा प्रबंधन समिति के साथ बैठक की। साथ ही सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आदेश दिया। इस दौरान सीडीओ ने 16 प्रस्तावों को अनुमोदित करते हुए खरीद वित्तीय मानकों के अनुसार किए जाने का आदेश दिया। समिति द्वारा चिकित्सालय के ऑक्सीजन पाइप लाइन की मरम्मत के लिए 1.5 लाख, सिटी स्कैन मशीन के संचालन के लिए थर्मल हेड, बैटरी, एसी आदि क्रय करने के लिए पांच लाख, एक्सरे के संचालन हेतु फिल्म कैसेट की खरीद के लिए 60 हजार, सुरक्षा व्यवस्था हेतु अग्निशमन यंत्र हेतु 1.1 लाख, मेडिकल वार्ड, औषधि भंडार, एक्सरे रूम व ओटी के लिए 3.85 लाख, बिजली भुगतान हेतु 18 लाख, दो एंबुलेंस की सर्विस हेतु 85 हजार व जरनेटर हेतु 30 हजार, फोर सीलिंग एलईडी बल्ब लगाये जाने हेतु 40 हजार, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल हेतु 75 हजार, आरो सिस्टम मरम्मत हेतु 28 हजार, आवश्यक औषधी क्रय हेतु 65 हजार प्रतिमाह, लैब केमिकल क्रय हेतु 50 हजार प्रतिमाह, एक्सरे फिल्म हेतु 50 हजार, एम्बुलेंस संचालन हेतु 20 हजार, जरनेटर संचालन हेतु 40 हजार, स्टेशनरी हेतु 2.1 लाख, सीआरएम मशीन मरम्मत हेतु 1.35 लाख, दैनिक श्रमिकों के भुगतान हेतु 10 लाख तथा बजट उपलब्धता पर छह पीआरडी जवान सुरक्षा हेतु अनुमोदन दिया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केसी पंत, एसीएमओ डॉ हरेंद्र मलिक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी विनय प्रताप सिंह, चीफ फार्मासिस्ट हरिश्चन्द्र सती आदि मौजूद रहे।

### तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**पंतनगर:** जिले में अगले तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान जहां अधिकतम तापमान 32-35 डिग्री सेल्सियस, वहीं न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस बना रहेगा। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार आगामी पूर्वानुमान के अनुसार 12-14 सितंबर के बीच हल्की से मध्यम (15-20 मिमी) वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवाएं दक्षिण-पूर्व, पूर्व, उत्तर-पूर्व, उत्तर-उत्तर-पूर्व और दक्षिण से पांच-सात किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की उम्मीद है। 12 सितंबर को अधिकांश स्थानों, 13 सितंबर को कई स्थानों और 14, 15, 16 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की-मध्यम बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से 12 और 13 सितंबर को अलग-अलग स्थानों पर गरज चमक के साथ बहुत तीव्रता से भारी बारिश के संबंध में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसी प्रकार 11 और 14 सितंबर को अलग-अलग स्थानों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। किसानों को सलाह है कि आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार खेत में जल निकासी बनाए रखें और कोई भी कृषि कार्य मौसम पूर्वानुमान के अनुसार निर्धारित करें।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### शिक्षक ने छात्र को डंडे से मारकर किया घायल

**बाजपुर :** एक इंटर कॉलेज के शिक्षक पर कक्षा-11 के छात्र के कंधे पर डंडे से वार कर उसे घायल करने का आरोप लगा है। अभिभावकों के साथ कोतवाली पहुंचे छात्र ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत ग्राम चनकपुर निवासी छात्र ने पुलिस को बताया कि वह बरहैनी में एक इंटर कॉलेज में पढ़ता है। बुधवार को सुबह करीब 11.40 बजे विद्यालय के एक शिक्षक कक्षा में पहुंचे और जो बच्चे कक्षा में मौजूद नहीं थे उनके बैग एकत्र करने लगे। आरोप है कि शिक्षक ने बेवजह अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रहे छात्रा के बांए कंधे पर डंडे से जोरदार प्रहार कर दिया जिससे छात्र चिल्लाने लगा। बाद में दूसरे शिक्षक की सूचना पर परिजन भी विद्यालय पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### पड़ोसियों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**खटीमा :** दियां चांदपुर निवासी प्रमिला ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंप कर कहा कि उसने अपने घर के पास सब्जी उगा रखी है। इसमें पड़ोस के लोग गंदगी करते रहते हैं। पीड़िता ने कहा कि आज सुबह जब वह खेत में गई तो उनका पड़ोसी वहां खड़ा था। इस पर उसने कहा कि पता नहीं कौन-कौन लोग गंदगी करते हैं। जिसपर वह गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद पूरा परिवार एक राय होकर उसके घर आ गया और लाठी डंडों से उसे और बच्चों की बुरी तरह पिटाई कर दी। उसके लड़के का सिर फट गया है। एसडीएम बिष्ट ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा है।

### सब्जी विक्रेता की बाइक बाजार से चोरी

**बाजपुर :** सब्जी विक्रेता की बाइक बाजार में फड़ के पास से चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम शेखूपुरा ज्वालापुर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी फूल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी बेचने का कार्य करता है। इसके चलते 9 सितंबर को बाजपुर में लगने वाले सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार में सब्जी बेचने के लिए आया था और अपनी सब्जी की दुकान के पास साइड में बाइक खड़ी करके दुकानदारी करने लगा। आरोप है कि देर सायं दुकान बंद करने लगा तो बाइक गायब थी जिसकी आसपास खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चल पाया है। बताया गया कि बाइक चोरी की घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति सायं करीब 6:30 बजे उसकी बाइक ले जाता हुआ दिख रहा है।

# संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक का पुलिस एक्ट में चालान

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** इमरजेंसी मूवी का पोस्टर फाड़ने और वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक युवक को खुफिया एवं पुलिस विभाग ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। आरोपी युवक को पुलिस ने महज पुलिस एक्ट के तहत चालान किया, लेकिन एसएसपी ने युवक की निगरानी और मोबाइल को सर्विलांस में रखने का आदेश दिया है।

दो सितंबर को काशीपुर हाईवे स्थित थियेटर में इमरजेंसी मूवी का एक युवक द्वारा पोस्टर फाड़ने के बाद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था और युवाओं को भड़काने की कोशिश भी की थी। इसकी भनक लगते ही कोतवाली पुलिस ने हरप्रीत सिंह नाम के युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। आरोपी युवक से खुफिया एजेंसी और पुलिस द्वारा गहनता के साथ पूछताछ हुई और मोबाइल का डाटा भी खंगाला गया, लेकिन कोई पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगे। इसके बाद पुलिस ने युवक का पुलिस एक्ट में चालान कर हिदायत देकर छोड़ दिया। उधर, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि कई घंटों की पूछताछ में कोई पुख्ता तथ्य सामने नहीं आए। आईबी व खुफिया तंत्र ने भी पूछताछ की थी। बावजूद इसके आरोपी युवक को काउंसिलिंग के बाद छोड़ दिया गया है। साथ ही आदेशित किया है कि पुलिस युवक की हर गतिविधि निगरानी करेगी और मोबाइल को सर्विलांस पर रखा जाएगा। बावजूद इसके युवक की संदिग्ध गतिविधियां मिलती हैं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस चौकी में किया हंगामा, सक्रिय हुई पुलिस ने युवक-युवती को पकड़ा, लव मैरिज के लिए कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र

# लव जिहाद की घटना से भड़के हिंदूवादी संगठन

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** बाजपुर में लव जिहाद की घटना सामने आई है। हिंदू युवती समुदाय विशेष के युवक संग फरार हो गई। घटना की जानकारी से हिंदूवादी संगठन के लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने पुलिस चौकी दोराहा में हंगामा किया। हंगामा देख पुलिस भी तुरंत सक्रिय हो गई और युवक-युवती को बरामद कर लिया।

पुलिस चौकी दोराहा क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी युवती बिना बताए घर से गायब हो गई। स्वजन ने छानबीन की तो पता चला कि गदरपुर क्षेत्र का दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है और दोनों कोर्ट मैरिज करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं इस


पुलिस चौकी दोराहा में संगठित होकर पहुंचे आक्रोशित लोग। ● अमृत विचार

घटना की जानकारी से हिंदुवादी संगठन से जुड़े लोगों व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मामला लव जिहाद का बताते हुए काफी संख्या में लोग विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग में प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस की अगुवाई में एकत्रित होकर पुलिस चौकी पहुंच गए और युवती को बरामद करने की मांग को लेकर हंगामा किया गया। मौके पर मौजूद चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत कराया। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन भी तुरंत सक्रिय हो गया और नवयुगल की तलाश प्रारंभ कर दी। बताया जाता है कि पुलिस ने नवयुगल को गदरपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया है। दोनों कोर्ट मैरिज की तैयारी कर रहे थे जिसमें प्रार्थना पत्र भी दे दिया गया है। इधर बरामद युवक-युवती को लेकर पुलिस कोतवाली पहुंची तो वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए हैं। बताया जाता है कि युवती अभी भी अपने प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी है। पुलिस उसे सक्षम न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

### कार ने दो बाइकों को मारी टक्कर, दो घायल, कार चालक वाहन सहित फरार

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचार:** किच्छा-सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेकाबू अर्टिगा कार ने सड़क किनारे दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलभट्टा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

मंगलवार की देर शाम बेकाबू अर्टिगा कार ने किच्छा-सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम बरा क्षेत्र में दो बाइकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ग्राम देवरनिया, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासीगण 26 वर्षीय साजिद खान और 18 वर्षीय शराफत एवं ग्राम नदेली, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी 35 वर्षीय राजपाल एवं 25 वर्षीय जयेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर बरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और 108 एंबुलेंस


किच्छा के सीएचसी में घायलों का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार



हादसे में मारे गए युवक।

के माध्यम से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएससी किच्छा लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने 26 वर्षीय साजिद खान को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शराफत, राजपाल तथा जयेंद्र सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर मृतक साजिद खान के परिजन भी किच्छा पहुंच गए और शराफत के परिजन उसे इलाज के लिए राममूर्ति अस्पताल बरेली ले गए। साजिद की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजन रोते बिलखते नजर आए। साजिद का शव देखकर उसका व्यापारिक पार्टनर रूबेज अहमद मौके पर ही बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इसके चलते उसे सीएससी में भर्ती करना पड़ा। इधर घटना में घायल 18 वर्षीय शराफत की बुधवार की सुबह इलाज के दौरान बरेली के राम मूर्ति चिकित्सालय में मौत हो गई। बरेली की स्थानीय पुलिस द्वारा शराफत के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामे एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना में घायल दूसरी बाइक पर सवार राजपाल तथा जयेंद्र सिंह की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। बुधवार को पुलभट्टा पुलिस ने मृतक साजिद खान के भाई अकील अहमद की तहरीर के आधार पर आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घटना की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक यूनियन के कार्यालय में मारपीट का आरोप

**बाजपुर:** एक व्यक्ति पर अपने चार-पांच साथियों के साथ ट्रक यूनियन के कार्यालय पहुंचकर स्टाफ से बेवजह गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगा अध्यक्ष व सचिव की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है।

ट्रक ऑनर्स वेल्फेयर सोसायटी जगन्नाथपुर सुल्तानपुर पट्टी, हाल पता शुगर फैक्ट्री रोड गुरुद्वारा मार्केट बाजपुर के अध्यक्ष बल्देव सिंह नामधारी व सचिव कैलाश चंद्र ने संयुक्त रूप से तहरीर देकर पुलिस को बताया कि ग्राम शिवपुरी एक व्यक्ति बार-बार ट्रक यूनियन के कार्यालय आकर स्टाफ आदि के साथ गाली-गलौज करते हुए यूनियन बंद करवाने की धमकी दे रहा है, जबकि आरोपी उनकी यूनियन का सदस्य भी नहीं है। आरोप है कि दस सितंबर की सुबह करीब साढ़े 9 बजे आरोपी अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ फिर से कार्यालय आ धमका और कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगा। मना किया तो आरोपी मारपीट करने लगा। शोर-शराबा होने पर आसपास के व्यापारी व अन्य लोगों की भीड़ जुटने लगी जिसके चलते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। कहा कि यह पूरी घटना ट्रक यूनियन कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में है। वहीं कोतवाल नरेश चौहान के आदेश पर पुलिस ने तहरीर रिसीव कर ली है।

# पुलभट्टा पुलिस ने किया 3000 लोगों का सत्यापन


किच्छा में सत्यापन अभियान चलाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, किच्छा/पुलभट्टा**

**अमृत विचार:** पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में करीब 3000 लोगों का मौके पर पहुंचकर सत्यापन किया गया। इस दौरान 16 लोगों के 83 पुलिस एक्ट के तहत एक लाख 60 हजार रुपये का कोर्ट चालान तथा 81 पुलिस एक्ट के तहत 66 चालान कर 16 हजार 500 रुपए का नगद जुर्माना वसूला गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट, किच्छा कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार, उप निरीक्षक पंकज कुमार, एसआई हेमचंद तिवारी, एसआई धीरज वर्मा, एसआई रिनी चौहान, एसआई मनोज कुमार, एसआई प्रताप सुयाल, एसआई प्रकाश चंद, एसआई महेश चंद तथा एक प्लाटून पीएससी जवानों के साथ प्रशासन की टीम थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र पहुंची। इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा सिरौली कला क्षेत्र में वृहद स्तर पर बाहरी लोगों के सत्यापन का अभियान चलाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी चौहान ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चेक बाउंस में सजा के विरुद्ध याचिका खारिज

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** चेक बाउंस के एक मामले में सजा के खिलाफ दायर याचिका प्रथम एडीजे कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। आरोपी को अवर न्यायालय ने छह माह के कारावास और 18.10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

मानपुर पट्टी निवासी देशराज ढींगरा ने काशीपुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद किया था कि वर्ष 2015 में प्रगति इंकलेब निवासी सगीर अहमद ने एक प्लाट खरीदने के लिए उससे 15 लाख रुपये उधार लिए थे। लेकिन उसने रकम वापस नहीं लौटाई। बाद में उसने 15 लाख रुपये की राशि का एक चेक दिया। जो कि खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 19 अक्टूबर 2023 को आदेश पारित कर सगीर अहमद को एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को छह माह के कारावास और 18.10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। अवर न्यायालय के इस फैसले को अभियुक्त की ओर से प्रथम एडीजे के न्यायालय में चुनौती दी गई। कहा गया कि उसका चेक कहीं गुम हो गया था। दूसरे पक्ष ने खाली चेक में रकम भरकर उसका दुरुपयोग किया है। अधिवक्ता सूरज कुमार ने इस याचिका का विरोध किया। प्रथम एडीजे रितेश कुमार श्रीवास्तव ने याचिका को निरस्त करते हुए अवर न्यायालय के सजा के फैसले को बरकरार रखा।

### कच्ची शराब बेचने वाले पांच लोग पकड़े, एक फरार

**खटीमा :** पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध छापामार कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक भाग निकला। सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ने सरपुड़ा गांव में छापा मारकर गांव की इंद्रावती के कब्जे से दस लीटर, सरपुड़ा निवासी सावित्री एवं उसके पति राम बहादुर सिंह के पास से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने सावित्री को तो गिरफ्तार कर लिया जबकि रामबहादुर भागने में कामयाब रहा। चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने पचपकरिया गांव निवासी गोपाल राम एवं राहुल कुमार के कब्जे से 54 पाऊच कच्ची शराब बरामद की है। यह दोनों स्कूटी से शराब लेकर जा रहे थे। उनकी स्कूटी को सीज कर दिया गया है। इसके अलावा झनकईया पुलिस ने भी अमाऊं की प्रेमवती के पास से 16 पाउच कच्ची शराब के बरामद किए है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम निरुद्ध किया है।

# बाल अपराधों की रोकथाम को उठाएं सख्त कदम

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सख्त अंदाज में कहा कि बाल अपराधों की रोकथाम के लिए विभाग कारगर कदम उठाएं और स्कूलों में जागरूकता मुहिम चलाएं।

बुधवार को बैठक के दौरान डॉ. खन्ना ने शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया कि स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को सजग बनाएं। सभी स्कूलों में चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), विशेष पुलिस इकाई (112), बाल कल्याण समिति, पीटीए के नंबर चस्पा


विकास भवन में विभागों के साथ बैठक करतीं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष। ● अमृत विचार

करें। इसके अलावा विद्यालयों के सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को अपंजीकृत मदरसों की सूची आयोग को एक सप्ताह के अंदर मुहैया कराने का आदेश दिया। उन्होंने हिदायत दी कि प्रत्येक विभाग गंभीरता के साथ बाल संरक्षण के प्रति कार्य करे। ताकि नशा मुक्ति, बाल संरक्षण के लिए सभी विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन हो सके। आदेशित किया कि बाल संरक्षण और पॉक्सो अधिनियम पर प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षण दिया जाए। बच्चों को पॉक्सो अधिनियम एवं गुड टच, बेड टच जैसे विषय की जानकारी दें। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, सीओ निहारिका तोमर, एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक, हरेंद्र मिश्रा, सीईओ बेसिक मुकुल चौधरी, डीपीओ अमन अनिरुद्ध, ब्योमा जैन, पुष्पा पानू, विवेक तागरा, हरनीत कौर आदि मौजूद रहे।

**समीक्षा**

- बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने दिए निर्देश
- विकास भवन में विभागों के साथ की समीक्षा बैठक

**निर्देश** — रात्रि 10:40 बजे विवेचकों के साथ एसएसपी ने की बैठक, जसपुर-कुंडा थाने के विवेचना की समीक्षा

# न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर कड़ी सजा दिलाएं

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** लंबित विवेचनाओं के निस्तारण को गतिमान बनाने के उद्देश्य से एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने देर रात्रि 10:40 बजे दो थानों के विवेचना अधिकारियों के साथ बैठक की और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सख्त आदेश दिए कि विवेचनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए जांच अधिकारी गंभीरता के साथ लंबित विवेचनाओं का निदान करें और संबंधित अपराधी की धरपकड़ कर न्यायालय में पेश करें।

मंगलवार की देर रात्रि पुलिस कार्यालय में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने थाना जसपुर और कुंडा के


जसपुर-कुंडा के विवेचनाधिकारियों के साथ बैठक करते एसएसपी। ● अमृत विचार

136 विवेचनाओं की समीक्षा की और भौतिक साक्ष्य और अभिलेखों को इकठ्ठा कर प्रभावी तरीके से जांचों का निस्तारण किए जाने का आदेश दिया। दो थानों के 21 जांच अधिकारियों को आदेश दिया कि गंभीरता के साथ मामलों का निदान करें, ताकि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने आदेश दिए कि न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाएं। इसके अलावा महिला संबंधी किसी भी प्रकार के अपराधों को गंभीरता से ले और मुकदमा पंजीकृत किया जाएं ताकि महिलाओं में पुलिस सुरक्षा की भावना पैदा हो।

### इंस्टाग्राम रील में छात्राओं को दिखाने पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर:** बांसफोड़ान क्षेत्र में एक युवक को इंस्टाग्राम पर रील बनाना भारी पड़ गया। युवक ने रील में इंटर कॉलेज की छात्राओं को दिखाते हुए अभद्र टिप्पणी की थी। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

बीते दिन पंजाबी सराय निवासी मोहम्मद अरशद ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर एक वीडियो अपलोड की गई थी। वीडियो में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज काशीपुर की छात्राएं स्कूल से घर को जाते हुए एक रील में अभद्र टिप्पणी की गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों की शिकायत पर एसआई सुनील सुतेड़ी की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई।

# आवास-विकास में नहीं होने देंगे अतिक्रमण

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** आवास-विकास स्थित शिव मंदिर के पास कम्युनिटी सेंटर की जगह पर किए जा रहे अतिक्रमण की शिकायत पर भाजपा नेता दीपक बाली ने अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को आवास विकास कॉलोनी वासियों की शिकायत पर भाजपा नेता दीपक बाली मौके पर पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि पुराने शिव मंदिर के पास जो जगह पड़ी हुई है वह आवास विकास के नक्शे में कम्युनिटी सेंटर के नाम पर दर्ज है, लेकिन कुछ लोगों ने उस जमीन को अपना बताकर बिना नक्शा पास कराए व बिना एनओसी के निर्माण


आवास विकास क्षेत्र में स्थानीय लोगों से मिलते भाजपा नेता दीपक बाली।

कार्य शुरू कर दिया है। मामले में दीपक बाली ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि संबंधित जमीन पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजकुमार सेठी, सोना सेठी, मनोज बाली, ओम दत्त कुमार, विवेक जैन, महिपाल सिंह, चंद्रभूषण डोभाल, सुशील नरूला, संतोष कश्यप, मिथिलेश अग्रवाल, शशि देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

अपि मेरुसमं प्राज्ञमपि शुरमपि स्थिरम्।
तृणीकरोति तृष्णैका निमेषेण नरोत्तमम्॥

भले ही कोई व्यक्ति मेरु पर्वत की तरह स्थिर, चतुर, बहादुर दिमाग का हो, लालच उसे पल भर में ही घास की तरह खत्म कर सकता है।


## संपादकीय

# भारत की वैश्विक जिम्मेदारी

दुनिया में सेमीकंडक्टर कई तरीके से अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। सेमीकंडक्टर ऐसी सामग्री होती है जिसमें कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच चालकता होती है तथा इसमें सिलिकॉन या जर्मेनियम या गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियम सेलेनाइड के यौगिको का प्रयोग होता है। सेमीकंडक्टर चिपों का स्वदेशी स्तर पर निर्माण एक रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में राष्ट्रीय हित में है। सेमीकंडक्टर डिजिटल युग का आधार है और वह दिन दूर नहीं जब सेमीकंडक्टर उद्योग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए भी आधार होगा। सेमीकंडक्टर की आवश्यकता के साथ-साथ इसकी वैश्विक मांग भी मौजूद है, जिनकी भारत पूर्ति कर सकता है, लेकिन इसके लिए मौजूदा क्षमताओं का उपयोग करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता होगी और सुदृढ़ नीति तंत्र एवं पारितंत्र को स्थापित करना होगा। स्वागत योग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण रहा है कि भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए। भारत ने महसूस किया है कि सेमीकंडक्टर चिप्स जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद के लिए पूरी तरह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर होना सही नीति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं।

भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 प्रतिशत सहायता भारत सरकार दे रही है। इसमें राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर और मदद कर रही हैं। भारत की इन नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपए से ज्यादा के निवेश भारत में हो चुके हैं। वास्तव में भारत के पास विविध सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता है। भारत की प्रतिभा और अनुभव को ध्यान में रखते हुए, यह सही विकल्प हो सकता है कि कम से कम वर्तमान के लिए यदि नया मिशन, डिजाइन केंद्रों, परीक्षण सुविधाओं, पैकेजिंग आदि सहित चिप बनाने वाली श्रृंखला के अन्य हिस्सों की वित्तीय सहायता पर ध्यान केंद्रित करना है। सरकार को चिप निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भारत में संबंधित उद्योगों को जोड़ने की तत्काल आवश्यकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए उद्योग जगत एवं सरकारों को मिलकर कार्य करना भी आवश्यक है। भारत का लक्ष्य एक विश्वसनीय एवं बहुपक्षीय सेमीकंडक्टर पारितंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने का होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी वैश्विक जिम्मेदारी को पहचानते हुए इस पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# निर्द्वंद्वता आजादी नहीं एक प्रकार की निर्लज्ज गुलामी है



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

**गांधी ने आजाद भारत के लिए जनजीवन की सुख सुविधा को केंद्र मानकर जिस राज्य व्यवस्था की की कल्पना की थी, उसे उन्होंने रामराज के नाम से ही पुकारा था। इस शब्द को उन्होंने दो रूपों में परिभाषित किया।**

**रामराज्य की कल्पना को स्पष्ट करते हुए 20 मार्च 1930 को गांधी ने हिंदी पत्रिका नवजीवन में स्वराज्य और रामराज्य शीर्षक से एक लेख लिखा -स्वराज्य के कितने भी अर्थ क्यों न किए जाएं तो भी मेरे नजदीक उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है और वह है रामराज्य। यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब काम धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है, जिसमें रामराज्य के लिए पवित्र साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पांडित्य की आवश्यकता नहीं है,जिस गुण की आवश्यकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों स्त्री, पुरुष ,बालक और बूढ़ों तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है।**

राज्य की आदर्श कल्पना रामराज स्थापित करने की रही है। रामराज की अवधारणा में प्रजा को हर प्रकार के सुख की प्राप्ति होगी। संसारिक शोषण से मुक्ति मिलेगी, भूख, बेरोजगारी, रोग ,भय ,आतंक कि कोई आशंका न होगी। वैयक्तिक उत्थान में कोई रुकावट न होगी। दैविक आपदाओं में ऐसा राजा प्रजा को कोई कष्ट होने देगी। राज्य की यह आदर्श परिकल्पना को क्या पाया नहीं जा सकता?

गांधी ने आजाद भारत के लिए जनजीवन की सुख सुविधा को केंद्र मानकर जिस राज्य व्यवस्था की स्थापना की कल्पना की थी, उसे उन्होंने रामराज के नाम से ही पुकारा था। इस शब्द को उन्होंने दो रूपों में परिभाषित किया। एक उसका धार्मिक अभिप्राय जिसका अर्थ है, पृथ्वी पर ईश्वर का राज्य। अर्थात सत या ऋत का राज-ऋत का तात्पर्य है ब्रह्मांडीय नियम,नैसर्गिक अनुशासनों का राज्य। दूसरा, राजनितिक अभिप्राय, जिसमें निहित है पूर्ण प्रजातंत्र। इस शासन व्यवस्था में अमीरी ,गरीबी ,रंग और मत मतांतर के आधार पर स्थापित असामान्यता नगण्य होती है। गांधी के रामराज की परिकल्पना पर प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक आचार्य शंकर दत्तात्रेय जावड़ेकर ने एक स्थल पर लिखा है कि जिस राज्य को समाज की न्याय बुद्धि का आधार है,जहां के कानून समाज के न्याय बुद्धि के आधार पर खड़े हैं।

न्याय बुद्धि से व्यवहार करने वाले मनुष्य को जिस समाज में किसी भी कानून से प्रतिबंध नहीं होता, जिस समाज के सब व्यवहार मनुष्य के अंतःकरण की न्याय बुद्धि को आसानी से मान्य हो जाते हैं, अन्याय से धन कमाना या सत्ता का दुरुपयोग करना, जिस समाज में असंभव है और जहां की राजसत्ता प्रजा के संगठित आत्मबल के समक्ष झुक सकती है वही रामराज है। गांधी के लिए राम का वनवास एक प्रेरणा का स्रोत है,जो जनचेतना के लिए गांधी दर्शन का मूलाधार रहा। गांधी दर्शन के अनुयायी आचार्य विनोबा भावे ने इसका पालन किया। आजाद भारत की पहली पंचवर्षीय योजना में विचार विमर्श के लिए जब आचार्य जी को आमंत्रित किया गया तो विनोबा ने वर्धा से दिल्ली तक की रेलयात्रा नहीं की वे पदयात्रा से दिल्ली चल पड़े। यही वह रामत्व है,जिसे गांधी ने अपने ईश्वर से ग्रहण किया था। भावे पंचवर्षीय योजना को जन भावनाओं के अनुकूल बनाने के लिए इसे आवश्यक समझते थे। राम ने अपने जीवन में वचनों का पालन किया यह गांधी के लिए वह आदर्श था,जिसके बल पर उन्होंने जीवन पर्यंत व्रत का पालन किया। गांधी व्रत की पवित्रता के पक्षधर थे,वे दूसरों के अपराध को अपने ऊपर ओढ़कर प्रायश्चित करते थे। रामत्व के बल पर ही गांधी ने प्रत्यक्ष आदर्शों को ही प्रमाण माना। गांधी को ईश्वर पर अटूट विश्वास था और उनकी शक्ति उनका ईश्वर था। गांधी पर उनकी भी आस्था थी,जो ईश्वर को नहीं मानते थे तथा गांधी भी उन पर भी विश्वास करते थे,जिनका ईश्वर में विश्वास नहीं था। गांधी ईश्वर ही सत्य है के बजाय सत्य ही ईश्वर कहा करते थे।

रामराज्य की कल्पना को स्पष्ट करते हुए 20 मार्च 1930 को गांधी ने हिंदी पत्रिका नवजीवन में स्वराज्य और रामराज्य शीर्षक से एक लेख लिखा -स्वराज्य के कितने भी अर्थ क्यों न किए जाएं तो भी मेरे नजदीक उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है और वह है रामराज्य। यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब काम धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है,जिसमे रामराज्य के लिए पवित्र साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे की रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पांडित्य की आवश्यकता नहीं है,जिस गुण की आवश्यकता है वह तो सभी वर्गों के लोगों स्त्री, पुरुष ,बालक और बूढ़ों तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है। दुःख केवल इतना है सब कोई अभी उस हस्ती को पहचानते ही नहीं। सत्य,अहिंसा,मर्यादा पालन, वीरता, क्षमा,धैर्य आदि गुणों का हम में से हरेक एक व्यक्ति यदि वह चाहे तो क्या आज ही परिचय नहीं दे सकता।

26 फरवरी 1947 की प्रार्थना सभा में गांधी ने स्पष्ट कहा है कि कोई यह समझने की भूल न करे की रामराज्य का अर्थ है, हिंदुओं का शासन। मेरा राम,खुदा या गॉड का दूसरा नाम है। मैं खुदाई राज चाहता हूं,जिसका अर्थ है पृथ्वी पर परमात्मा का राज्य।

25 मई 1947 को एक इंटरव्यू में गांधी जी ने आर्थिक असमानता को रामराज्य का खतरा बताते हुए कहा की समाजवाद की जड़ में आर्थिक असमानता है। थोड़े को करोड़ों और बाकी लोगों को सूखी रोटी भी नहीं ऐसी भयानक असमानता में रामराज के दर्शन की आशा नहीं करनी चाहिए। प्रश्नकर्ता ने तत्काल ही प्रश्न किया, गांधीजी आप तो कहते है की शासक,जमींदार और पूंजीपति केवल संरक्षक ट्रस्टी बनकर रहें,क्या आप उन लोगों से उम्मीद करते हैं कि वे अपनी प्रकृति बदल देंगे। गांधी ने तुरंत उत्तर दिया यदि ये लोग खुद संरक्षक नहीं बनाते तो समय उन्हें बनाएगा या फिर उनका नाश हो जाएगा। जब पंचायती राज सही अर्थों में बनेगा तो लोकमत सब कुछ कर सकेगा। जमींदारी, पूंजी अथवा राजसत्ता की ताकत तब तक ही कायम रहती है जब तक लोकमत को अपनी ताकत समझ में नहीं आती।

गांधी का रामराज्य ,तुलसी ने परिभाषित किया था-दैहिक दैविक भौतिक तापा रामराज काहू नहि व्यापा। वाल्मीकि ने रामराज के लिए कहा -आसन प्रजा धर्मपरा रामें शासति नानृता। जब राम शासन कर रहे थे तो लोग सदाचार में विश्वास करते थे,बिना झूठ बोले जी रहे थे। गांधी के राम है-रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम। ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सन्मति दे भगवान। गांधी का रामराज स्वराज्य है,जो वास्तविकता है कोई कल्पना की वस्तु नहीं है। आज के संदर्भों में इसे समझना इसलिए आवश्यक हो गया है, क्योंकि आज की राज्य व्यवस्था में नागरिक की सहभागिता का कोई स्थान नहीं है। राज्य की सारी व्यवस्था, उसकी सारी संस्थाएं केवल उनके संरक्षण में हैं,जो आम आदमी के शोषक और उत्पीड़क हैं।

साम्यवाद, लोकतांत्रिक समाजवाद, लोक कल्याणकारी राज्यवाद इन समस्त प्रणालियों ने शक्तिशाली राज्य के अलग-अलग रूप प्रकट किए,जिसमें सामान्य नागरिक समाज के प्रति अपना कोई कर्तव्य न समझकर संपूर्ण रूप से राज्य को आत्म समर्पण कर चुका है। वह अपनी सुरक्षा, भोजन, वस्त्र , आवास , शिक्षा, चिकित्सा आदि की जिम्मेदारी राज्य को सौंपकर निर्द्वंद्व रहना चाहता है। यह निर्द्वंद्वता आजादी नहीं एक प्रकार की निर्लज्ज गुलामी है,जिसके संबंध में एरिक फोम ने अपनी पुस्तक 'फियर ऑफ फ्रीडम' में लिखा है कि "मनुष्य स्वतंत्र बनने से डरता है और उससे दूर भागता है,क्योंकि स्वतंत्र व्यक्ति की कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। आम नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होकर अपनी स्वतंत्रता का सौदा राज्य से कर बैठा है, जिसने आम नागरिक को परतंत्रता और निष्क्रियता की ओर धकेल दिया जा रहा है। इसका निदान उत्तर आधुनिकतावादी विकास की धारणा को चुनौती स्वदेशी समाज के अस्तित्व को बरकरार रखकर देने में है, यही रामराज है।

## प्रसंगवश

# अपर्णा और यादव वोट बैंक



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नेतागण हर चीज में राजनीति ही करते हैं। उनकी कोई चीज सामान्य या सरल शायद ही होती हो। बात करते हैं स्व.मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव की,जो इस समय खबरों में हैं। उन्होंने तमाम हो हुज्जत और मान मनौव्वल के बाद उप्र के महिला आयोग के उपाध्यक्ष का पद संभाल लिया। वे मुलायम परिवार में रहीं और 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ की कैंट सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में लड़ीं और भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से हार गईं। अगले विधानसभा चुनाव तक उनकी सपा में उपेक्षा होने लगी,तो चुनाव के थोड़ा पहले जनवरी-2022 में भाजपा में शामिल हो गईं।

बड़े घर से संबंध रखने के आधार पर उन्होंने तत्समय विधानसभाई चुनाव, बाद के लखनऊ मेयर पद के व गत लोकसभाई चुनावों में टिकट चाहे,पर सफलता नहीं मिली। अब जब भाजपा का ग्राफ कुछ गिरा और जल्द ही प्रदेश में दस एमएलए सीटों पर चुनाव होने हैं तो उन्हें एक छोटी जिम्मेदारी दे दी गई, जिससे वे संतुष्ट नहीं है,किंतु अन्य रास्ते बंद होने के कारण बेमन ज्वाइन कर लिया है। भाजपा की सोच है कि इन सूबाई उपचुनावों में अपर्णा सपा के यादव वोट बैंक में सेंध लगा सकेंगी। ऐसा ही भाजपा के नेताओं ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार देते समय भी सोचा था,जो निष्फल हुआ। अब सवाल उठता है कि अपर्णा यादव वोट कैसे खींचेगीं? वे मायके से पर्वतीय विष्ट क्षत्रिय हैं और ससुराल से गुप्ता वैश्य। सन 2016 में एक प्रकरण का निस्तारण करने हेतु सुप्रीमकोर्ट ने सीबीआई से इस मुद्दे पर जांच करवाई थी और जांच एजेंसी ने रिपोर्ट अदालत में सौंपी थी। इसके अनुसार अपर्णा जिन प्रतीक की पत्नी हैं,वे साधना गुप्ता व चंद्रप्रकाश गुप्ता के देहज पुत्र हैं।

साधना का विवाह फर्रुखाबाद के चन्द्र प्रकाश गुप्ता से हुआ था, किंतु बाद में दोनों के रिश्ते बिगड़ गए और अलगाव हो गया। तब साधना मुलायम सिंह के संपर्क में आईं और पुत्र प्रतीक सहित उनके साथ रहने लगीं। प्रतीक का पालन वहीं हुआ और वे यादव लिखने लगे। पत्नी मालती देवी के देहावसान के बाद साधना को मुलायम सिंह ने पत्नी का दर्जा दे दिया। अंतर्कथा लोग जानते हैं। ऐसे में अपर्णा कितने यादव वोट खींच पाएंगी,यह तो समय ही बताएगा।

# स्वतंत्र भारत का आविर्भाव हुआ तो दूसरी ओर विभाजन



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

**भारत में जब यूरोप का आगमन हुआ,तब ईसाइयत, बुद्धिवाद और विज्ञान से सामना हिंदुओं का भी पड़ा और इस्लाम का भी। इस टक्कर में आक्रांता एक था,किंतु आक्रांत दो थे।**

औपनिवेशिक शासन के दौरान धीरे-धीरे जब देश का स्वाभिमान जगा, आत्मविश्वास बढ़ना शुरू हुआ तब शासकों की आलोचना और विरोध भी शुरू हुए। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की विडंबना यह है एक तरफ से लोकतांत्रिक राष्ट्रवाद जन्मा और दूसरी तरफ सांप्रदायिकता। वर्ष 1947 में जब इस जागरण की चरम अभिव्यक्ति हुई तो एक ओर स्वतंत्र भारत का आविर्भाव हुआ तो दूसरी ओर भारत का अभूतपूर्व विभाजन हो गया।

इसी तरह भारतीय समाज के विभाजन को चिन्हित करने वाली दूसरी समस्या जाति की है। इस समस्या का समाधान स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व की ओर बढ़ते समाज में हैं। ऐसे लोकतंत्र में है,जिसमें किसी की श्रेष्ठता को निर्णायक बनाने की गुंजाइश न हो, जहां सैकड़ों नहीं हजारों फूल खिलने की गुंजाइश हो और मानव समाज स्थायी फूलों की घाटी बन जाए। रामधारी सिंह दिनकर ने संस्कृति के चार अध्याय के अंतिम अध्याय 'उपसंहार' में भारतीय संस्कृति का विवेचन करते हुए निष्कर्ष निकाला कि अधिक संभावना यह है कि द्रविड़ इस देश के मूल निवासी हैं और जिसे हम भारत का सनातन धर्म कहते हैं, उसका मूल द्रविड़ों के गहनतम प्राचीन इतिहास में है।

यहां जब आर्य आए तो उन्होंने यहां की संस्कृति में अपने उद्दाम आशावाद का पुट डाला। किंतु उपनिषदों का काल आते-आते आर्य स्वयं ही इस देश की सनातन परंपरा में डूब गए और उनके प्रवृत्तिमार्गी विचारों पर भारत की सनातन निवृत्तिवादी भावना का पूरा रंग चढ़ गया। ऋग्वेद के आशावाद और जैन तथा बौद्ध मतों की निवृत्ति-भावना में स्पष्ट विरोध है। इस दृष्टि से देखने पर जैन एवं बौद्ध साधनाएं आर्यों के भारतीयकरण की प्रक्रिया दिखायी देती है। भारत की सनातन परंपरा लोक को निस्सार और परलोक को सत्य मानने को परंपरा थी। बौद्ध मत के उत्थान का सूक्ष्म कारण यह था कि भारत की निवृत्तिमार्गी भावना वैदिक मत के आशावाद को दबाकर ऊपर आना चाहती थी और अंत तक,वह ऊपर आ भी गई। बौद्ध मत वर्णाश्रम धर्म और जाति प्रथा को बराबर झकझोरता रहा। इसी झकझोर के कारण ब्राह्मण बौद्धों के शत्रु बन गए। हिन्दुत्व पर इस्लाम ने जो प्रभाव डाला, उससे अधिक प्रभाव उसने हिंदुत्व से स्वयं ग्रहण किया है।

संसार के इतिहास में इस बात के बहुत अधिक प्रमाण मिलते हैं कि किसी सुसंस्कृत देश को जीतकर जब कोई विजेता जाति वहां बस जाती है,तब वह वहां की संस्कृति को ही अपनी संस्कृति बना लेती है। मुसलमान इस नियम के अपवाद नहीं थे, पर इस देश में तो हम यह भी देखते हैं कि अमीर खुसरो,मलिक मुहम्मद जायसी, कुतबन, मंझन ये सभी कवि मुसलमान थे, किंतु उन्होंने अपने उद्गार भारतीय भाषाओं में लिखे। रहीम, रसखान, रसनिधि, रसलीन, शेख, मुबारक और ताज, हिंदी के ये कवि मुसलमान थे। हिंदू मुस्लिम एकता की इस धारा को सबसे अधिक शक्ति सम्राट अकबर से प्राप्त हुई। किंतु अकबर के धार्मिक और सामाजिक सुधारों से मुसलमान नाराज हो गए,जिनके प्रतिनिधि शेख अहमद सरहिन्दी हुआ,जिसने अकबर को काफिर बताया। हिन्दुत्व और इस्लाम ने एक-दूसरे को प्रभावित तो किया,किंतु यह प्रभाव के नीचे नहीं पहुंच सका। औसत हिन्दू का लक्षण यह है कि मानसिक धरातल पर वह अत्यंत उदार होता है, किन्तु आचरण के स्तर पर उसकी संकीर्णता भी भयानक होती है। दुर्भाग्य की बात यह हुई कि हिन्दुओं ने सामाजिक आचरण में मुसलमानों की उदारता का अनुकरण नहीं किया, न मुसलमानों ने हिन्दुओं से यह सीखने का प्रयास किया कि हमें दूसरे धर्मों का उतना ही सम्मान करना चाहिए, जितना हम अपने धर्म का करते हैं। यदि मुसलमानों ने यह शिक्षा ली होती तो अकबर का वे विरोध नहीं करते,न औरंगजेब के समय में फिर से मंदिरों का नाश हुआ होता।

भारत में जब यूरोप का आगमन हुआ,तब ईसाइयत, बुद्धिवाद और विज्ञान से सामना हिंदुओं का भी पड़ा और इस्लाम का भी। इस टक्कर में आक्रांता एक था,किंतु आक्रांत दो थे। ईसाइयत और बुद्धिवाद से लड़ने के क्रम में हिन्दू वेदों और उपनिषदों की ओर भागे तथा मुसलमान कुरान और हदीस की ओर। नतीजा यह हुआ कि दोनों धर्मों की वे बातें प्रमुख हो गईं,जो उन्हें अलग करने वाली थीं और वे लक्षण उपेक्षित हो गए, जो उन्हें परस्पर समीप ला रहे थे। उन्नीसवीं सदी के नवजागरण से प्रेरित होकर हिन्दू और मुसलमान जागे तो सही,पर अलग-अलग शिविरों में। स्वतंत्रता संघर्ष के क्रम में भारत के भीतर सामाजिक और राजनैतिक तनाव इस कदर बढ़ गया कि उसके कारण भारत का विभाजन करना पड़ा, किंतु विभाजन के बाद भी हिन्दू-मुस्लिम समस्या मौजूद है।

## सोशल फोरम

# मुझे गाड़ी चाहिए



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

**हरा हरे के साथ और भगवा भगवे के साथ ही फिट होगा। आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो डिजाइन भी एक क्यों नहीं हो सकता? मार्केटिंग क्या इतनी ही जरूरी है?**

गाड़ियों के साथ यही मुश्किल है। जब बिगड़ती हैं तो मुश्किल खड़ी कर देती है। आखिर मैं और मेरी गाड़ी भी पहुंच गई मिस्त्री कुर्बान मियां के गैरेज में। कुर्बान मियां ने गाड़ी चेक की,फ्यूल पंप निकाला और कहा- बदलना होगा। नया ले आइए। मैंने कहा-एक काम करो मेरी दूसरी एक गाड़ी खराब हो गई है। उसका फ्यूल पंप इसमें लगा दो। मियां ने पूछा-कौन सी गाड़ी है। मैंने कहा-मटीज।

अजीब बात करते हैं आप। मटीज का फ्यूल पंप हुंडई में कैसे लगेगा? क्यों नही लग सकता? दोनों एक ही काम करते हैं। दोनों एक ही मेटल से बने हैं। ठीक कहते हैं आप, दोनों का मेटल भी एक और काम भी एक,लेकिन ये कंपनियां उसे इस तरह डिजाइन करती हैं कि एक का सामान दूसरे में नहीं लग सकता- कुर्बान मियां मुझे समझाते हुए बोला। इसे आप चालाकी कहिए, बेईमानी कहिए या मार्केटिंग का फंडा कहिए। अपना डिजाईन कुछ तो अलग बनाना ही होगा। वर्ना बिकेगा कैसे। अभी मैं कुर्बान मियां से मजाक कर ही रहा था कि बाजार में हलचल मच गई। मेरी कुछ समझ में नहीं आया। मैंने कुर्बान से पूछा-ये क्या हुआ भाई अचानक।

अचानक कुछ नहीं हुआ। माहौल तो पहले से ही खराब था। लगता है कहीं कुछ हुआ है- कुर्बान मियां बोला। आपको नहीं मालुम, चुनाव होने वाले हैं। कुछ अनहोनी की आशंका तो पहले ही से थी। आजकल जीत का यही तो फंडा है।

मैं भी गाड़ी की चिंता छोड़,अपनी चिंता करते हुए अपने घर की तरफ चल पड़ा, लेकिन सारे रास्ते मेरे कानों में कुर्बान मियां के शब्द गूंजते रहे... सच में एक ही काम और एक ही मेटल से बने होने के बावजूद केवल डिजाइन का अंतर होने के कारण दोनों पार्ट्स एक दूसरे की जगह नहीं लग सकते। हरा हरे के साथ और भगवा भगवे के साथ ही फिट होगा। आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो डिजाइन भी एक क्यों नही हो सकता? मार्केटिंग क्या इतनी ही जरूरी है?

**- फेसबुक वॉल से**

# विचार का अचार



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कोई भी विचार अपने देशकाल के गर्भ से जन्म लेता है, देशकाल में अपनी भूमिका का निर्वाह करता है और अंत में लोक जीवन में समा जाता है, खाद बन जाता है,ताकि आगे के देशकाल में उससे नया विचार जन्म ले सके। नए देशकाल में उस विचार से नया विचार जन्म लेता है। वाद उस विचार का अचार या मुरब्बा होता है। "वाद" अनुवर्ती होता है और किताबी भी होता है,भले ही वह वाद वाम हो या दक्षिण, मार्क्स हो या गांधी।

बहस-बहस खेलने की बात तो अलग है,लेकिन वाद के खूंटे से बंधकर लोक जीवन की एक भी समस्या का समाधान कदापि नहीं हो सकता, क्योंकि देशकाल परिवर्तनशील है। देशकाल बदल चुका है और वाद बीते समय का है, जैसे पुरानी करेंसी। बहुत से लोग हैं, जिनको पुराने सिक्के जमा करने का व्यसन होता है। बस वाद की भूमिका इसी में सिमट जाती है। जिन आचार्यों ने अपने समय में किसी "वाद " को साहित्य की कसौटी बनाया था, असल में वे एक तरह से सत्ता की साधना करके अपने को स्थापित कर रहे थे। सच तो यही है कि साहित्य की कसौटी लोकजीवन है, लोकधर्मिता हैः सुर सरि सम सब कर हित होई। नए विचार के लिए लोक जीवन की पीड़ा में डूबने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। बुद्ध महावीर हों, शंकर, रामानुज, चैतन्य या तुलसीदास हों या कबीर ,नानक और गांधी हों। स्वामी दयानंद पाखंड खंडिनी पताका लेकर खड़े हुए तो इसीलिए कि वे अपने समय के लोक जीवन में अंधेरे को देख चुके थे। अंबेडकर बहुजन समाज की पीड़ा से प्रत्यक्ष रूप में जुड़े हुए थे। ये सभी महापुरुष लोक जीवन में एकाकार हो चुके थे। मार्क्स अपने देशकाल के लोक जीवन की वेदना से व्यथित न होते तो नया विचार कहां से आता? वैज्ञानिकता का तर्क भ्रामक है,क्योंकि जीवन किसी व्याकरण का मोहताज नहीं है, व्याकरण स्वयं जीवन के नियमों की खोज का विज्ञान है।

ठीक इसी तरह भावुकता का वह तर्क कि हमारे बाप इसी कुए का खारा पानी पीते थे। तातस्य कूपोयमिति ब्रुवाणा क्षारम् जलम् कापुरुषाः पिबंति। राष्ट्रवाद अपने देशकाल का प्रगतिशील विचार था,आज वह राजनीति का पैंतरा है। लोक जीवन में नहीं उतर सके हैं तो कोई भी वाद उतनाही रूढ़िवाद है,जितना कोई रिलीजन। रिलीजन भी किसी न किसी रूप में वाद ही होता है। विचार का अचार। वैश्विक बाजारवाद प्रकृति के उसी सिद्धांत को लेकर चल रहा हैः वीर भोग्या वसुंधरा, माइट इज राइट, अर्थात पैसे की ताकत से सब कुछ खरीदा जा सकता है, राजसत्ता भी। आज मनुष्य और मनुष्यता को वैश्विक बाजारवाद का मुकाबला करना है तो इन वादों के पुराने आयुधों से इसका मुकाबला करना संभव नहीं है,जो उसे सम्भव मानते हैं, वे आगे आवें, संघर्ष करें। अब विलंब केहि कारण कीजै।

# आईटी सेक्टर में भी बढ़ रही बेरोजगारी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल आईआईटी मुंबई में इस वर्ष कैंपस इंटरव्यू में 25 प्रतिशत छात्रों को नौकरी नहीं मिली। वहीं न्यूनतम सालाना पैकेज महज 4 लाख रुपए रहा। मुंबई आईआईटी की यह रिपोर्ट पिछले दिनों से चर्चा का विषय है। गत वर्ष भी देशभर में 38 फीसदी आईआईटी छात्रों को कैंपस इंटरव्यू में नौकरी नहीं मिली थी। देश में प्रति वर्ष डिग्री हासिल करने वाले 15 लाख इंजीनियरिंग ग्रेजुएट में से 50 फीसदी युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। आईटी सेक्टर में संकट को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। वैसे तो आईटी सेक्टर में कई वर्षों से लगातार छंटनी हो रही है,लेकिन 2024 में जनवरी से अगस्त तक रिकॉर्ड एक लाख 35 हजार से ज्यादा लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं।

देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पहले से ही संकटग्रस्त है। एमएसएमई ईकाइयां भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही हैं,इनके पुनर्जीवन के सरकारी उपाय नाकामी साबित हुए हैं। कहने का मतलब है कि देश गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है,लेकिन केंद्र सरकार अपनी नीतियों में बदलाव करने के लिए कतई तैयार नहीं है। देश में अनुमानित एक करोड़ पद खाली हैं,उन्हें भी भरने का कोई गंभीर प्रयास नहीं दिख रहे, जब इतने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट बेरोजगार हैं। डिप्लोमा व आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त युवा तो करोड़ों की संख्या में बेरोजगार हैं और जो काम भी कर रहे हैं उसमें बहुतायत युवा बेहद कम वेतन पर काम करने के लिए विवश हैं। पहले से ही स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त युवा करोड़ों की संख्या में बेरोजगार हैं तब एक साल के इंटर्नशिप देकर इन युवाओं को कैसे रोजगार मिलेगा,इसका कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। सीएमआईई के हाल में जारी आंकड़ों में रिकॉर्ड नौ फीसदी से ज्यादा बेरोजगारी की दर है। यह तब है जब कि यूनिवर्सिटी कालेज के करोड़ों छात्रों समेत अन्य करोड़ों बेरोजगारों को शामिल ही नहीं किया जाता है,क्योंकि उन्हें लेबर फोर्स में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा बेरोजगारी,अल्प रोजगार और न्यूनतम मजदूरी से भी कम दरों पर काम करने वाले करोड़ों शिक्षित व उच्च शिक्षित युवा/युवतियों की आर्थिक हालत का आकलन किया जाए तो देश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति की सही तस्वीर सामने आएगी। जैसा कि कारपोरेट्स समर्थक पैरोकार मानते हैं कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह पूरी तरह से गलत है।

देश में संसाधनों की भी कतई कमी नहीं है,लेकिन बड़े पूंजी घरानों ने अकूत मुनाफा कमाकर बेतहाशा संपत्ति अर्जित की है। कौन नहीं जानता कि इस संपत्ति को इनके द्वारा कैसे अर्जित किया गया है। सवाल है कि सरकार के खजाने में अधिकांश हिस्सा आम लोगों के प्रत्यक्ष व परोक्ष टैक्स से ही आता है। ऐसे में इन अरबपतियों की संपत्ति व उत्तराधिकार कर क्यों नहीं लगाया जाता,जबकि इनके ऊपर दो प्रतिशत संपत्ति कर और इसी तरह इस्टेट ड्यूटी जैसे अन्य में समुचित टैक्स ही रोजगार सृजन, शिक्षा स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी जैसे सवालों को हल करने के लिए पर्याप्त है। देश के युवा मंच अन्य सहयोगी संगठनों से मिलकर रोजगार अधिकार अभियान में इन सवालों पर बड़े पैमाने पर छात्रों, आम नागरिकों और नागरिक समाज समेत समाज के सभी तबकों से संवाद कर रहे हैं जरूरत है कि इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाए।

# सौंदर्य



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम लोग जानते हैं कि सौंदर्य दो प्रकार के होते हैं- बाह्य और आंतरिक। शारीरिक सौंदर्य बाह्य है,जबकि मन और आत्मा का सौंदर्य आंतरिक। बाह्य सौंदर्य को देखने में करीब-करीब सभी समर्थ होते हैं,लेकिन आंतरिक सौंदर्य देखने के लिए अपने को ऊपर उठाना पड़ता है। प्रेम हमें ऊपर उठाता है, श्रद्धा ऊपर उठाती है,करुणा ऊपर उठाती है। जब हम किसी के प्रेम में आपाद मस्तक डूब जाते हैं, जब हमारा संपूर्ण अस्तित्व उसके साथ लयबद्ध हो जाता है,तब हमारा प्रिय जैसा है,उससे हजार-हजार गुना अधिक सुंदर दिखाई देने लगता है।

बाहर से देखने में भले ही कुरूप हो,लेकिन प्रेमी को कुरूपता दिखाई नहीं पड़ती और जिसके हृदय में प्रेम उत्पन्न होता है,उसका हृदय प्रकाश से भर उठता है। उसके हृदय में आनंद की वर्षा होने लगती है। यह प्रेम प्रकाश उसके बाह्य सौंदर्य को भी निखार देता है। बाह्य सौंदर्य एक तथ्य है,जबकि आंतरिक सौंदर्य एक सत्य। दोनों सौंदर्य वास्तविक हैं,लेकिन आंतरिक ज्यादा वास्तविक है,क्योंकि इसकी यात्रा अलौकिकता और शाश्वतता की ओर हो सकती है,जबकि बाह्य सौंदर्य अनिवार्यतः कुरूपता और नश्वरता की ओर जाएगा। प्रेम के ठीक विपरीत घृणा और ईर्ष्या हमारे भीतर कुरूपता को जन्म देती है और दाहकता पैदा कर भारी दुख देती है। बाह्य सौंदर्य से संपन्न व्यक्ति भी ईर्ष्या और घृणा के कारण कुरूप दिखने लगता है।

## सार-संक्षेप

### देहरादून में सीबीएसई बॉक्सिंग में खेलेगा निर्भय


निर्भय सागर।

**खटीमा :** देहरादून में आयोजित होने वाली सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिंद पब्लिक स्कूल का छात्र निर्भय सागर 50-52 किग्रा भारवर्ग में प्रतिभाग करेगा। खेल महाकुंभ में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए निर्भय सागर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। प्रबंधक नीरज कुमार, प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य बीडी जोशी, उप प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, शिखा पुनेठा, गीता कन्याल, रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, गौरव सिंह, योगेश गुप्ता, अनन्या, पूनम गुम्बर आदि ने बधाई दी है।

### भाजपा ने की मतदाता पुनरीक्षण की मांग

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराए जाने की मांग की। एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पूर्व में मतदाता पुनरीक्षण किया गया था किंतु नगर पालिका परिसीमन के बाद कुछ मतदाताओं के नाम सूची में शामिल होने से रह गए हैं। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं में छूटे हुए मतदाताओं को पुनरीक्षण की कार्यवाही के बाद मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में किशोर जोशी, भुवन जोशी, शिव शंकर भाटिया, विमला बिष्ट, कौष्टुभानंद जोशी, अनीता ज्याला, जानकी गोस्वामी, मुकेश गिहार आदि शामिल थे।

### पोषण माह को लेकर निकाली जन जागरूकता रैली

**किच्छा :** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत रैली निकालकर जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान किच्छा में पोषण माह के महत्व को लेकर मुख्य सेविका कुसुम लता सिंह के नेतृत्व में आंगनबाड़ी वर्कर एवं सहयोगियों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य सेविका कुसुम लता सिंह ने बताया कि इस दौरान कुपोषण मुक्त भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर शाहजहां, तरन्नुम, रिहाना, पूजा, अनुराधा, आसमा, तबस्सुम, मुनीजा, गीता दुआ, फरहाना मलिक, नाज, सविता, भावना, रिजवाना आदि मौजूद रहे।


मतदाता सत्यापन कार्य का औचक निरीक्षण करतीं तहसीलदार शुभांगिनी।

### तहसीलदार ने किया मतदाता सत्यापन कार्य का निरीक्षण

**जसपुर :** बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा मतदाता सत्यापन का 78% कार्य पूरा किया जा चुका है। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसीलदार जसपुर शुभांगिनी व नायब तहसीलदार भुवन चंद्र ने नगर पंचायत महुआडाबरा व गांव कासमपुर में मतदाता सत्यापन के कार्य का औचक निरीक्षण किया। इसके दौरान उन्होंने मतदाताओं से सत्यापन कार्य के बारे में भी जानकारी ली।

### जसपुर में रामलीला मंचन 2 अक्टूबर से

**जसपुर :** श्री उमा दत्त रंगमंच रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा द्वारा रामलीला का मंचन आगामी 2 अक्टूबर से नगर के धर्मशाला मंदिर परिसर में किया जाएगा। रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला के मंचन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। रामलीला मंच का जीर्णोद्धार विधायक निधि से किया गया है। इसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है। मंच का कार्य अंतिम दौर में है। पुताई आदि का कार्य चल रहा है। जो एक-दो दिन में पूरा हो जाएगा।


गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गन्ना किसानों को जानकारी देने के लिए की गोष्ठी

**काशीपुर :** ग्राम जुड़का में गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। बुधवार को गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने किसानों को भूमि की जांच कराने सलाह दी। कहा कि भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। जांच कराने से पता चलता है कि भूमि में कौन से तत्व की कमी है। गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने गन्ने में आने वाली विभिन्न बीमारियों व उसकी रोकथाम के लिए उपयोगी दवाओं के विषय में जानकारी दी। इस दौरान संजय कुमार, श्रीमन्नालाल समेत किसान मौजूद रहे।


श्रीराम संस्थान में चर्चा करते छात्र। ● अमृत विचार

### श्रीराम संस्थान में सामूहिक चर्चा गतिविधि हुई

**काशीपुर :** श्रीराम संस्थान में वाणिज्य और प्रबंधन विभाग ने एमबीए छात्रों के लिए सामूहिक चर्चा गतिविधि का आयोजन किया। गतिविधि का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डॉ. योगराज सिंह ने किया। जिसमें उन्होंने वर्तमान समय में रोजगार की संभावनाओं में समूह चर्चा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. शोभित त्रिपाठी, कुलदीप गोस्वामी, अंशुल नाथ, सुनीता रावत, लोकेश पाण्डेय, डॉ. फराह नईम, डॉ. कार्तिकेय भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


सुल्तानपुर पट्टी में अमितेश कुमार का स्वागत करते समाजसेवी।

### पशु चिकित्साधिकारी बनने पर अमितेश को किया सम्मानित

**सुल्तानपुर पट्टी :** मोहल्ला टांडा बंजारा के रहने वाले अमितेश कुमार राज का पशु चिकित्साधिकारी के पद पर चयन होने पर नगर में खुशी का माहौल है। अमितेश कुमार राज के घर पहुंचने पर नगरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। अमितेश कुमार राज ने यूकेपीसीएस (लोकसेवा आयोग) की परीक्षा पास की है। उनका चयन पशु चिकित्साधिकारी के पद पर हुआ है। समाजसेवी राजीव सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल आदि ने अमितेश कुमार राज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अमितेश कुमार राज के पिता अधिवक्ता प्रेम सिंह सागर व माता प्रधानाचार्य ज्ञानो देवी ने बताया की अमितेश शुरू से ही पढ़ाई में एक अच्छे विद्यार्थी रहे हैं। इस मौके पर अनिल गुप्ता, बबलू सैनी, क्षितिज पाठक मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजे

## बनबसा में किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन, खटीमा और बाजपुर में निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सर्राफा एसोसिएशन एवं गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र द्वारा गणेश महोत्सव के पांचवें दिवस पर गणपति बप्पा मोरया.. के जयकारों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली।

नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा का बनबसा बैराज के लिए प्रस्थान किया गया। जहां गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में नीरज रस्तोगी अमित वर्मा सुधीर वर्मा, रमेश चंद्र जोशी मनोज वाधवा, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, अरविंद शिंदे आकाश रस्तोगी अमरदीप रस्तोगी , जगजीवन वर्मा,अनुराग, तरुण रोहेला, राजपाल रस्तोगी,अनिल,वर्मा ,अनुपम वर्मा ,राघव अग्रवाल, रवि वर्मा, पंकज वर्मा अजीत मराठा, गणेश पाटिल हिमांशु अग्रवाल, सुनील मराठा आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। नीरज रस्तोगी ने बताया कि बृहस्पतिवार को रामलीला मैदान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।


खटीमा में शोभा यात्रा के बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बाजपुर :** क्षेत्र में भोना कॉलोनी में स्थापित की गई श्रीगणेश भगवान की प्रतिमा का कोसी नदी में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। इससे पूर्व नगर में गाजे-बाजे के साथ कस्बा क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाया। बताया गया कि पांच दिन पूर्व गणेश चतुर्थी पर भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा कार्यक्रम स्थल पर स्थापित की गई थी जिसमें बुधवार को विधि-विधान से पूजन इत्यादि करके गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा की झांकी निकाली गई, जोकि विभिन्न मोहल्लों व चौराहों से होते हुए सुल्तानपुर पट्टी कोसी नदी पहुंचे और वहां मूर्ति को विसर्जित किया गया।



बाजपुर में श्रीगणेश जी की प्रतिमा के विसर्जन से पहले शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।


शांतिपुरी में नंदाष्टमी मेले के दौरान आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# डोला विसर्जन के साथ नंदाष्टमी मेला संपन्न

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी क्षेत्र में दो दिवसीय मां नंदाष्टमी मेला विशाल भंडारे एवं डोला विसर्जन के साथ संपन्न हो गया है। शांतिपुरी क्षेत्र के शांतिपुरी नंबर दो ढ़ांकानी, शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी, शांतिपुरी सत्संग आश्रम, शांतिपुरी नंबर पांच सुर्यनगर व शीशमभुजिया में बुधवार को नंदाअष्टमी मेला जारी था।

बुधवार को शांतिपुरी नंबर दो ढ़ांकानी में आयोजित नंदाअष्टमी मेले में प्रातः काल पुजारी पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, पुजारी गोविंद सिंह रौतेला, पुजारी उदय सिंह कोरंगा, पुजारी भवान सिंह मेहर, पुजारी कुंवर सिंह मेहर, पंडित ललित मोहन जोशी, पंडित बसंत तिवारी, पंडित नन्दाबल्लभ जोशी, पंडित लक्ष्मी दत्त तिवारी, पंडित प्रकाश चंद तिवारी व मंदिर कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में देव आहवान, देवी पूजन, हवन यज्ञ एवं बौर नृत्य तथा कन्या पूजन के साथ मां नंदा के डोले का ढोल दमाऊ, भूकर, झांजर एवं घंटे, घड़ियाल पौराणिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ मां नंदाष्टमी का डोला विसर्जन किया। इस दौरान विनोद कोरंगा, बीएस कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी, नेत्र सिंह टाकुली, नारायण सिंह कोरंगा, प्रकाश कोरंगा, बिरेंद्र सिंह कोरंगा, केदार सिंह कोरंगा, श्याम सिंह कोरंगा, भुपेंद्र सिंह कोरंगा, तारा दानू, चन्दन सिंह मेहता, भवान सिंह कोरंगा, प्रदीप कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# खाद्य प्रसंस्करण का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत पूरनपुर के गांव नादेही में जिला योजना के अंतर्गत फल प्रबंधन एवं खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं जसपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक शंकर लाल कोहली ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए आम, अमरूद, लीची, नींबू, अनार व कटहल आदि का बाग लगाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा दी जाने वाली 50% की आर्थिक सहायता की जानकारी दी। नेहा वर्मा प्रभारी उद्यान सचल दल रायपुर ने उद्यान विभाग से 80% आर्थिक सहायता पर मशरूम उत्पादन कर आय बढ़ाने का आह्वान किया।

हीरा सिंह लटवाल प्रभारी फल संरक्षण काशीपुर ने 35% सहायता पर मिनी राइस प्लांट, फ्लोर मिल, बेकरी उत्पाद, सरसों तेल उत्पाद, मैक्रोनी अचार आदि योजनाओं से किसानों को उद्योग लगाने की जानकारी दी। ग्राम प्रधान नादेही जयराम सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक शंकर लाल कोहली ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर डॉ. सुखचरन सिंह, विश्वजीत सिंह, मनोज चौहान आदि मौजूद रहे।


ग्राम नादेही में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेते स्वयं सहायता समूह व प्रगतिशील किसान।

## 12 किमी जर्जर मार्गों का कैनाल विभाग करेगा जीर्णोद्धार

**खटीमा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग बनबसा बरेली इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 में नेपाल सीमा से लगे क्षेत्र में लगभग 12 किलोमीटर जर्जर मार्गों का जीर्णोद्धार करेगा।

इन मार्गों में नहर पटरी मार्ग, लाल कोठी मोटर मार्ग, नदन्ना नहर संख्या दो पटरी मार्ग, काला पुल झनकईया मोटर मार्ग, हल्दीघेरा में पक्की सड़क से बल्देव के घर की ओर के मार्ग सम्मिलित हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एमसी पलडिया और सहायक अभियंता पीपी तिवारी ने बताया कि 11. 664 किमी मार्ग मरम्मत की पहल पर अनापत्ति कैनाल विभाग को दे दी गई है।

## सार-संक्षेप


दिनेशपुर में सदस्यता अभियान चलाती भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य।

### लक्ष्य के पार जाएगा भाजपा का सदस्यता अभियान

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** भाजपा जिला मंत्री कविता नेगी के नेतृत्व में दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर सदस्यता अभियान चलाया। जिला मंत्री नेगी ने कहा कि छह साल बाद सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकांश नये सदस्य ऑनलाइन आवेदन कर सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा व महिलाओं की रुचि को देखते हुए भाजपा का सदस्यता अभियान लक्ष्य से अधिक जाएगा। इस मौके पर प्रियंका जोशी, हंसी पंत, बबीता त्रिपाठी, पूजा पंत, पुष्पा जोशी, मंजू पंत, तनुजा जोशी, जानकी जोशी, पुष्पा शर्मा आदि मौजूद रहीं।



राइंका बाजपुर गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते बीईओ सत्येंद्र यादव।

### नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक

**बाजपुर :** राजकीय इंटर कॉलेज बाजपुर गांव में बुधवार को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी एंड वेलनेस लैब का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी सत्येंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर बीईओ ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए ऐसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभप्रद एवं रोजगारपरक हैं। कहा कि विद्यार्थी इस शिक्षा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य अरुण सिंह चौहान ने लैब से संबंधित जानकारी दी व सभी का आभार जताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, डॉ. बीबी पाठक, एसएन सिंह, शिक्षक आजाद, कन्याल, अरविंद मौजूद रही।

# क्लस्टर गर्ल्स कबड्डी खटीमा में 14 से होगी



खटीमा में पत्रकारों के रूबरू होती प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सीबीएसई क्लस्टर गर्ल्स कबड्डी का आयोजन पहली बार खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 40 जिलों के सौ विद्यालयों के करीब 1500 खिलाड़ी शामिल होंगे।

नोजगे पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रबंधक सुरेंद्र कौर ने कहा कि इस बार खटीमा में सीबीएसई क्लस्टर गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता होने जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य 14 सितंबर को इसका शुभारंभ करेंगी। चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में 112 मैच होंगे। यह भी कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को सीबीएसई की तरफ से प्रशस्ति पत्र व मेडल दिए जाएंगे।

### बस में यात्रियों को परेशान कर रहे चार नशेड़ियों को पकड़ा

**किच्छा, अमृत विचार :** रोडवेज की बस में यात्रा के दौरान नशेड़ियों द्वारा यात्रियों को परेशान किए जाने की डायल 112 पर सूचना के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बस में मौजूद यात्रियों द्वारा आरोपियों पर अन्य यात्रियों को बेवजह परेशान किए जाने का आरोप लगाया गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद चारों युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। दिल्ली से टनकपुर जा रही रोडवेज बस में युवकों द्वारा यात्रियों को परेशान किए जाने की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलने के बाद सितारगंज मार्ग पर बरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने सड़क के बीच बैरियर लगाकर रोडवेज बस को रोक लिया। पुलिस द्वारा बस रोके जाने के बाद यात्रियों ने चार युवकों पर बस में हुड़दंग करने एवं यात्रियों को परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस ने ग्राम धूनाघाट, थाना लोहाघाट निवासी रोहित भूरा एवं कमल सिंह, ग्राम मछियाना, थाना रीठा साहिब निवासी नीरज भंडारी तथा रीठा साहिब निवासी दीपक सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी।

### 14 ओवरलोड वाहन सीज, 75 वाहनों से जुर्माना वसूला

**किच्छा :** ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाते हुए कोतवाली पुलिस की टीम ने 14 ओवरलोड वाहन कब्जे में लेकर सीज कर दिए। इस दौरान पुलिस ने 75 वाहनों का चालान कर 29 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिस प्रशासन भी अलर्ट नजर आ रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान एवं प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में प्रशासन की टीम द्वारा अलग-अलग कार्रवाई की गई। टीम ने काली मंदिर तिराहा, दरऊ चौक, टोल प्लाजा, दरऊ पुलिस चौकी, हल्द्वानी रोड, बरेली मार्ग, आदित्य चौक आदि क्षेत्रों में अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक वाहन चालक को शराब पीकर गाड़ी चलाते हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने ओवरलोड के आरोप में 14 वाहनों को सीज कर अपने कब्जे में ले लिया।


किच्छा में गर्भवती महिला की गोद भराई करते महिला कर्मी।

### मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का किया वितरण

**किच्छा :** आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर प्रथम में पोषण माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर लखविंदर कौर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और लाभार्थियों को पोषण तत्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, प्रसव पूर्व जांच के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता आदि के बारे में महिलाओं को विस्तार से बताया। आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया गया। इस मौके पर कार्यकत्रियों द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन कर कई तरह के पोषक व्यंजन तैयार किए गए। कार्यक्रम में तमाम महिलाओं ने शिरकत की।

## इतिहास परिषद के महेंद्र अध्यक्ष बने

**बाजपुर :** बुधवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास व्याख्यान कक्ष में इतिहास परिषद के गठन के लिए स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के इतिहास के विद्यार्थियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से इतिहास परिषद 2024-25 के लिए एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी महेंद्र सिंह बोरा को अध्यक्ष, एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा निशा को उपाध्यक्ष, बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र राजकुमार राणा को सचिव व बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशी शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में इतिहास विभाग प्रभारी डा.मनुहार आर्य ने इतिहास परिषद के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# राज्यस्तरीय कबड्डी का आगाज

- एससी खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग
- तीन दिवसीय होगी प्रतिस्पर्धा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय देहरादून एवं जिला प्रशासन के आदेश पर मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अनुसूचित जनजाति ओपन कबड्डी प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। इसमें कई जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट अमृता शर्मा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के प्रति सजग है और जिला प्रशासन की देखरेख में प्रतिस्पर्धा करा रहा है। जहां युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

वहीं प्रदेश सरकार व प्रशासन विजेता खिलाडियों को प्रोत्साहित करेगी। ताकि युवा पीढ़ी खेलों के माध्यम से अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। प्रतिस्पर्धा में प्रदेश की नौ टीमों ने हिस्सा लिया। पहला मुकाबला देहरादून व उत्तरकाशी के मध्य खेला गया। जिसमें देहरादून 25 प्वाइंट्स से विजय रहा। दूसरा मुकाबला चमोली व जोशीमठ के मध्य खेला गया। जिसमे चमोली 16 प्वाइंट्स से विजय रही।

तीसरा मुकाबला रामनगर व बाजपुर के मध्य खेला गया। जिसमें रामनगर 25 प्वाइंट्स से विजय रही। इस मौके पर गौरव उपाध्याय, विशाल सिंह, साक्षी चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

### दहेज के लिए गर्भवती महिला से मारपीट

**सितारगंज :** सोनिया कौर निवासी विडोरा मझोला ने पुलिस को तहरीर सौंप कर न्याय की गुहार लगाई। सोनिया कौर हाल में अपने मायके साधुनगर में रह रही है। सोनिया का आरोप है कि डिंपल सिंह से उसकी शादी अगस्त 2023 में हुई थी। मायके वालों ने शादी में दान दहेज भी अपनी हैसियत के मुताबिक दिया था। लेकिन विवाह के पांच माह बाद से ही पति डिंपल सिंह, सास कुलबन्त कौर, नंद सुनीता कौर तीनों मिलकर मारपीट गाली गलौच और दहेज की मांग कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति किसी और लड़की को लेकर भाग गया है। इससे पहले भी वह एक लड़की के साथ शादी करके छोड़ चुका है। इसकी जानकारी शादी के बाद मिली। सोनिया का कहना है अब उसका पति उसे तलाक दे रहा है जबकि वह उसके बच्चे की मां बनने वाली है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसकी सास जबरन उसे यह कहकर की तू ससुराल में रहकर क्या करेगी तेरा पति तो कहीं और भाग गया है, 23 मई 2024 को उसके मायके छोड़ गई। पीड़िता ने पुलिस से यह कहकर गुहार लगाई है जल्द जल्द कार्यवाही करें क्योंकि मेरे बच्चे के जन्म का समय नजदीक है।

## सार-संक्षेप


नवनियुक्त एसएसपी मिश्रा को गुलदस्ता भेंट करते आर्म्स डीलर। ● अमृत विचार

### आर्म्स डीलरों ने की नवनियुक्त एसएसपी से शिष्टाचार भेंट

**किच्छा** : आर्म्स डीलर एसोशिएशन से जुड़े तमाम सदस्यों ने नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कुमाऊं मंडल आर्म्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू के नेतृत्व में जिले के तमाम आर्म्स डीलर जिला मुख्यालय स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसएसपी मणिकांत मिश्रा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान आर्म्स डीलर्स ने नए कप्तान मिश्रा से आर्म्स व्यापार को लेकर तमाम बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पर बाबू सलीम, अमित वर्मा, गुरचेतन सिंह, मोहम्मद नाजिम, पारस नाथ, सौभाग्य टंडन, तारीक अनवर, गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाजपुर के ज्वैलर्स से हजारों रुपये की ठगी

**बाजपुर** : दो युवकों ने बाजपुर के एक ज्वैलर्स से हजारों रुपये की ठगी कर ली और फरार हो गए। मामला सामने आने पर संगठित हुए ज्वैलर्स ने एक आरोपित को ढूंढ़ निकाला जिसे देर सायं कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बुधवार की सायं दो युवक ज्वैलरी की कई दुकानों पर होते हुए वार्ड नंबर-तीन रामाश्रम मार्ग की गली में स्थित अमर ज्वेलर्स पर पहुंच गए। पहले आरोपियों ने साथ में लेकर आए गले की चांदी की चेन में टांका लगवाया। इसके पश्चात दुकान पर बैठे दुकान स्वामी अमर सिंह के भांजे रवि कुमार से सोने की अंगूठी दिखाने को कहा, लेकिन सायं का वक्त होने के चलते रवि ने उन्हें अंगूठी दिखाने में अनाकानी की। इस बीच आरोपियों ने पेटीएम में 20 हजार रुपये होने का दावा करते हुए कहा कि हमारे पास पैसा है हम पेटीएम करेंगे अंगूठी दिखाओ जिसके चलते रवि ने पहले दुकान में रखी सोने की कई अंगूठियां दिखाईं, लेकिन वह आरोपियों को पसंद नहीं आई तथा उन्होंने इनसे भी बजन की अंगूठी दिखने को कहा। इस पर रवि ने बराबर में स्थित दूसरे ज्वेलर्स से कुछ अंगूठियां लाकर आरोपितों को दिखाईं। आरोप है कि इसी बीच उन्होंने रवि को चकमा देते हुए अपने हाथ के अंगूली में पहनी नकली अंगूठी को बाक्स में रख दिया और सोने की असली अंगूठी पहनकर रफूचक्कर हो गए। इसी बीच पंजाब ज्वेलर्स से लाई गई अंगूठी जब उसे वापस की गई तो बजन में अंतर आ गया। बाक्स खोलकर जांच की तो उसमें एक अंगूठी पीतल धातु की निकली जिसकी जानकारी से हड़कंप मच गया। सीसीटीवी कैमरे चेन किए तो आरोपी अंगूठी बदलते हुए साफ दिख रहा है। घटना की सूचना से सभी ज्वेलर्स संगठित हो गए और अन्य व्यापारियों की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। देर रात एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल

**बाजपुर** : देर रात घनी आबादी में भीड़भाड़ के बीच तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें चार युवकों के चोटें आई हैं। वहीं घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। बुधवार की देर सायं करीब साढ़े सात बजे नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर इंटर कालेज मार्केट में पीपल वाली गली के सामने तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार चार युवक दूर जा गिरे और बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। अचानक हुई घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई जिन्होंने घायलों को नजदीक ही एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। इनमें से रोड पर बेसुध अवस्था में पड़े एक युवक को चिकित्सक ने उपचार देने से मना कर दिया तो लोग उसे ई-रिक्शा में डालकर अन्यत्र ले जाने लगे। इसी बीच उसे होश आ गया। बताया जाता है कि तीन युवक नशे में थे। पुलिस ने दो युवकों व बाइकों को कब्जे में ले लिया है।

### राधे हरि कॉलेज में कार्यशाला का समापन

**काशीपुर** : राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही चार दिवसीय नेशनल स्टॉक एक्सचेंज कार्यशाला का बुधवार को समापन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शेयर बाजार, निवेश एनएसई समेत कई विषयों की जानकारी दी गई। बुधवार को कार्यशाला के समापन के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एससी कुशवाह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए उनके भविष्य को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा। इस दौरान प्रो. मुकेश जोशी, डॉ. संतोष पंत, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. आकाश, डॉ. विवेक, पूजा, डॉ. आकाश, डॉ. अंकुर भटनागर आदि मौजूद रहे।

### प्राइवेट माइनिंग टीम पर उत्पीड़न का आरोप

**सितारगंज** : एक ट्रक स्वामी ने प्राइवेट माइनिंग टीम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है। बुधवार को ट्रक स्वामी गिरीश तिवारी निवासी सिसौना ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि 10 सितंबर को स्टोन क्रशर से रेता भरा, लेकिन व्यापारी ने सुबह उतारने को कहा। इस पर चालक ने रेता वाहन माइनिंग चेकपोस्ट में पास कराकर घर में गाड़ी खड़ी कर सो गया। सुबह माइनिंग चेक पोस्ट पर रॉयल्टी चढ़ाकर रेता उतारने के लिए जाने लगा तो माइनिंग फ्लाइंग टीम ने 62,950 का चालान काट दिया। उन्होंने संबंधित मार्ग की सीसीटीवी फुटेज चेक कर जांच की मांग की है।

### सत्यापन के दौरान मिले 12 संदिग्ध, पूछताछ में जुटी पुलिस

**सितारगंज** : सिडकुल चौकी पुलिस ने क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को 12 संदिग्ध किरायेदार मिले हैं। पुलिस उनको चौकी में ले जाकर पूछताछ कर रही है। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि सिडकुल क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया है। अभी तक 200 मकान स्वामियों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया है। नौ मकान स्वामियों पर किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर कोर्ट की चालानी कार्रवाई की गई है। 14 लोगों के पुलिस एक्ट में चालान किए हैं। 12 किरायेदारों के संदिग्ध होने के कारण पुलिस चौकी लाकर पूछताछ कर रही है। चौकी इंचार्ज ने कहा कि अपराधी सिडकुल क्षेत्र में अपराध कर न छिपें, इसके लिए सत्यापन अभियान जारी रहेगा।

# तीन दिवसीय सुपोषित किशोरी सशक्त नारी प्रदर्शनी शुरू

## विधायक अरविंद पांडेय ने किया शुभारंभ, रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां, बोले-देश में कुपोषण की समस्या चिंता का विषय



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते विधायक अरविंद पांडेय। ● अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय पोषण माह के तहत युवा भवन में तीन दिवसीय सुपोषित किशोरी-सशक्त नारी, जागरूकता कार्यक्रम प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी ने ही बेटियों-माताओं के स्वास्थ्य की चिंता की है। यही कारण है कि सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण विशेषज्ञ डॉ. अंशुल टंडन ने कहा कि गरीब से गरीब के घर में आज ऐसा भोजन मुहैया है, जिससे शरीर को पर्याप्त पोषण मिल सकता है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्देश्य भी यही है। देश में कुपोषण की समस्या एक चिंता का विषय है, अपर्याप्त एवं असंतुलित भोजन अधिकांश बीमारियों का मुख्य कारण है। पोषण अभियान का मुख्य लक्ष्य गर्भवती महिलाओं, दुग्धपान कराने वाली माताओं एवं छह वर्ष से कम आयु के बच्चों व किशोरियों में पोषण संबंधी समस्याओं का समाधान करना है। ताकि सुपोषित भारत का निर्माण हो सके। इस दौरान रंगोली प्रतिस्पर्धा में प्रेमलता, निरुपमा, बबली-हेमलता को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह, राजीव कांबोज, राजीव चुघ,मुकुल चौधरी, व्योमा जैन, बीएस रावत, आशा नेगी, हेमा कांडपाल आदि मौजूद रहे।


गणेश महोत्सव में शिव पार्वती बने कलाकारों के साथ मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### धनपुरी चौराहे पर गणेश महोत्सव की धूम

**हल्द्वानी** : धनपुरी चौराहे पर ग्रामीणों की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में कार्यक्रमों की धूम रही। बुधवार को मूर्ति विसर्जन व भंडारे का आयोजन किया गया। मूर्ति विसर्जन से पहले क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान शिव-पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर हरीश गुप्ता, चंदन बाबाजी, मोहन टेलर्स, मनोज, राधाकृष्ण गुप्ता, राकेश गुप्ता, मदनराम, इंदर राम, तुला सिंह, सुशील चंद आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रबंधक संघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में मान्यता प्राप्त प्रबंधक संघ का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

बुधवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) हरेंद्र कुमार मिश्रा ने की। विद्यालय की प्रबंधिका शिल्पी गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान संघ के काशीपुर इकाई अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा एवं उपाध्यक्ष प्रीति अरोड़ा ने कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष मोहम्मद रफीक, महासचिव जितेंद्र दत्त देवलाल, कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग, संयुक्त सचिव नाजिम खान, सह कोषाध्यक्ष सुधाकर बिष्ट, प्रचार मंत्री यासिन अंसारी, मीडिया प्रभारी रवि मेहंदीरत्ता, सोशल मीडिया प्रभारी अनमोल शर्मा, संगठन मंत्री बबलू, ऑडिटर भुवन उपाध्याय के साथ शपथ ग्रहण की। समारोह की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता ने की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, अजय कुमार विश्नोई, संजीव कुमार राय, वीरेंद्र कुमार साहू, सुशील कुमार शर्मा, राम प्रकाश गुप्ता, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश चौबे, आईएमए अध्यक्ष डॉ. यशपाल रावत आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में शपथ लेने के बाद अतिथियों के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सुरक्षा कर्मियों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**पंतनगर:** झा-कॉलोनी में ड्यूटी कर रहे सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में घुसपैठ कर रहे एक चोर को पकड़ लिया। जिसे गहन पूछताछ के बाद पंतनगर थाने की पुलिस को सौंप दिया गया। मंगलवार देर रात लगभग डेढ़ बजे विवि के सुरक्षा कर्मी मस्जिद के पास झा-कॉलोनी में ड्यूटी पर मुस्तैद थे। इसी दौरान उन्होंने लगभग 25-26 वर्षीय एक दुबले-पतले युवक को मुख्य मार्ग से परिसर के अंदर आते देखकर टोका, तो युवक भागते हुए गलियों में गुम हो गया। सुरक्षा कर्मी युवक को बमुश्किल पकड़कर सुरक्षा विभाग में लाए और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। एएसओ डीपी यादव ने पहुंचकर युवक से पूछताछ की, तो युवक ने बताया कि उसका नाम नीरज कुमार निवासी भनौली अल्मोड़ा है। वह कुछ दिन पूर्व ही अमृतसर (पंजाब) से अटरिया मोड़ निवासी अपनी बहन के यहां आया था और आज चोरी करने के इरादे से पंतनगर पहुंचा था। बताया कि वह कुछ दिन पूर्व रुद्रपुर से एक बाइक चोरी में जेल जा चुका है। तलाशी में उसके पास से लगभग 20 ग्राम चरस भी बरामद हुई। उसके बताए नंबर से संपर्क करने पर उसकी बहन ने युवक के कथन की पुष्टि की। जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने युवक को पंतनगर थाने के सुपुर्द कर दिया।

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

रामपुर की रहने वाली एक युवती ने बताया कि जसपुर के भोगपुर डाम तीर्थ नगर बरी आंवला निवासी वीर पाल सिंह उसकी बहन का देवर है। उसका वीरपाल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक उसे शादी का झांसा देकर जून में थाना ट्रांजिट कैंप स्थित अटरिया ढाल में एक कमरे में ले आया। जहां युवक ने बीस दिन तक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जब शादी का दबाव बनाया तो इंकार करते हुए उसने जान से मारने की धमकी दी। आरोप था कि युवक के खिलाफ थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद अदालत में याचिका डालकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दबोचा दुष्कर्म का फरार आरोपी, भेजा जेल

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके की रहने वाली एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी युवक को दबोच लिया और न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि प्रीत विहार की रहने वाली एक युवती ने 10 सितंबर 2024 को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था और आरोप लगाया था कि ग्राम पाली भोगीपुर नरूवल कानपुर व हाल निवासी आनंद बिहार कॉलोनी वार्ड-छह प्रीत बिहार के पवन उर्फ नीरज ठाकुर ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### वर्ग पहेली-189

**बाएं से दाएं**
1. शुभकारक, मंगलकारक।
4. मनोभावों की प्रधानता वाला गीत।
5. जलाशयों के किनारे पाया जाने वाला खजूर की जाति का एक ख़ूबसूरत पेड़।
7. उसी आकार या रूप का, उसी तरह का।

**ऊपर से नीचे**
1. तोता।
2. कृष्ण, वासुदेव।
3. किसी राज्य या देश के उन बालिग व्यक्तियों की सूची जिन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हो, (वोटर्स लिस्ट)।
4. फ़सल का वह भाग जो मज़दूर को खलिहान की राशि में से मिलता है।
6. 1. हाथ की हथेली 2. मात्रिक छंदों में चार मात्राओं के गण का एक रूप 3. छप्पय छंद का एक भेद।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | | | ■ | |
| 6 | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

**वर्ग पहेली -188 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ | ह | 2 म | ■ | 3 अ | ■ |
| ■ | ■ | ह | ■ | नु | ■ |
| ■ | ■ | ल् | ■ | 4 कं | 5 दु |
| 6 अ | भि | ले | ख | पा | ल |
| व | ■ | दा | ■ | ■ | ख |
| दा | ■ | री | ■ | ■ | ना |
| 7 ह | ठी | ■ | 8 ध | नु | ■ |

### सुडोकू -102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 5 | | 2 |
| | | 3 | | | 5 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | 7 | | 1 |
| | 4 | 2 | | 8 | | | 5 | |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 1 | | 2 | 8 | |
| 5 | | 9 | | 4 | | 3 | | |
| | 3 | | 2 | | | 8 | | |
| 1 | | 7 | 6 | | | 4 | | |


**सुडोकू - 101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 7 | 6 | 1 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 23.32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 21.53 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**वृष** – आज आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। मन में निराशा का भाव न पनपनें दें।

**मिथुन** – आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं, लेकिन अत्यधिक अधीरता ठीक नहीं है। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए। प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करें। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन अवश्य लें। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों के साथ लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। व्यापार में परेशानी हो सकती है। अहम् की भावना के कारण नुकसान हो सकता है। दांपत्य संबंधों में आत्मीयता बढ़ेगी। गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान हो सकता है।

**तुला** – आज दोपहर के बाद कोई शुभ समाचार मिल सकता है। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में आपका नाम होगा। आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

**वृश्चिक** – आज नए घर या जमीन में निवेश कर सकते हैं। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। संतान के प्रति गौरवान्वित महसूस करेंगे। रिश्तों में प्रेम भावना का विकास होगा।

**धनु** – आज पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। काल्पनिक विचारों में खोए रहेंगे। काम रुक-रुक कर होंगे, लेकिन आपको सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर** – आज अनावश्यक विचारों से आपको बचना चाहिए। मान-अपमान का भय रहेगा। बहुत से काम एक साथ करने का प्रयास न करें। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें।

**कुंभ** – आज अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। अपनी मनः स्थिति में शांत रखें। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें।

**मीन** – आज यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
आग ही आग – सुबह : 09.00
विक्की डोनर – रात : 09.00

**SONY PIX**
लाइट्स आउट – सुबह : 11.11
वेनम – रात : 09.00

**&pictures**
केसरी – सुबह : 10.55
मदारी – रात : 08.00

**ZEE CINEMA**
शिवम – सुबह : 11.01
मंगलावरम – रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
गब्बर इज बैक – दोपहर : 12.51
खुदा गवाह – रात : 07.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- यार तेरे घर से रोज हंसी की आवाज आती है। इस खुशहाल जिंदगी का राज क्या है?
पप्पू- वो क्या है न कि मेरी बीवी रोज मुझे जूतों से मारती है, लग जाए तो वो हंसती है और न लगे तो मैं हंसता हूं। बस ऐसे ही हंसी-खुशी जिंदगी गुजर रही है।
पड़ोसी बेहोश।

साइंस की टीचर क्लास में पढ़ा रही थी, टीचर ने पप्पू से कहा - तू बता जिंदा रहने के लिए क्या-क्या चीजें जरूरी हैं?
पप्पू - नहीं पता मैडम
टीचर - अरे जो आता है वही बता
पप्पू - जिंदा रहने के लिए तेरी कसम एक मुलाकात जरूरी है सनम...

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ व्यापारी निरंजन गोयल का निधन


निरंजन गोयल।

**रानीखेत :** श्री शिव मन्दिर समिति के आजीवन सदस्य व नगर के वरिष्ठ व्यापारी निरंजन गोयल (75) के निधन पर श्री शिव मन्दिर समिति ने शोक व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष कैलाश पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री गोयल के निधन को शिव मन्दिर समिति के लिए बड़ी क्षति बताते हुए सदस्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी तथा परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। शोक सभा में जगदीश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पूरन नेगी, अगस्त लाल साह, दिनेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, रमेश खंडेलवाल, अनिल वर्मा, राम चन्द्र मराठा, गौरव भट्ट, राजेन्द्र पन्त, अभिषेक काण्डपाल, मोहन बिष्ट आदि रहे।

### डीएम आवास पर तैनात पुलिस सिपाही निलंबित

**टनकपुर, अमृत विचार :** चम्पावत में जिलाधिकारी आवास की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस कर्मी को शराब पीकर ड्यूटी करने व लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। आरक्षी पर मादक पदार्थ का सेवन कर ड्यूटी करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मादक पदार्थ के सेवन की तस्दीक होने पर सुरक्षा गारद में तैनात आरक्षी को बुधवार को निलंबित कर दिया है। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान आरक्षी ईश्वरी के मादक पदार्थों के सेवन की पुष्टि होना पाया गया। मामले की जांच की जा रही है। निलंबित आरक्षी को पुलिस लाइन संबद्ध किया गया है।

### बिनसर अग्निकांड में मारे गए कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

**अल्मोड़ा :** वन बलिदान दिवस पर सिविल सोयम वन प्रभाग ने बिनसर प्रवेश द्वार पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बिनसर अग्निकांड में मारे गए कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बीते 13 जून को बिनसर अभ्यारण्य क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लग गई थी। जंगल को आग से बचाने के दौरान आग की लपटों में घिर गए। जिससे कई कर्मचारियों की मौत हो गई। कहा कि वनों को आग से बचाने की हम सब की जिम्मेदारी है। यहां प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, प्रदीप कुमार धौलाखंडी, वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल, ईश्वर जोशी आदि रहे।


टनकपुर में सीओ शिवराज सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते टैक्सी स्वामी व चालक।

### नशाखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई

**टनकपुर :** पूर्णागिरि टैक्सी एसोसिएशन से जुड़े टैक्सी स्वामियों व चालकों ने कुछ नशाखोर लोगों द्वारा उत्पीड़न किये जाने व सवारियों को बाहर की टैक्सियों व प्राइवेट वाहनों में बैठाने का आरोप लगाया है। यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार के नेतृत्व में टैक्सी वाहन स्वामियों व चालकों ने टनकपुर कोतवाली पहुंचकर सीओ शिवराज सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि टनकपुर पीलीभीत चुंगी में आये दिन कुछ नशेड़ी व्यक्तियों द्वारा सभी मार्गों की टैक्सियों और प्राइवेट वाहनों को रोककर उनमें जबरन सवारियां बैठाकर अवैध वसूली की जा रही है। कहा कि यूनियन में शामिल कुछ टैक्सी स्वामियों व चालकों द्वारा भी बाहरी क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहनों में सवारियां बैठाकर अवैध वसूली की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में दीपक जोशी, बंटी, हरीश, मोहित, जीतू, मुकेश, निकिल गुप्ता, रामबाबू, राकेश आदि मौजूद रहे।

### कटखने बंदरों व आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में कटखने बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता रहा है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने डीएम से मुलाकात कर बंदरों और आवारों कुत्तों से निजात दिलाने की मांग उठाई। मामले को लेकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। आवारा कुत्तों के झुंड और बंदर आए दिन लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बंदर खेती बाड़ी चौपट कर रहे हैं। शहर में बंदरों के आतंक ने दहशत है। जबकि आवारा घुम रहे पशुओं ने परेशानी और बढ़ा दी है। लोगों ने एक स्वर में समस्याओं के समाधान के लिए उचित रणनीति बनाने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में विनय किरौला, गिरीश नाथ गोश्वामी, लावण्य पंत, वैभव जोशी, अमरीश पवार, अशोक साह, स्माइल, ईशान साह, जीशान खान, रौनक बिष्ट, अमित चंदेल, विशाल वर्मा, किशन वाल्मीकि, लकी, मीना पंत, बीना पंत रहे।


अल्मोड़ा गांधी पार्क में धरना देते मुस्लिम समुदाय के लोग।

### मोहम्मदी जुलूस की अनुमति नहीं मिलने से आक्रोश

**अल्मोड़ा :** मोहम्मदी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश है। विरोध में नाराज लोगों ने बुधवार को मोहम्मदी जुलूस समिति के बैनर तले गांधी पार्क में धरना दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मुस्लिम समुदाय के लिए पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि अल्मोड़ा को छोड़ अन्य शहरों में हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर 16 सितंबर को मोहम्मदी जुलूस निकाला जाता है। तीन दशक पूर्व अल्मोड़ा में भी इसकी शुरुआत की गई। लेकिन तब कुछ लोगों के विरोध के चलते प्रशासन ने अनुमति देने से मना कर दिया। आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली। जिससे मुस्लिम समुदाय के लोग मायूस हैं। लोगों ने एक स्वर में मोहम्मदी जुलूस निकाले की इजाजत देने की मांग उठाई। यहां समिति संयोजक अमीननूर्रहमान, अख्तर हुसैन, अब्दुल निजाम कुरैशी, समीम अहमद, अफसर अली, नईम खान, मोहम्मद नाजिम, कमर खान, जमशेद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मां नंदा-सुनंदा के दर्शन पाकर धन्य हुए भक्त

## नंदाष्टमी पर मंदिर में सुबह से लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता, चंदवशीय राज परिवार ने की विशेष पूजा अनुष्ठान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में बुधवार को नंदाष्टमी पर मां नंदा-सुनंदा का आशीर्वाद लेने वालों का तांता लगा रहा। नंदा देवी मंदिर परिसर में ब्रह्म मुहूर्त से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं को दर्शनों के लिए बारी का इंतजार करना पड़ा।

नंदाष्टमी की देर रात चंदवंशीय राज परिवार के युवराज ने मां नंदा-सुनंदा की तांत्रिक पूजा की। तांत्रित पूजा में राजपुरोहित परिवार ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। वहीं, बीते मंगलवार को मंदिर परिसर में देर रात तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें लोक कलाकार गजेंद्र राणा ने कुमाऊनी गढ़वाली गीतों की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। लोक कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में स्थानीय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने कार्यक्रम का जमकर लुप्त उठाया।


अल्मोड़ा में नंदाष्टमी पर मां नंदा-सुनंदा के दर्शन को उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भीड़।


रानीखेत में नंदा देवी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### माता की चौकी में भजनों की धूम

**अल्मोड़ा :** ऐतिहासिक नंदा देवी मेला चरम पर है। मां नंदा सुनंदा के दर्शन को सुबह से नंदा देवी परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मेला समिति की ओर से भी विभिन्न प्रतियोगिताएं समेत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार दिन में माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें माता नंदा गौरी तू दैंण हैजाए भजन पर भी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

### मां नंदा-सुनंदा महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

**रानीखेत :** 134वें मां नंदा-सुनंदा महोत्सव में सोमवार रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। संस्कृति विभाग के सौजन्य से आमंत्रित नव हिमालय लोक कला समिति के कलाकारों ने देर रात्रि तक लोक संस्कृति आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजपुरा मैदान मेला स्थल पर सांस्कृतिक मंच में सोमवार नव हिमालय लोक कला समिति अल्मोड़ा के कलाकारों ने लोकनृत्य एवं गीतों से पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गोकुल बिष्ट के निर्देशन में लोकनृत्य गीतों में पर्वतीय लिलाओं के विरह गीतों से लेकर उल्लास और उत्साह के प्रतीक छपेली नृत्य की प्रस्तुति दी। और दर्शकों को देर रात तक आनंदित किया।

### कोट भ्रामरी नंदाष्टमी मेले का समापन

**गरुड़ :** रंगारंग कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय सुप्रसिद्ध कोट भ्रामरी नंदाष्टमी मेले का समापन हो गया है। मेले का समापन करते हुए जिपं अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि मेलों में हमें लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट व पूर्व विधायक ललित फर्सवाण ने कहा कि मेलों में हमें लोक संस्कृति के विविध रंग देखने को मिलते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक मंच में पंडाल के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता करते हुए मेलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट ने मेले के सफल संचालन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डीएस मेहता व चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान तहसीलदार निशा रानी, देवेंद्र गोस्वामी, इंद्र सिंह बिष्ट, जेसी आर्या, हरीश रावत, डीके जोशी, रमेश जोशी, कैलाश बोरा, राजू नेगी, अक्कू रावत, चंदन थायत, मोहन जोशी आदि उपस्थित रहे।


अल्मोड़ा स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

### गोल्डन बॉयज ने दर्ज की शानदार जीत

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा स्टेडियम में विक्टोरिया प्रीमियर लीग प्रतियोगिता जारी है। बुधवार को प्रतियोगिता के तहत दो मुकाबले खेल गए। जिसमें पहला मुकाबले में गोल्डन बॉयज की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मुकाबले में शिव शक्ति और अल्मोड़ा क्रिकेटर के बीच मैच टाई रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूपेंद्र बगड़वाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद अल्मोड़ा क्रिकेटर्स और गोल्डन बॉयज के मध्य खेला गया। जिसमें गोल्डन बॉयज ने शानदार जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं, दूसरा मुकाबला शिव शक्ति और अल्मोड़ा क्रिकेटर के बीच खेला गया। जिसमें मुकाबला बराबर का रहा और मैच टाई रहा।

## जिले में पर्यटन बढ़ाने के लिए होंगे प्रयास: डीएम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** डीएम आलोक कुमार पांडे ने जिले में विकास कार्यों समेत अन्य प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे।

कलक्ट्रेट में प्रेस वार्ता में डीएम ने कहा कि अल्मोड़ा अपनी संस्कृति, शिक्षा एवं प्रशासनिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है। उनका प्रयास रहेगा कि अल्मोड़ा अपनी पहचान को बनाए रखे। उन्होने


आलोक कुमार पांडे।

महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करने की बात कही। वहीं, कसारदेवी, बिनसर वाइल्डलाइफ, जागेश्वर मंदिर समूह आदि धार्मिक व साहसिक पर्यटन केंद्र में यहां के लोगों की आर्थिकी को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर लोगों की आर्थिकी बढ़ाने के प्रयास होंगे।

### किशोर के नहर में डूबने की आशंका, तलाश जारी

**बनबसा :** ग्राम सभा फागपुर निवासी किशोर के एनएचपीसी पावर चैनल में डूबने की आशंका के बाद बुधवार दूसरे दिन भी पुलिस के गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम द्वारा किशोर की तलाश की गई। लेकिन किशोर का कुछ पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा फागपुर के कुमाउखेड़ा के रहने वाले मोहन मिस्त्री का 17 वर्षीय पुत्र अखिल बीते रविवार को एनएचपीसी पावर चैनल के पास गया था। उसकी चप्पलें पावर चैनल के किनारे पैराफिट पर मिलीं और वहां पर रगड़ने के निशान से परिजनों ने किशोर के नहर में डूबने की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि अभी किशोर का पता नही चल सका है।

## पहाड़ी से गिरने से पूर्व ग्राम प्रधान की मौत

- घर से जंगल की ओर जा रहे थे पूर्व ग्राम प्रधान अमरनाथ गोस्वामी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** चम्पावत जिले के लधिया घाटी के गडयूड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान अमरनाथ गोस्वामी की पहाड़ी से गिरने से मौत हो गई। इस वाकये से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक 45 वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान अमरनाथ गोस्वामी अपने घर गूंठा से जंगल की ओर जा रहे थे। तभी वे पैदल जाते वक्त


अमरनाथ गोस्वामी।

पहाड़ी से नीचे गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन पर सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रशेखर जोशी, दीपक शर्मा, रमेश मथेला, हीराबल्लभ जोशी, प्रकाश चंद्र कुंवर, ईश्वरी दत्त जोशी, हुकम सिंह कुंवर, जगदीश कुंवर, तारादत्त भट्ट, पूरन सिंह, लालूनाथ, चंदन सिंह बिष्ट आदि ने दो मिनट का मौन रख शोक जताया।

## विकास भवन में गंदगी देख भड़के डीएम

- जिलाधिकारी ने किया विकास भवन का निरीक्षण, साढ़े दस बजे पहुंच गए कार्यालय
- एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश, कर्मचारियों में हड़कंप

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई बुधवार पूर्वाह्न साढ़े दस बजे विकास भवन पहुंच गए। अचानक जिलाधिकारी को कार्यालय में देखकर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में गंदगी देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने पत्रवालियों, अभिलेखों का रखरखाव सही नहीं मिलने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों में संचालित विभागों का निरीक्षण किया तो अधिकारी व कर्मचारी सकते में आ गए। उन्होंने कार्यालयों में अभिलेखों के अव्यवस्थित मिलने तथा जगह-जगह गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सभी कार्यालयों में साफ सफाई का उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। अग्निशमन उपकरणों को समय-समय पर चेक करने को कहा। डीएम ने कहा कि अलमारी के अंदर किन अभिलेखों और पत्रवालियों को रखा गया है इसका ब्यौरा अलमारी के बाहर भी चस्पा किया जाए। ताकि फाइलों को निकालने में आसानी हो। डीएम ने अलमारियों के ऊपर रखी अव्यवस्थित सामग्रियों को तत्काल हटाने को कहा। कार्यालय में प्लास्टिक का उपयोग कतई न करने व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ आरसी तिवारी, पीडी शिल्पी पंत, डीडीओ संगीता आर्या आदि मौजूद रहे।


विकास भवन कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

## उत्तर प्रदेश

# खुसरो कॉलेज का चेयरमैन गिरफ्तार

- डी फार्मा के 379 छात्रों को फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने बेटे को भी किया गिरफ्तार
- एसआईटी जांच में धोखाधड़ी में हाथ होने की प्रारंभिक पुष्टि
- तीसरे फरार आरोपी डॉ. विजय शर्मा की तलाश में भी लगातार दबिशें

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शेर अली जाफरी व उसका बेटा फिरोज अली।

> खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज के खिलाफ सैकड़ों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने की प्रारंभिक पुष्टि के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआईटी और दोषियों का भी पता लगा रही है। **- अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**अमृत विचार :** खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज अली जाफरी को 379 छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ प्रारंभिक तौर पर छात्रों से धोखाधड़ी करने की पुष्टि हुई है। इस मामले में फरार तीसरे आरोपी डॉ. विजय शर्मा की तलाश में भी लगातार दबिश दी जा रही हैं। खुसरो कॉलेज प्रबंधन ने वर्ष 2019 से 2023 तक 379 छात्रों के डी फार्मा और पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश लिए थे। कोर्स पूरा होने के बाद सभी को डी फार्मा की फर्जी मार्कशीट और डिग्री दे दी गईं। कुछ छात्रों ने नौकरी के आवेदन के साथ ये मार्कशीट लगाईं तो सत्यापन में उनके फर्जी होने का खुलासा हुआ। कॉलेज से कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर छात्रों ने थाना सीबीगंज में तहरीर दी। पुलिस ने भी टालमटोल की तो तमाम छात्रों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत की।

उन्होंने इंस्पेक्टर सीबीगंज को तलब कर नाराजगी जाहिर की, तब रिपोर्ट दर्ज हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से इसी के साथ प्रकरण की गहन जांच के लिए एसपी दक्षिणी मानुष पारीक के नेतृत्व में एसआईटी भी बना दी। एसआईटी ने कई दिन लगातार जांच के बाद छात्रों के साथ की गई धोखाधड़ी में शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज का हाथ होने की प्रारंभिक पुष्टि के बाद बुधवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक छात्रों से ली गई फीस शेर अली और फिरोज के ही बैंक खातों में जमा की जाती थी। बता दें कि इस मामले में जांच के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने भी आईआईटी सीबीगंज के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह और मीरगंज के एसडीएम न्यायिक रामजनम यादव की दो सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी पाया था कि कोई वैधानिक अनुमति न होने के बावजूद खुसरो कॉलेज में डी फार्मा के छात्रों के दाखिले लेकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया था।

## महोली में हाइवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत दो लोगों की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली हाइवे पर महोली इलाके में कंटेनर और ट्रक की आमने- सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कंटेनर और ट्रक चालक ने दम तोड़ दिया। एक साथी गंभीर है। महोली कोतवाली क्षेत्र में कारीपाकर गांव के करीब शाहजहांपुर की तरफ से विपरीत दिशा में कंटेनर आ रहा था। वहीं दूसरी तरफ से ट्रक जा रहा था।

कोतवाली प्रभारी महोली विनोद मिश्रा ने बताया कि मैंगलगंज की ओर से आ रहा कंटेनर बायीं की जगह दायीं ओर के रास्ते पर चल रहा था। तभी कंटेनर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग और राहगीर इकट्ठा हो गए। पीछे से कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। किसी तरह कंटेनर मे फंसे चालक को बाहर निकाला। लेकिन उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कंटेनर चालक की पहचान बरेली के गौसगंज निवासी महावीर सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह के रूप में हुई।

## रील के चक्कर में दंपति और बच्चे की ट्रेन से कटकर मौत

- मेला देखने आए थे, उमरिया नहर पुल पर रील बनाने लगे
- धड़धड़ाती ट्रेन की चपेट में आए सीतापुर के दंपति
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे शव, कोहराम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

> काफी दुखद हादसा है। पति-पत्नी और बच्चे की मौत हुई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दंपती रेलवे पुल पर मोबाइल से रील बना रहे थे और सेल्फी ले रहे थे, तभी सीतापुर की तरफ से ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में दोनों आ गए। **-पवन गौतम,** एएसपी पूर्वी

**अमृत विचार:** रेलवे लाइन पर रील बना रहे दंपति और बच्चे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दंपति सीतापुर के रहने वाले थे। वे ढाई साल के बेटे के साथ 40वें का मेला देखने आए थे।

सीतापुर के कस्बा लहरपुर के मोहल्ला शेख टोला निवासी मोहम्मद अहमद (30) पत्नी नाजमीन और ढाई साल के पुत्र अकरम के साथ बुधवार सुबह क्वेंटी कलां गांव में चल रहे 40 वें का मेला देखने आए। इस दौरान दंपति उमरिया रेलवे नहर पुल पर चले गए और मोबाइल से रील बनाने और सेल्फी लेने लगे। नाजमीन की गोद में बच्चा था। इसी बीच सीतापुर से लखीमपुर खीरी जा रही ट्रेन धड़धड़ाती आ गई।

दंपति पुल पर बच नहीं सके और ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शवों के चीथड़े करीब तीन सौ मीटर दूर तक बिखर गए। पुलिस और आरपीएफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पहचान होने के बाद मृतकों के घर वालों को खबर की गई। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव सौंप दिए।

## सीएम आज शुरू करेंगे अटल स्कूलों का शैक्षिक सत्र



**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत करेंगे। लखनऊ के मोहनलालगंज में ग्राम सिठौली कला स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सभी 18 मंडलों में एक साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 के आरंभ की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर योगी इन विद्यालयों के मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी देंगे, जबकि प्रवेशित छात्रों को स्कूल बैग का भी वितरण करेंगे। इस दौरान वह स्कूल के छात्रों की प्रतिभा भी देखेंगे। मुख्यमंत्री के समक्ष बीते शैक्षिक सत्र में छात्रों द्वारा बनाए गए इनोवेटिव और मॉडर्न मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे।

# 'गणपति बप्पा मोरया' से गूंजा नगर

- नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह भंडारे का भी हुआ आयोजन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर बुधवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान रहा। गणेश प्रतिमा को क्वारब में विसर्जित कर दिया गया।

नगर के राजपुरा धूनी मंदिर, दुगालखोला, एनटीडी, जौहरी बाजार में आयोजित गणेश महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो मंगलमूर्ति के भजन गाते चल रहे थे। वहीं, शोभा यात्रा से पूर्व जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने बप्पा का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद मांगा।


अल्मोड़ा में भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु।


चिलियानौला में श्री गणेश की शोभायात्रा में शामिल भक्त।

### भव्य शोभा यात्रा के साथ गणेश महोत्सव संपन्न

**रानीखेत :** चिलियानौला शिव मंदिर में गणेश महोत्सव का शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर अबीर-गुलाल के साथ भक्तजन भजन, कीर्तन और गणपति बप्पा मोरया की जयकार करते हुए यात्रा में शामिल हुए। प्रात: समय भक्तजनों ने पूजा, अर्चना और यज्ञ में भाग लिया। तत्पश्चात दोपहर में शिव मंदिर से भगवान गणेश की शोभायात्रा संपूर्ण बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए हैड़ाखान मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

शोभा यात्रा में धनश्याम गुरुरानी, भगवती गुरुरानी, भगवान दुर्गापाल, मीनाक्षी, भुवन जोशी, कमलेश तिवारी, नितिन गुरुरानी, संजय दुर्गापाल, हरीश लोहनी, हेमा, विमला, ईश्वरी दत्त, चतुर सिंह, बसंत गिरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2300, राज श्री 1550, फॉर्चून कि. 1840, रविन्द्रा 2210, फॉर्चुन ली. 1690, जय जवान 1645, सचिन 1660, सूरज 1670, अवसर 1735, राग गोल्ड 1775, गृहणी ली 1685, क्लासिक (किलो) 1785, मोर 1790, चक्र टिन 2115, ब्लू 1805, आशीर्वाद मस्टर्ड 2130, स्वास्तिक 2270 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 9700–10300, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13700, अरहर पटका मोटा 14000, अरहर कोरा मोटा 14200, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी –डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी 4020।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72900 |
| सिल्वर ( पक्की) | 840 (अनुमानित) |

# देश को ग्रीन हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- भारत स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो संदेश से ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया और जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत को अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

हम जी20 देशों में से पहले थे, जिन्होंने हरित ऊर्जा पर पेरिस समझौते को समय से पहले पूरा किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन ऐसी ही एक सफलता है, जिसमें रिफाइनरियों, उर्वरकों, इस्पात और भारी शुल्क वाले परिवहन जैसे कठिन-से-विद्युतीकरण क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। 2023 में शुरू राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन इस महत्वाकांक्षा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नवाचार को बढ़ावा देगा, बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा और हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगा। उन्होंने अक्षय ऊर्जा विकास में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए कहा कि पिछले दशक में भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और इसी अवधि में 3000 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन पर कहा कि इसमें न केवल आठ लाख करोड़ के निवेश और छह लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है, बल्कि आयातित प्राकृतिक गैस और अमोनिया पर निर्भरता को भी काफी कम करेगा।

# कंपनी की डेट समझें और करें शेयर का मूल्यांकन

किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझने के लिए उसकी उधारी ( डेट ) का विश्लेषण जरूरी है। उधारी, जिसे लायबिलिटीज भी कहते है, जो कंपनी के लिए उधार को दर्शाती है। इसके मुख्य प्रकार वर्तमान लायबिलिटीज ( जिनका भुगतान एक वर्ष में ) और दीर्घकालिक लायबिलिटीज ( जिनका भुगतान एक वर्ष से अधिक समय में ) होते हैं। उधारी के प्रबंधन को समझने के लिए, डेब्ट–टू–इक्विटी अनुपात, डेब्ट–टू–एसेट अनुपात, और इंटरेस्ट कवरेज अनुपात जैसे वित्तीय मानकों का विश्लेषण किया जाता है। ये मानक कंपनी की उधारी की मात्रा, ब्याज भुगतान की क्षमता और वित्तीय स्थिरता की स्थिति को स्पष्ट करते हैं। आईये इसके बारे में जानते हैं....

**बैलेंस शीट :** इसमें कंपनी की वित्तीय स्थिति की जानकारी होती है, जिसमें उधारी (लायबिलिटीज) भी होती है।

**आय विवरण :** इसमें कंपनी की आमदनी और खर्चे होते है। यह उधारी के भुगतान पर होने वाले ब्याज का विवरण देता है।

**वार्षिक रिपोर्ट :** कंपनियां वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण और स्थिति की जानकारी देती हैं। इसमें उधारी भी शामिल होती है।

**सेबी फाइलिंग्स :** कंपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध है तो सेबी या अन्य नियामक संस्थाओं के साथ उसकी फाइलिंग्स में उधारी के विवरण मिल सकते हैं।

**अन्य घोषणाएं :** कभी कंपनियां वित्तीय स्थिति का प्रेस रिलीज जारी करती हैं।

**क्रेडिट रिपोर्ट्स :** क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां (क्रिसिल, आईसीआरए) कंपनियों की उधारी की जानकारी देती हैं। ये कंपनी की स्थिति को समझने में मदद करती हैं।

### उधारी की मात्रा का आकलन

**डेब्ट–टू–इक्विटी अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की उधारी उसके शेयरधारकों की पूंजी की तुलना में कितनी है। सामान्यत:, कम अनुपात अधिक अच्छा है।

**डेब्ट–टू–एसेट अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की कुल संपत्तियों के मुकाबले कितनी उधारी है।


**ब्याज भुगतान :** यह बताता है कि कंपनी अपने ब्याज भुगतान को कितना आसानी से वहन कर सकती है। यह कंपनी की वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

**नकदी प्रवाह :** कंपनी के नकदी प्रवाह की निगरानी करें। यदि कंपनी के पास पर्याप्त नकदी प्रवाह नहीं है, तो वह उधारी का भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर सकती है।

**कंपनी की वेबसाइट और निवेशक संबंध :** कंपनियां अपनी वेबसाइट पर निवेशक संबंध के पेज पर वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण, और अन्य दस्तावेज़ अपलोड करती हैं।

**संरचना :** क्या कंपनी के उधार की संरचना दीर्घकालिक है या तात्कालिक है और क्या इसमें उच्च ब्याज दर वाले ऋण हैं।

**योजनाएं :** कंपनी की मौजूदा वित्तीय योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा करें। यह समझने में मदद करेगा कि कंपनी अपनी उधारी को नियंत्रित करने के लिए क्या कर रही है।



# वाहन उद्योग ग्राहक, बिक्री के बाद की सेवाओं पर ध्यान दे : गडकरी

नई दिल्ली,एजेंसी



- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने फाडा के कार्यक्रम में कहा- वाहन डीलर का आत्मनिर्भर भारत के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और इसे ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। गडकरी ने वाहन डीलरों के निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि वाहन डीलर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गडकरी ने कहा कि वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि यह क्षेत्र ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में नवाचार जारी रखे। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को आगे बढ़ाने में फाडा और उसके सदस्यों की भूमिका को बहुत महत्व देती है। उन्होंने वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार के हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया।

# निर्यात और आयात से जुड़ी हर जानकारी देगा व्यापार पोर्टल

- मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी सूचनाएं देगा पोर्टल : गोयल

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को निर्यात-आयात से जुड़ी सभी जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा।

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी रेगा। उन्हें विदेश में भारतीय दूतावास, वाणिज्य विभाग, निर्यात संवर्धन परिषद जैसी प्रमुख सरकारी संस्थाओं और विशेषज्ञों से जोड़ेगा।

# 6जी सेवा पेटेंट में देश की नजर 10% पर : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को दूरसंचार मंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। वह एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सिंधिया ने कहा कि जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम भारत 6जी अलायंस को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस भारत 6जी अलायंस से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष तक स्थापित दिया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि देश में साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। 20,000 और टावर लगाए जाने है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।



## एक नजर

### चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा कारावास में बदली

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा को बुधवार को 30 वर्ष के कारावास में बदल दिया। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में विस्फोट हुए थे। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने एनआईए की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। 2021 में अदालत ने कुल नौ लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास और दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा और एक अन्य को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

### फर्जी खबर प्रसारित करने में एक पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर फर्जी खबर प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बंगाल पुलिस ने बुधवार को एक्स पर कहा कि सोशल मीडिया पर अविश्वास पैदा करने तथा सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से प्रधान न्यायाधीश को बदनाम करने तथा उच्चतम न्यायालय की गरिमा पर प्रहार करने के लिए फर्जी खबर प्रसारित की गयी। कृष्णगंज पुलिस थाने में फूलबाड़ी के सुजीत हलदार के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

### हौद खोदने के दौरान मिट्टी में दबने से तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक हौद खोदने के दौरान मिट्टी ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक जाकिर अख्तर ने बताया कि राजनपुरा गांव में मकान में हौद की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह गई, जिसमें दबने से किशन सिंह (40), उनके दो भतीजे राहुल (16) और विक्की उर्फ विकास (15) की दम घुटने से मौत हो गई।

### छह किलो हेरोइन मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने छह किलो हेरोइन मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान मनवीर सिंह निवासी थत्थे गांव सरहाली, तरनतारन जिले के रूप में हुई है। वह सदर नकोदर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के संबंध में वांछित था।

# शिमला मस्जिद विवाद में तोड़े अवरोधक, पुलिस से झड़प

## लोगों ने प्रदर्शन के दौरान किया पथराव, पुलिस ने भीड़ हटाने को पानी की बौछारें मारी और किया लाठीचार्ज

- विरोध के लिए निषेधाज्ञा का किया उल्लंघन, प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर शुरू किया मार्च

शिमला, एजेंसी

शिमला के संजौली क्षेत्र में मस्जिद के अवैध हिस्से को ध्वस्त करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों की बुधवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए अवरोधकों को तोड़ दिया और पथराव किया, पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया।

प्रदर्शनकारी सब्जी मंडी ढल्ली में एकत्र हुए और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए तथा प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर संजौली की ओर मार्च शुरू कर दिया। उन्होंने ढल्ली सुरंग के पास लगाए अवरोधक तोड़ दिए। हिंदू समूहों के आह्वान पर एकत्र लोगों ने संजौली में प्रवेश किया और मस्जिद के पास लगे दूसरे अवरोधक को तोड़ दिया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें छोड़ीं। पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के सचिव कमल गौतम सहित कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया तथा मस्जिद के पास फिर से अवरोधक लगाए, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने जाने से इनकार करते हुए नारेबाजी की। झड़प से संजौली, ढल्ली और आसपास के इलाकों के बच्चे स्कूलों में फंसे रहे। झड़प और पथराव से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पुलिस कार्रवाई में कुछ लोगों को चोटें आई हैं। शिमला एसपी संजीव गांधी, डीजीपी अतुल वर्मा के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। गांधी ने कहा कि हम बातचीत से स्थिति शांत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई नेता नहीं है और भीड़ सुनने को तैयार नहीं है।




शिमला के संजौली इलाके में मस्जिद में अवैध ढांचे को गिराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा अवरोधक को हटाते लोग।

### मस्जिद के संबंध में कानूनी कार्रवाई करेगी सरकार

संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बढ़ते तनाव और विवादित ढांचा गिराने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों के बंद के आह्वान के बीच इलाकों में पुलिस बल तैनात है। शिमला जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगाया है। हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शांति रखने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार मस्जिद के संबंध में कानूनी कार्रवाई करेगी। यह केवल एक ढांचे का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे 4,000–5,000 से अधिक अधिक ढांचे हैं। 14 वर्ष से यह मामला नगर निगम आयुक्त की अदालत में लंबित रहा है और सुनवाई तेज करने के प्रयास किए जाएंगे।

# बेबुनियाद बयानों से राहुल ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत-चीन सीमा मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष के दावों को भी रक्षामंत्री ने किया खारिज

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में दिए बयानों के लिए बुधवार को राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि नेता प्रतिपक्ष विदेश दौरों पर भ्रामक, बेबुनियाद और तथ्यहीन बयान देकर देश की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को भी खारिज करते हुए कहा कि जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका में किए हैं, वे भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। राजनाथ ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बेबुनियाद है। भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसे पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। उनके बारे में इस तरह की मनगढ़न्त बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने किए हैं, वे भ्रामक हैं। लगता है कि मुहब्बत की दुकान चलाते- चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल बैठे हैं।

# गुजरात में झंडा लगाने पर सांप्रदायिक झड़प में दो घायल, 17 हिरासत में

- दोनों पक्षों से किए पथराव से कुछ वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त

**भरूच (गुजरात)।** गुजरात में भरूच जिले के इलाके में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गोकुल नगर इलाके में मंगलवार रात हुई इस घटना में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दंगाइयों को तितर-बितर किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। भरूच के पुलिस अधीक्षक मयूर चावड़ा ने कहा कि दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और एक-दूसरे पर पथराव करने लगे, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए और कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। चावड़ा ने बताया कि एक समुदाय के लोगों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और हिंसा में शामिल दूसरे समुदाय के 17 लोगों को हिरासत में लिया है।

# सजा निर्धारित करना दोषी का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### मृत्युदंड का अनुरोध

- पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति ने मौत को बताया बेहतर

पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति के जीवन पर्यन्त आजीवन कारावास को मृत्युदंड से कहीं अधिक बदतर बताने पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आप चाहते हैं कि आपकी सजा फांसी में बदल दिया जाए।

स्वामी श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा (84) ने रिहाई का अनुरोध करते हुए कहा कि वह बिना किसी पैरोल या छूट के कारावास में है और जेल में रहने के दौरान उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल मामला दर्ज नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने रिहाई की याचिका रद कर दी। हालांकि पीठ 2008 के फैसले की समीक्षा के लिए अलग याचिका पर सुनवाई को सहमत है, जिसमें निर्देश दिया गया था कि उसे उसके शेष जीवन तक जेल से रिहा नहीं किया जाएगा।

# आप ने की चौथी सूची में 21 नामों की घोषणा

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप ने 21 उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी की, जिसमें जुलाना से कविता दलाल को कांग्रेस की विनेश फोगट और भाजपा के योगेश बैरागी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। पार्टी द्वारा जारी उम्मीदवारों की यह चौथी सूची है। आप ने अंबाला छावनी सीट से राज कौर गिल को मैदान में उतारा है, जबकि करनाल से सुनील बिंदल मैदान में हैं। निशांत आनंद गुरुग्राम से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ बातचीत विफल होने के बाद आप ने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी।

# एनएमसी से निष्पक्ष काम करने की अपेक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सरकार का एक अंग है और उससे निष्पक्ष तथा तर्कसंगत तरीके से काम करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही, शीर्ष अदालत ने केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर दी और याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ मेडिकल कॉलेज को शिक्षण वर्ष 2023-24 के लिए सीट की संख्या 150 से बढ़ाकर 250 करने की दी गई मंजूरी वापस लेने संबंधी मामले में एनएमसी और अन्य की याचिकाओं पर विचार कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि किसी पक्ष को मंजूरी के लिए एक अदालत से दूसरी अदालत का चक्कर लगवाना, खासतौर पर जब संस्थान 18 वर्षों से संचालित है, केवल उस संस्थान को परेशान करने का प्रयास है। पीठ ने नौ सितंबर को पारित आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि एनएमसी का रवैया आदर्श याचिकाकर्ता का नहीं है। एनएमसी सरकार का अंग है और उससे निष्पक्ष कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। पीठ ने कहा कि विशेष अनुमति याचिकाएं कानून का दुरुपयोग हैं और इसलिए इन्हें रद किया जाता है तथा 10 लाख का जुर्माना भी लगाया जाता है, जिसका भुगतान चार सप्ताह में किया जाना चाहिए।

# मणिपुर में छात्रों और पुलिस में झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में एक दिन पहले राजभवन की ओर कूच करने का प्रयास कर रहे छात्रों और सुरक्षाबलों में झड़प होने के बाद बुधवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कर्फ्यू आज सुबह भी जारी रहा, जबकि अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिसकर्मी इंफाल में गश्त कर रहे हैं।

### प्रदर्शन के बाद विवि की परीक्षाएं स्थगित

**इंफाल।** छात्रों की सुरक्षा बलों से झड़प के एक दिन बाद राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य बुधवार को गुवाहाटी रवाना हो गए। मणिपुर विश्वविद्यालय ने भी अगले आदेश तक सभी स्नातकोत्तर (पीजी) और स्नातक स्तर (यूजी) की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे असम के राज्यपाल आचार्य सुबह 10 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए।

# मंत्रियों के फोन टैप के आरोपों पर मांगी रिपोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वाम मोर्चे के विधायक पीवी अनवर के उन आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन से रिपोर्ट मांगी है कि पुलिस ने मंत्रियों के फोन टैप कराए थे और कुछ पुलिस अधिकारी अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूत्र ने खुलासा किया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सरकार की कार्रवाई पर जानकारी मांगी है। राजभवन पुलिस द्वारा मंत्रियों के फोन टैप कराने पर उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन मानता है।

# बातचीत को फिर बुलाए गए डॉक्टर

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल सरकार ने महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की घटना से उत्पन्न गतिरोध पर बातचीत के लिए बुधवार को फिर कनिष्ठ चिकित्सकों को आमंत्रित किया। सरकार ने उन्हें राज्य सचिवालय नबान्न में होने वाली बैठक में शामिल होने को कहा है। चिकित्सकों ने जवाबी पत्र भेजकर मांग की कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मौजूद रहें और बैठक में 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को शामिल होने की अनुमति दी जाए। इससे पहले दिन में तीन बजकर 49 मिनट पर चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ई-मेल भेजकर गतिरोध पर चर्चा के लिए समय मांगा था। जिसके जवाब में सरकार ने उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित करते हुए 12-15 प्रतिनिधियों के इसमें शामिल होने को कहा गया था।

### कोर्ट की अवज्ञा पर तृणमूल नेता ने डॉक्टरों राष्ट्र-विरोधी कहा

**कोलकाता।** टीएमसी नेता ने मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवहेलना करने पर कनिष्ठ चिकित्सकों की निंदा की और उन्हें राष्ट्र–विरोधी करार दिया। उत्तर 24 परगना के बदुरिया के तृणमूल कांग्रेस नेता चंदन मुखोपाध्याय को पार्टी कार्यक्रम की कथित वीडियो में यह टिप्पणियां करते हुए सुना गया है। इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

# महिला आरोपी को अदालत ने जमानत देने से किया इनकार

### संसद सुरक्षा का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा के उल्लंघन में गिरफ्तार एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि आजाद के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सत्य हैं। इसलिए, इस अदालत को नहीं लगता कि यह नीलम को नियमित जमानत देने का उपयुक्त मामला है और मौजूदा जमानत याचिका रद की जाती है। न्यायाधीश ने कहा कि आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा संसद को निशाना बनाने की धमकी के बारे में पहले से जानकारी थी।





# रोहित, कोहली और पंत होंगे बड़े खिलाड़ी : लियोन

मुंबई, एजेंसी

अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट शृंखला में रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत का प्रदर्शन देखने लायक होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की शृंखला 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही है जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

लियोन ने यह भी चेतावनी दी है कि मेहमान टीम के पास इन बड़े खिलाड़ियों के अलावा एक शानदार लाइन-अप है जिससे मेजबान टीम के लिए चीजें काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। उन्होंने कहा रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत शायद तीन बहुत बड़े खिलाड़ी होंगे। लेकिन फिर भी आपके पास यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा हैं। मुझे नहीं पता कि और अन्य पांच खिलाड़ी कौन होंगे, हालांकि लियोन को भरोसा है कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम लंबे समय तक गेंदबाजी इकाई के रूप में प्रदर्शन करती है तो यह उनके लिए फायदेमंद होगा, लेकिन उनके पास एक बेहतरीन लाइन-अप है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। जैसा कि मैंने कहा कि अगर हम एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर लंबे समय तक अच्छे रहे तो उम्मीद है कि हम उनके डिफेंस को चुनौती दे सकते हैं।



- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू होगी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट शृंखला

2014-15 में घरेलू मैदान पर अपनी आखिरी शृंखला में जीत के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम शृंखला जीतने में विफल रही है। तब से भारतीयों ने लगातार चार मौकों पर शृंखला जीती है जिसमें से दो बार उन्होंने घरेलू मैदान और दो बार प्रतिद्वंद्वी के मैदान पर जीत दर्ज की है जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शृंखला जीतने वाली एकमात्र एशियाई टीम भी बन गई और टीम ने कई मौकों पर खिताब जीता। कुल मिलाकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो भारत सबसे सफल टीम है जो 10 बार इसे जीत चुकी है और उसने एक बार खिताब भी बरकरार रखा है।



# भारत में एसजी गेंद का सामना करना मुश्किल होगा : लिटन

**ढाका।** लिटन दास पाकिस्तान में हुई टेस्ट शृंखला में मिली ऐतिहासक 2-0 की जीत के दौरान बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी रहे और उनका मानना है कि भारत में लाल रंग की एसजी टेस्ट गेंद का सामना करना टीम के लिए पूरी तरह से अलग होगा जो काफी मुश्किल परीक्षा होगी।

लिटन ने दो टेस्ट में 56 और 138 रन की पारी खेली। वह 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला के दौरान कप्तान नजमुल हुसैन शांटो, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और युवा शादमान इस्लाम के साथ एक बार फिर बांग्लादेश के बल्लेबाजी लाइन के अहम खिलाड़ी होंगे। पाकिस्तान में टेस्ट मैच कूकाबुरा गेंद से खेले गए थे जो श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका द्वारा घरेलू मैदानों पर इस्तेमाल की जाती है। लिटन ने कहा भारत में गेंद अलग होगी। एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल होता है। हम टेस्ट में सुधार कर रहे हैं, इसलिये हमें इस प्रारूप में थोड़ा और निरंतर होना चाहिए।

## खेल डायरी

### अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा और बेल्जियम ने डेविस कप फाइनल्स में पहले दौर के मुकाबले जीते

**वालेंशिया (स्पेन)।** जर्मनी ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बिना भी स्लोवाकिया को 3-0 से हराया जबकि 2023 के उपविजेता आस्ट्रेलिया ने फ्रांस को डेविस कप फाइनल्स के पहले मुकाबले में मात दी। चारों ग्रुप के मुकाबले चार अलग अलग शहरों में शुरू हुए। अंतिम आठ चरण के मुकाबले नवंबर में स्पेन के मालागा में खेले जाएंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप सी में जर्मनी ने स्लोवाकिया को हराया। चीन के जुहाई में इस ग्रुप के एक अन्य मैच में 32 बार के विजेता अमेरिका ने चिली को 2-0 से हरा दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में फ्रांस को 2-1 से मात दी। ग्रुप डी में कनाडा ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया जबकि ग्रुप ए में बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी अंतर से मात दी।

### युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को किया रिटेन, कई भारतीय भी

**फ्लोरिडा।** युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के तीसरे सत्र के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में खेली जाने वाली लीग से पहले पांचों फ्रेंचाइजी एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं। एनजे टाइटंस ने आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर समेत छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है।

### आईसीसी के अलार्डिस ने कहा- भारत में वनडे विश्व कप कराने से 1.39 अरब डॉलर का हुआ आर्थिक लाभ

**दुबई।** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए एकदिवसीय विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा हुआ जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विश्व कप था। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने कहा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपये) का आर्थिक लाभ हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, मेजबान शहरों में पर्यटन क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।

### दक्षिण अमेरिका विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया, खली मेस्सी की कमी

**बोगोटा (कोलंबिया)।** जेम्स रौड्रिगेज के पेनल्टी पर किये गए गोल की मदद से कोलंबिया ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अर्जेंटीना को लियोनेल मेस्सी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं। कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। रौड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था। अन्य मुकाबलों में बोलिविया ने चिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी। वेनेजुएला और उरूग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर से शीर्ष छह टीमें 2026 विश्व कप में सीधे जगह बनाएंगी।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : राजकुमार की हैट्रिक से मलेशिया को 8-1 से दी शिकस्त

- सेमीफाइनल में पहुंची टीम, आज कोरिया से होगा सामना
- 14 को पाकिस्तान से होगा भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



मलेशिया के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

युवा स्ट्राइकर राजकुमार पाल की हैट्रिक के दम पर गत विजेता भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ बुधवार को यहां हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। राजकुमार (तीसरा, 25वां और 33वां मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंडल (छठा और 39वां मिनट), जुगराज सिंह (सातवां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वां मिनट) और उत्तम सिंह (40वां मिनट) ने गोल दागे। मलेशिया के लिये अखिमुल्लाह अनवर (34वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत तीन मैच जीतकर नौ अंक के साथ शीर्ष पर है।

छह टीमों का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जा रहा है जिसमें शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3-0 से और जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का सामना गुरुवार को कोरिया से और शनिवार को पाकिस्तान से होगा। भारत और मलेशिया के बीच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम हाफटाइम तक 1-3 से पीछे थी जिसके बाद वापसी करके 4-3 से जीत दर्ज करके खिताब जीता। भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पांच फील्ड गोल किए जबकि जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही क्वार्टर में लगातार हमले बोले।

राजकुमार ने तीसरे ही मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले दम पर गेंद को गोल के भीतर डाला। तीन मिनट बाद अराइजीत ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। एक मिनट बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर भारत को पहले ही क्वार्टर में 3-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने आक्रामक शुरूआत की और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 22वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर हरमनप्रीत ने गोल किया। कुछ मिनट बाद राजकुमार ने अराइजीत और उत्तम के शानदार मूव पर अपना दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में राजकुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक पूरी करते हुए विवेक सागर प्रसाद के पास पर तीसरा गोल किया। मलेशिया के लिए इस बीच अनवर ने एक गोल दागा। भारत के लिए अराइजीत ने नीलाकांता के पास पर गोल किया जबकि उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल दागा। इससे पहले एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया।

# शुक्रिया श्रीजेश : प्रधानमंत्री ने लिखा श्रीजेश को पत्र

**नई दिल्ली।** हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नये राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।




तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है । मुझ पर विश्वास जताने के लिये धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।

# तीसरे दिन बारिश ने धोया टेस्ट

- गीली आउटफील्ड के चलते अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच मुश्किल ही होगा ये टेस्ट मैच

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी



ग्रेटर नोएडा के मैदान पर लगातार तीसरे दिन बिछे रहे कवर। ● एजेंसी

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार है। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी । मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सकता है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे। बीसीसीआई मैच को शुरू कराने के लिये हर संभव मदद कर रहा है। मंगलवार की शाम अरूण जेटली स्टेडियम से अतिरिक्त कवर मंगवाये गए लेकिन जिन जगहों को ढका नहीं जा सका, वहां पानी जमा हो गया। न्यूजीलैंड टीम ने मंगलवार को अभ्यास किया लेकिन बुधवार को टीमें मैदान पर नहीं आई। अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट को छोड़कर कोई खिलाड़ी नहीं आया।

अगले दो दिन और बारिश की आशंका है और लगता नहीं कि मैच आगे हो सकेगा। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद किये गए हों। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता।

### 18 वर्ष से कम उम्र वाले मुफ्त में लेंगे टी-20 विश्व कप का मजा

**दुबई।** तीन अक्टूबर से शुरु होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप लिए आईसीसी ने किफायती मूल्य वाले टिकटों की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने तीन से 20 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिरहम से शुरू होने वाले टिकटों और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) बोर्ड के सदस्य जैद अब्बास के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम आयोजन की विरासत पर ईसीबी और दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ भी काम करेंगे। हम 500 से अधिक लड़कियों को खेल में शामिल होने और क्रिकेट का पहला मजेदार अनुभव देने का मौका देने के लिए क्रियो फेस्टिवल आयोजित करेंगे।

# महिला टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की संभावनाएं प्रबल

वेलिंगटन, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के सहायक कोच मैकमिलन ने कहा- बेट्स और डिवाइन के लिए सुनहरा मौका

न्यूजीलैंड के सहायक कोच क्रेग मैकमिलन का मानना है कि अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में उनकी टीम की संभावनाएं प्रबल हैं। न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। टीम में युवा जोश और अनुभव का संगम है।

बेट्स और डिवाइन न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं, यह कीवी टीम की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही टूर्नामेंट के हर संस्करण में शामिल रही है। यह जोड़ी दो बार न्यूजीलैंड (2009,2010) के साथ प्रतियोगिता में उपविजेता रही और अन्य दो मौकों (2012,2016) में सेमीफाइनल तक पहुंची। मैकमिलन ने कहा जब वे (डिवाइन और बेट्स) रिटायर हो जाएंगे, तो वे न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन जाएंगे। मुझे हमारे पास मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने वाले युवाओं के साथ संतुलन पसंद है, लेकिन हमें जो चाहिए वह है कि हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार अपना काम करे और अगर ऐसा होता है, तो आप कभी नहीं जान सकते कि विश्व कप के समय क्या हो सकता है।

## बॉलीवुड हलचल





# सिद्धांत की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर लॉन्च

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च किया। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म युध्रा के साथ एक अनोखा एक्शन अनुभव लेकर आ रहा है। हाई-एनर्जी वाले ट्रेलर और कैची गानों के बाद, सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च कर दिया है। सिद्धांत ने मुंबई के गेयटी गैलेक्सी में हजारों फैंस और मीडिया के सामने एक्शन से भरपूर ट्रेलर 2 को लॉन्च किया है। यह एक जोशीला और रोमांचक पल था, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी की मौजूदगी ने फैंस को दीवाना बना दिया। एक्शन और एक्साइटमेंट से भरपूर, युध्रा का ट्रेलर 2 सिद्धांत चतुर्वेदी द्वारा निभाए गए निडर और तेज युध्रा और राघव जुयाल द्वारा निभाए गए खतरनाक विलेन शफीक के बीच एक खतरनाक लड़ाई दिखाता है। एक बड़े शो डाउन और दमदार डायलॉग्स के साथ, ट्रेलर यह साफ करता है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट हैं।

# संजय दत्त ने किया एलान, मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी और उनके पति फिल्मकार कमाल अमरोही के जीवन पर फिल्म बनाई जाएगी। मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्माण कमाल अमरोही के पोते बिलाल अमरोही कर रहे हैं। संजय दत्त ने कमाल और मीना नाम की इस अपकमिंग फिल्म का एलान किया है। कमाल और मीना फिल्म के मोशन वीडियो को संजय दत्त ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में मीना कुमारी और कमाल अमरोही की प्रेम कहानी से संबंधित किस्सों को दिखाया जा रहा है। बैकग्राउंड में फिल्म पाकीजा का चलते-चलते सॉन्ग भी सुनाई देगा। अंत में कमाल और मीना टाइटल सामने आता है। इसके कैप्शन में संजय ने लिखा है- डियर साची और बिलाल, नए वेंचर के लिए आपको शुभकामनाएं। ये सफल हो, संजय मामू का प्यार आप पर हमेशा रहेगा। ये फिल्म जरूर देखें।



# देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर का कहना है कि फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर ने अपना सर्वश्रेष्ठ काम किया है। करण जौहर, ने फिल्म देवरा के नार्थ इंडिया के वितरण के अधिकार हासिल किए हैं। करण जौहर ने हाल ही में देवरा ट्रेलर लॉन्च में जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर और सैफ अली खान की उनके अभिनय की प्रशंसा की। फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, करण जौहर ने कहा और मैं अपनी बेटी (जान्हवी) के बारे में क्या कहूँ जो सचमुच सोने में चमक रही है, हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही है। मुझे अभी भी वह पल याद है जब तारक और मैंने जान्हवी को देवरा में कास्ट करने के बारे में बात की थी और मेरे लिए, जब उसने वास्तव में प्रदर्शन करना शुरू किया तो मैं एक गौरवान्वित पिता की तरह महसूस कर रहा था। और तारक के साथ कदम मिलाना कोई आसान काम नहीं है, उसने वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। करण जौहर ने जूनियर एनटीआर के साथ अपनी दोस्ती, सैफ अली खान के प्रति अपनी प्रशंसा और जान्हवी कपूर के प्रदर्शन पर अपने गर्व को उजागर किया। करण जौहर ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत ब्रह्मास्त्र की सफलता का श्रेय जूनियर एनटीआर को दिया। जब ब्रह्मास्त्र को दक्षिण में रिलीज मिल रही थी। फिल्म आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली के प्रचार में मदद की थी ।मुझे याद है जब उन्होंने हैदराबाद में सभी के सामने ब्रह्मास्त्र प्रस्तुत किया था। यह हमारे लिए एक बड़ा क्षण था, इतने बड़े मेगास्टार ने एक और फिल्म के बारे में बात करने के लिए अपनी सीमा से बाहर जाकर काम किया। इससे दक्षिण भारत में फिल्म के व्यवसाय में मदद मिली, और उन्होंने वास्तव में ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस पर प्रभाव डाला।



## देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं सैफ अली खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान फिल्म देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा पार्ट 1 से सैफ अली खान तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा- पार्ट 1 में सैफ अली खान एक खूंखार विलेन की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म में वह जूनियर एनटीआर से टक्कर लेते दिखाई देंगे। इस फिल्म में सैफ भैरा के नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। सैफ अली खान ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो, जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड था कि मुझे साउथ में इतने बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिला है ।साउथ इंडस्ट्री ने हमें कई फिल्में दी हैं और मुझे लगता है कि फ्यूचर में और भी ब्लॉकबस्टर फिल्में हमें मिलेंगी। निर्देशक कोराताला शिवा ने ओमकारा जैसी फिल्मों में उनके पिछली परफॉर्मेंस के आधार पर मुझे यह भूमिका ऑफर की। ओमकारा के लिए मैं विशाल जी का शुक्रगुजार हूँ। देवरा के लिए मैं बहुत रोमांचित था, यह बहुत बड़ी फिल्म है। भैरा एक एंटी-हीरो, एक सीधा-सादा विलेन है। इसे निभाना वाकई बहुत बढ़िया था। भैरा के किरदार में आपको यंग वर्जन, ओल्ड वर्जन देखने को मिलेंगे। जूनियर एनटीआर एक बेहतरीन कलाकार, बहुत मिलनसार इंसान हैं। पहले दिन हमने खूब हंसी-मजाक किया और जब मैं शॉट का इंतजार कर रहा था, तब वह मेरी वैन में आए और उन्होंने मुझे बहुत अच्छा महसूस कराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान पहुंचे बगदाद

**बगदाद।** ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बुधवार को राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू की और उन्हें उम्मीद है कि इससे तेहरान के बगदाद के साथ संबंधों को मजबूती मिलेगी क्योंकि क्षेत्रीय तनाव दोनों देशों को पश्चिम एशिया में बढ़ती अशांति की ओर धकेल रहा है। ईरान के लिए इराक के साथ उसके संबंध आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक कारणों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं। यह बात विशेष रूप से तब से सच हो गई है जब 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला हुआ, जिसके बाद तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटा दिया गया। सद्दाम ने 1980 के दशक में ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था जो वर्षों तक चला।

### न्यूजीलैंड ने दी मंकी पॉक्स वैक्सीन को मंजूरी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की सरकार ने मंकी पॉक्स के दो नए पुष्ट मामलों पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए इसके वैक्सीन के उपयोग को मंजूरी प्रदान कर दी है। न्यूजीलैंड के चिकित्सा सुरक्षा प्राधिकरण 'मेडसेफ' ने मंकी पॉक्स वैक्सीन जिनियोस को अनंतिम मंजूरी प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री शेन रेती ने बुधवार को बताया कि औषधि अधिनियम में एक विशिष्ट प्रावधान के अंतर्गत, सबसे ज्यादा जोखिम वाले लोगों में मंकी पॉक्स को रोकने के लिए 2023 से न्यूजीलैंड में जिनियोस का उपयोग किया जा रहा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि न्यूजीलैंड ने मंकी पॉक्स के दो नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिनके अगस्त में क्वीन्सटाउन विंटर प्राइड कार्यक्रम से जुड़े होने का अनुमान है।

### एशिया दौरे के तहत सिंगापुर पहुंचे पोप फ्रांसिस

**सिंगापुर।** रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस अपने एशिया दौरे के आखिरी चरण में बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। 87-वर्षीय पोप तिमोर-लेस्ते के दिली हवाई अड्डे से स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11:20 बजे 'चार्टर्ड' विमान से रवाना हुए और अपराह्न 2:50 बजे यहां पहुंचे। पोप फ्रांसिस का एशिया दौरा दो सितंबर से शुरू हुआ। वह पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया भी गए और यह उनकी अब तक की सबसे लंबी यात्रा है। सिंगापुर में 1986 के बाद से यहां किसी पोप की यह पहली यात्रा है, उस समय दिवंगत पोप जॉन पॉल द्वितीय ने यहां पांच घंटे का प्रवास किया था।

### नेतन्याहू की गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग

**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के एक अभियोक्ता करीम खान ने प्री-ट्रायल चैंबर से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है। अभियोक्ता ने दलील दी कि गिरफ्तारी वारंट यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि वे जांच या अदालती कार्यवाही में बाधा न डालें या कथित अपराधों और/या अन्य इटली से संविधि अपराधों को जारी रखने से न रोकें। करीम खान ने सोमवार को आईसीसी अपील की। करीम ने मई में कहा था कि अदालत से युद्ध अपराध करने के आरोप में नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की जा रही है।

### इजराइली हमले में पांच फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह।** वेस्ट बैंक के शहर टुबास में इजराइली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इजराइली सैन्य बलों ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर छापे मारे , जिन पर सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों के सदस्य होने का आरोप है। हमले में पांच फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। टुबास के गवर्नर अहमद अल-असद ने कहा कि इजराइली सेना ने टुबास और पड़ोसी शहर तमून में बड़ी संख्या में सैनिकों को भेजकर फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहने की चेतावनी दी है।

### भारतीय मूल की लेखिका ने जीता साहित्य पुरस्कार

**सिंगापुर।** सिंगापुर की 'नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी' में भारतीय मूल की एक व्याख्याता ने अंग्रेजी भाषा में लिखी अपनी लघुकथा 'नाइन यार्ड साड़ीज' के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता है। प्रशांति राम (32) की यह पहली रचना 2023 के अंत में प्रकाशित हुई थी। कहानी का ताना बाना सिंगापुर, सिडनी, न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में फैले तमिल ब्राह्मण परिवार की पीढ़ियों के इर्द गिर्द बुना गया है। प्रशांति ने अपनी रचना को पुरस्कृत किए जाने पर कहा कि मुझे बिल्कुल यकीन नहीं हो रहा है। मैं बहुत आभारी हूं कि निर्णय लेने वालों ने 'नाइन यार्ड साड़ीज' में खूबियां देखी खासकर तब जब मैंने ये किताब अपने दिवंगत पिता की देखभाल करते हुए लिखी थी।

# मलाइका के पिता अनिल अरोड़ा ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी



- बांद्रा इलाके में एक इमारत की छठी मंजिल से कूदकर दी जान
- मलाइका व बहन अमृता अरोड़ा ने इस संबंध में जवाब नहीं दिया

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने बुधवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित एक इमारत की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना पूर्वाह्न करीब नौ बजे की है। अधिकारी ने बताया कि बांद्रा पुलिस की एक टीम ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चली है। अधिकारी के अनुसार उन्होंने प्रक्रिया के तहत उस इमारत के परिसर की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जहां अनिल अरोड़ा का शव मिला था।

पुलिस ने वारदात की जानकारी जुटाने के लिए इमारत के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। अस्पताल में अरोड़ा का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इस बीच एक सूत्र ने कहा कि यह सच है कि मलाइका के पिता की आज सुबह मृत्यु हो गई, उन्होंने आत्महत्या नहीं की है, यह एक हादसा था। सब सदमे में हैं क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी या ऐसी कोई बात नहीं थी। मलाइका और उनकी बहन अमृता अरोड़ा ने इस घटना के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया।

# आधार कार्ड रखें सेफ, लॉक करके रखें पर्सनल डिटेल्स




आधार कार्ड में मौजूद आपके बायोमैट्रिक डेटा का गलत इस्तेमाल हो सकता है। साइबर अपराधी आपकी आधार डिटेल्स चुरा सकते हैं। ऐसे में आपको आधार कार्ड लॉक करने के बारे में जरूर सोचना चाहिए। बहुत कम आधार कार्ड होल्डर को जानकारी है कि वे अपना आधार कार्ड लॉक कर सकते हैं जिससे कोई उनकी व्यक्तिगत जानकारी चुरा न सके। जी हां, यूआईडीएआई की ओर से आधार कार्ड को लॉक-अनलॉक करने की सुविधा दी जाती है जिसका उपयोग कर आप साइबर अपराधियों से बच सकते हैं। एक बार यदि आप अपने आधार कार्ड को डिजिटली लॉक कर लेते हैं तो आपके बायोमैट्रिक डेटा का गलत इस्तेमाल संभव नहीं हो सकेगा। आइए जानते हैं इसे करने का तरीका।

### ऑनलाइन कैसे लॉक करें आधार कार्ड

सबसे पहले यूआईडीएआई की अधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। सबसे ऊपर माई आधार ऑप्शन पर क्लिक करने की जरूरत होगी। सारे ऑप्शन में लॉक/अनलॉक बायोमेट्रिक्स ऑप्शन पर क्लिक करें। अब लॉक/अनलॉक ऑप्शन पर क्लिक करें।

सारी जानकारियों को पढ़ कर नेक्स्ट पर क्लिक करें। वर्चुअल आईडी, नाम, पिनकोड और कैप्चा एंटर कर सेंड पर क्लिक करें। आधार कार्ड पर पंजीकृत फोन नंबर पर आए हुए ओटीपी को एंटर करें। एंटर दबाते हैं स्क्रीन पर आधार कार्ड बायोमेट्रिक लॉक होने की सूचना जाएगी।

### वर्चुअल आईडी कैसे करें जनरेट

लॉक/अनलॉक आधार के लिए आधार कार्ड धारक के पास 16 डिजिट की वर्चुअल आईडी होना जरूरी है। इसी आईडी को आधार धारक 1947 पर एसएमएस भेज कर जनरेट कर सकते हैं। इसके लिए 1947 पर अपने आधार नंबर के चार आखिरी डिजिट को आरवीआईडी में फॉर्मेट में भेजें। जिसके बाद आपके फोन पर आपका वर्चुअल आईडी नंबर आ जाता है।

### क्या होती है वर्चुअल आईडी

आधार कार्ड का इस्तेमाल बहुत से कामों में होता है। लेकिन क्या आप जानते बिना आधार नंबर के भी आधार कार्ड वाला किया जा सकता है। जी हां इसके लिए आपको वर्चुअल आईडी की जरूरत होगी।आधार कार्ड में वर्चुअल आईडी एक 16 डिजिट का नंबर होता है। इस वर्चुअल आईडी को आधार नंबर की जगह ऑथेंटिकेशन और ई-केवाईसी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कैसे कर सकते हैं इस्तेमाल

- आधार नंबर की जगह वर्चुअल आईडी इस्तेमाल की जा सकती है।
- वर्चुअल आईडी से आधार नंबर का पता नहीं लगाया जा सकता है।
- आधार कार्ड में वर्चुअल आईडी एक 16 डिजिट का नंबर होता है।

### इनमें आएगी काम

- बैंक खाता खुलवाना
- सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन करना
- ई-केवाईसी प्रॉसेस
- आधार पीवीसी कार्ड या ई-आधार डाउनलोड करना
- सरकार द्वारा मिल रही सब्सिडी का लाभ उठाना
- पासपोर्ट के लिए तुरंत आवेदन करना
- वर्चुअल आईडी के प्रयोग से नई बीमा पॉलिसी खरीदना

# हैरिस ने कई मुद्दों पर दी ट्रंप को चुनौती

## प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों प्रत्याशियों में हुई गर्मा-गर्म बहस, रखा अपना-अपना पक्ष

वाशिंगटन, एजेंसी



- कमला हैरिस ने अमेरिकी विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, गर्भपात जैसे विषय बहस के दौरान उठाए
- पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा प्रशासन के प्रदर्शन को बताया निराशाजनक

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को पहली बार आमना-सामना हुआ और हैरिस ने अमेरिकी विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, सीमा सुरक्षा और गर्भपात जैसे विषयों पर ट्रंप को चुनौती दी। ट्रंप के साथ इस बहस के दौरान हैरिस पूर्व में 'प्रेसिडेंशियल डिबेट' में राष्ट्रपति जो बाइडन के निराशाजनक प्रदर्शन को ढकने का भरपूर प्रयास करती दिखीं। पूर्व राष्ट्रपति ने जब मौजूदा प्रशासन की निंदा की तो उपराष्ट्रपति हैरिस ने उनसे कहा कि आप जो बाइडन के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। आप मेरे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। बहस की शुरुआत मंगलवार को दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर की, लेकिन बाद में यह तीखे आक्रामक प्रहार में बदल गई।

पेन्सिलवेनिया में 90 मिनट चली इस बहस के दौरान हैरिस (59) ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि आपने आज रात देश के लिए दो बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण सुने। एक जो भविष्य पर केंद्रित है और दूसरा जो अतीत पर केंद्रित है तथा हमें पीछे की ओर ले जाने वाला है, लेकिन हम पीछे नहीं जा रहे हैं।

### कार्यकाल में क्यों नहीं पूरे किए वादे: ट्रंप

ट्रंप (78) ने हैरिस से पूछा कि आखिर अभी वह जो वादें कर रही हैं उसे उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन और अपने नेतृत्व वाले प्रशासन में इन साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में क्यों नहीं किया। पूर्व राष्ट्रपति ने बहस के समापन में अपनी टिप्पणी में कहा कि सीमा विवाद सुलझाने, रोजगार पैदा करने और जिन भी चीजों पर हमने बात की, इसके लिए आपके पास साढ़े तीन साल थे। तब ऐसा क्यों नहीं किया?

### ट्रंप गर्भपात पर प्रतिबंध विधेयक लाएंगे : हैरिस

कमला हैरिस ने कहा कि अगर ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बनते हैं तो वह राष्ट्रीय गर्भपात प्रतिबंध विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि एक राष्ट्रीय गर्भपात निगरानी तंत्र होगा, जो आपकी गर्भावस्था, आपके गर्भपात की निगरानी करेगा। ट्रंप ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि गर्भपात की नीति राज्यों द्वारा तय की जानी चाहिए। कहा कि हैरिस झूठ बोल रही हैं। मैं ऐसे विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने वाला हूं।

### डिबेट में हैरिस का प्रदर्शन रहा बेहतर

अमेरिका के कई कमेंटेटर ने कहा कि बहस के दौरान हैरिस ने बेहतर प्रदर्शन किया। फॉक्स न्यूज ने भी कहा कि ट्रंप-हैरिस मुकाबले में वह एक स्पष्ट विजेता बनकर उभरीं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि चुनाव अभी खत्म हो गया है।

### ...मिट जाएगा इजराइल का अस्तित्व : ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस पर इजराइल से नफरत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बन गईं तो यहूदी राष्ट्र का दो साल के भीतर अस्तित्व मिट जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया में हैरिस के साथ बहस के दौरान कहा कि अगर वह राष्ट्रपति होते तो इजराइल-हमास युद्ध कभी शुरू नहीं होता। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कांग्रेस में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाषण देने आए थे, तब भी वह (हैरिस) उनसे नहीं मिलीं।

# भारत में पिछले 10 वर्षों में लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया

वाशिंगटन, एजेंसी



- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता में की टिप्पणी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। गांधी ने मंगलवार को यहां 'नेशनल प्रेस क्लब' में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा कि मैं आपको यह बता सकता हूं कि पिछले वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया, अब वह फिर से पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे नुकसान पहुंचाया गया था। गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार हमसे छीन ली गई। मैंने देखा है कि कैसे हमारे विधायकों को खरीद लिया गया और उन्हें फंसा दिया गया और वे अचानक भाजपा के विधायक बन गए। तो इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र खतरे में रहा है, इसे बुरी तरह से कमजोर किया गया। मुझे भरोसा है कि यह फिर से मजबूत होगा।

उन्होंने प्रश्नात्मक लहजे में कहा कि अगर आप चुनाव के नतीजों को देखें तो क्या यह आपको भारत में लोकतंत्र के लिहाज से अधिक आशान्वित करता है?' उन्होंने कहा कि मेरा मतलब है कि उम्मीद तो है लेकिन इतना भर कहना काफी नहीं है कि भारतीय मतदाता अपने विचार बदलते रहते हैं और ज्ञानवान हैं। भारतीय मतदाता एक पूरी ढांचागत प्रक्रिया के तहत सूचना प्राप्त करता है। तो अगर हमारे पास समान अवसर नहीं हों तो मतदाता भले ही समझदार और अपना विचार बदलते रहने वाले हों, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।

### विदेश नीति पर सरकार के साथ होने का संकेत

राहुल गांधी ने संकेत दिया कि कांग्रेस विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे कि अमेरिका के साथ संबंध, आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं, बांग्लादेश और इजराइल में चरमपंथी तत्वों को लेकर चिंताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के साथ है।

### राहुल-इल्हान मुलाकात पर भाजपा ने घेरा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिकी सांसद इल्हान उमर और अन्य से राहुल गांधी की मुलाकात को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भारत-विरोधी रुख के लिए पहचाने जाने वाले लोगों से विदेशों में मुलाकात कर खतरनाक और शरारतपूर्ण गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में कहा कि गांधी पहले बचकानी गतिविधियों में लिप्त रहते थे, लेकिन अब वह खतरनाक और शरारतपूर्ण गतिविधियों में लिप्त हैं। कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि एक नेता प्रतिपक्ष ने घोषित भारत-विरोधी सांसद से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

### रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की दी गई धमकी

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के रामदेवरा कस्बे में स्थित रामदेव मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार रात पोखरण रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर एक व्यक्ति द्वारा पर्ची छोड़कर रामदेवरा मंदिर को वहां चढ़ाए जा रहे कपड़े के घोड़े में बम रखकर उड़ाने की धमकी दी गई है।

इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पूरे रामदेवरा मेला को पुलिस एवं गुप्तचर एजेसियों ने अपने घेरे में लेते हुए निगरानी बढ़ा दी हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि मंगलवार रात जिले के पोखरण रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर किसी ने एक पर्ची छोड़ी जिसमें रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

# ज्यादातर अमीर भारतीय अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजते हैं विदेश

मुंबई, एजेंसी

- एक अध्ययन रिपोर्ट में दी गई इस आकलन की जानकारी
- मार्च में 1,456 भारतीयों के बीच किया गया था यह सर्वेक्षण

तीन-चौथाई से अधिक अमीर भारतीयों ने अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा है या भविष्य में ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। मार्च में 1,456 भारतीयों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया था। इन लोगों के पास 84 लाख रुपये (एक लाख डॉलर) से लेकर लगभग 17 करोड़ रुपये (20 लाख डॉलर) के बीच निवेश-योग्य अधिशेष था। अध्ययन में पाया गया कि अच्छी आर्थिक हैसियत वाले भारतीयों में अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ाने की तीव्र इच्छा है। अध्ययन में शामिल 78 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने बच्चों को विदेश में शिक्षा दिलाने के इच्छुक हैं।

विदेशी ऋणदाता एचएसबीसी की तरफ से कराए गए ''वैश्विक जीवन गुणवत्ता, 2024'' सर्वेक्षण के मुताबिक, भारतीयों के लिए शीर्ष विदेशी गंतव्य अमेरिका है और उसके बाद ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर का स्थान आता है। अध्ययन में कहा गया है कि बच्चों के लिए विदेश में पढ़ाने की चाहत इतनी अधिक है कि माता-पिता उसे पूरा करने के लिए वित्तीय तनाव भी झेलने को तैयार हैं। हालांकि शिक्षा में निवेश के लिए उन्हें सेवानिवृत्ति के लिए की गई बचत की बलि भी देनी पड़ सकती है। विदेश में पढ़ाई करने की अनुमानित या वास्तविक वार्षिक लागत 62,364 डॉलर है। इसमें माता-पिता की सेवानिवृत्ति बचत का 64 प्रतिशत तक खर्च हो सकता है।

अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों के माता-पिता विदेश में पढ़ाने के लिए अपनी सामान्य बचत में से पैसा निकालते हैं, ऋण लेते हैं और संपत्ति भी बेच देते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि विदेशी शिक्षा को अहमियत देने के पीछे प्राथमिक कारण विदेशी शिक्षा की गुणवत्ता है जबकि किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने की संभावना दूसरे स्थान पर है। सर्वेक्षण के मुताबिक, जब कोई युवा पढ़ाई के लिए विदेश जाता है तो माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता वित्त जुटाने की होती है।

### बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख को हिरासत में भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एकेएम शाहिदुल हक को हाल ही में छात्र आंदोलन के दौरान व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ढाका के मजिस्ट्रेट अली हैदर ने जांच अधिकारी उप-निरीक्षक बैजिद बोस्तामी द्वारा सात दिन की रिमांड के बाद शाहिदुल की हिरासत का अनुरोध करने के बाद आदेश जारी किया। शाहिदुल को कानून प्रवर्तन द्वारा तीन सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 19 जुलाई को न्यू मार्केट पुलिस स्टेशन के तहत नीलखेत इलाके में एक छात्र विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में अब्दुल वदूद की मौत हो गई।

# तमिलनाडु में निवेश बढ़ाने को फोर्ड अफसरों से वार्ता

चेन्नई, एजेंसी

- राज्य को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे : स्टालिन

तमिलनाडु में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को राज्य के साथ साझेदारी नवीनीकृत करने के लिए प्रमुख कार कंपनी फोर्ड के अधिकारियों के साथ बातचीत की। स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि फोर्ड मोटर्स की टीम के साथ बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। इसका उद्देश्य तमिलनाडु के साथ फोर्ड की तीन दशक की साझेदारी को नवीनीकृत करने की व्यवहार्यता के रास्ते तलाशना था। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि तमिलनाडु विभिन्न आर्थिक संकेतकों में भारत में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरकर सामने आया है। इस प्रगति को बनाए रखने, बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने, ज्यादा रोजगार उत्पन्न करने विशेषकर युवाओं और महिलाओं के लिए और उनके जीवन की गुणवत्ता को ऊपर उठाने के लिए, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तमिलनाडु सरकार 2030 तक राज्य को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है।

स्टालिन औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। स्टालिन ने विश्व की विभिन्न अग्रणी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को तमिलनाडु में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

# अडाणी समूह से समझौते के खिलाफ केन्या में प्रदर्शन

नैरोबी, एजेंसी

- प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा
- समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा

केन्या सरकार और भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह के बीच हुए एक समझौते के विरोध में बुधवार को देश के मुख्य हवाई अड्डे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा और सैकड़ों यात्री हवाई अड्डे पर फंसे रहे। सरकार ने कहा है कि अडाणी समूह के साथ निर्माण और संचालन समझौते के तहत जोमो केन्याटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नवीनीकरण किया जाएगा और एक अतिरिक्त रनवे एवं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा। 'केन्या एयरपोर्ट वर्कर्स यूनियन' ने हड़ताल की घोषणा की और आरोप लगाया कि इस समझौते से लोगों के रोजगार जाएंगे और जिनकी नौकरियां बची रहेंगी उन पर सेवा की बेहद खराब नियम एवं शर्तें लगाई जाएंगी। नैरोबी में सेवा देने वाली विमानन कंपनी 'केन्या एयरवेज' ने घोषणा की कि हवाई अड्डे पर जारी हड़ताल के कारण विमानों के परिचालन में देरी होगी और संभवतः परिचालन रद करना पड़ेगा।

पिछले सप्ताह हवाई अड्डा कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार के साथ वार्ता लंबित रहने के कारण उन्होंने हड़ताल वापस ले ली थी।

### गाजा में इजराइली हेलिकॉप्टर क्रैश, दो लोगों की मौत

**यरूशलेम।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इजराइली सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो सैनिकों की मौत हो गई।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब इजराइली वायु सेना का ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर एक घायल सैनिक को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा था।

घटना में सात अन्य सैनिक घायल हो गए और बाद में उन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। बयान के मुताबिक प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि दुर्घटना दुश्मन की कार्रवाई के कारण नहीं हुई। घटना के कारणों की आगे की जांच वायु सेना कमांडर तोमर बार की एक समिति द्वारा की जा रही है।

# अब शायद ही देख सकेंगे सुपरनोवा की घटना

संवाददाता, नैनीताल

## बेटेलज्यूज तारे के सुपरनोवा को लेकर नए शोध में खुलासा



**अमृत विचार :** लाल सुपरजायंट तारा बेटेलज्यूज को अब हम शायद सुपरनोवा की घटना होते नहीं देख सकेंगे। एक नए शोध ने इसका खुलासा किया है। बेटेलज्यूज का एक साथी तारा भी है, जो बेटेलज्यूज को प्रभावित करता है। इसके सुपरनोवा बनने को लेकर वैज्ञानिकों की बरसों से पैनी नजर इस बनी रहती है।

बेटेलज्यूज तारामंडल ओरायन चमकीला तारा है, जो हमारे करीब का भी है। जिसे आसानी से देखा जा सकता है। हाल के वर्षों में इसकी चमक धीमी होती देखी गयी है। जिस कारण वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जल्दी समाप्त हो जाएगा और एक विस्फोट के साथ सुपरनोवा बन जाएगा। खास बात यह है कि माना जाता रहा है कि इस तारे के सुपरनोवा की घटना को हम अपनी आंखों से देख सकेंगे। यह एक दिलचस्प घटना होगी। जिसे शायद हम जीवनकाल में देख सकेंगे। यह भी माना जा रहा था कि इस घटना में होने वाले विस्फोट को हम कई हफ्ते देख सकते हैं। चंद्रमा के आकार के बराबर रोशनी आसमान में देखी जा सकती थी। मगर नए शोध ने पुराने शोधों पर पानी फेर दिया है। जिसमें बताया गया है कि बेटेलज्यूज एक तारा न होकर दो तारों का समूह है। इससे जुड़ा एक छोटा तारा है, जिसका द्रव्यमान हमारे सूर्य का 1.7 गुना हो सकता है। यह तारा 427 प्रकाश-वर्ष पृथ्वी से दूर है और हमारा नजदीकी तारा है। इसका रंग स्पष्ट रूप से लाल है और हल्की रोशनी के साथ चमकता है। नए शोध में खगोलविदों ने

बेटेलज्यूज मंद होते और चमकते 2170 रातों को अध्ययन किया। तब पता चला कि यह तारे बाइनरी सिस्टम में हैं। छोटा तारा इसकी चमक को प्रभावित करता है। जिस कारण बेटेलज्यूज कभी बेहद चमकता नजर आता है तो कभी उसकी चमक फीकी पड़ जाती है।

### इस शोध में शामिल थे तीन खगोलविद

इस शोध ने पुराने अध्ययनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह आसमान में होने वाली एक दुर्लभ घटना हो सकती थी, ब्रह्मांड के तारों के कई राज उजागर कर सकती थी। जिस कारण वैज्ञानिकों के बेटेलज्यूज आकर्षण के घेरे में था। स शोध में खगोलशास्त्री जेरेड एगोल्डबर्ग, मेरिडिथ जॉयस व लास्ज़लो मोल्नार शामिल हुए। जिन्होंने दावा किया कि बेटेलज्यूज अकेला तारा नहीं है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में इसका खुलासा किया गया है।